राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात: किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 मुंबई हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखायेंगे तेंदुलकर, भाग लेंगे ...

2 साल में 2 लाख युवाओं को नौकरी देगी सरकार, सीएम योगी का बड़ा ... 12

वर्ष : 15 | अंक : 133 | नई दिल्ली, शनिवार, 24 अगस्त, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 26.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**


| | |
|---|---|
| सोना | 71,105 |
| चांदी | 91,700 |
| सेंसेक्स | 78,886 |
| निफ्टी | 24,117 |

# यूक्रेन संकट के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भूमिका निभाने को तैयार है भारत : मोदी

प्रात : किरण

कीव/नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युद्ध में फंसे यूक्रेन को भारत की ओर से हर संभव मानवीय सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा देते हुए राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की को शुक्रवार को कहा कि यूक्रेन रूस के बीच युद्ध का समाधान बातचीत के जरिए निकाला जाना चाहिए। श्री मोदी ने कहा कि भारत यूक्रेन युद्ध का बातचीत से समाधान कराने के पक्ष में है और इसमें मित्र की भांति सक्रिय भूमिका निभाने के लिए हमेशा तत्पर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा राष्ट्रों की भौगोलिक अखंडता और संप्रभुता का सम्मान किये जाने के सिद्धांत में दृढ विश्वास रखता है। यूक्रेन की एक दिवसीय यात्रा पर आए श्री मोदी ने राष्ट्रपति जेलेंस्की से बातचीत में कहा कि उन्होंने मास्को की अपनी यात्रा में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से भी कहा था कि यह युद्ध का नहीं शांति का समय है।

मोदी ने कहा कि भारत शुरू से युद्ध से दूर रहा है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि भारत तटस्थ रहा है, भारत का पक्ष शांति का पक्ष है, भारत शांति के साथ खड़ा है। उन्होंने यूक्रेनी राष्ट्रपति से कहा एक मित्र



के नाते भारत और स्वयं वह शांति के प्रयास में हर संभव भूमिका निभाने के लिए सदैव तैयार हैं। प्रधानमंत्री ने अपनी कीव यात्रा को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि पहली बार भारत का कोई प्रधानमंत्री यूक्रेन की धरती पर आया है। उन्होंने यूक्रेन में अपने स्वागत के लिए राष्ट्रपति जलेंस्की का आभार व्यक्त किया। श्री मोदी ने यूक्रेन रूस युद्ध शुरू होने के प्रारंभिक दिनों में यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्र-छात्राओं को निकालने में श्री जेलेंस्की की ओर दिखाए गए सहयोग के भाव के लिए उनका आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के बीच शुक्रवार को कीव में व्यक्तिगत और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। दोनों देशों के बीच बातचीत का ज्यादातर हिस्सा द्विपक्षीय संबंधों पर केन्द्रित रहा।

**कृषि, चिकित्सा, संस्कृति और मानवीय सहायता से जुड़े चार समझौते हुए :** दोनों देशों के बीच कृषि, चिकित्सा, संस्कृति और मानवीय सहायता से जुड़े चार समझौते भी हुए। दोनों नेताओं की द्विपक्षीय वार्ता के बाद विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने पत्रकार वार्ता की। उन्होंने बताया कि दोनों नेताओं के बीच व्यापार, आर्थिक विषय, रक्षा, फार्मास्यूटिकल्स, कृषि और शिक्षा के बारे में चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि भारत यूक्रेन को मानवीय सहायता प्रदान कर रहा है। अब तक 17 खेप, जिसमें से ज्यादातर चिकित्सा सामग्री है, यूक्रेन भेजी गई हैं। भारत ने आज यूक्रेन को चिकित्सा सहायता से जुड़ा भीष्म क्यूब सौंपा।

# नेपाल में भारतीय पर्यटक बस के नदी में गिरने से 27 लोगों की मौत!

## बस में चालक और सह-चालक समेत 43 लोग थे सवार

प्रात : किरण




काठमांडू/एजेंसी। मध्य नेपाल में एक भारतीय पर्यटक बस के शुक्रवार को राजमार्ग से पलट कर 150 मीटर नीचे तेज बहाव वाली मार्सयांगडी नदी में गिर गई जिससे कम के कम 27 लोगों की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह बस उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से थी और पोखरा से काठमांडू की ओर जा रही थी, तभी यह तनहुन जिले के आइना पहारा में राजमार्ग से पलट गई। उन्होंने बताया कि बस में चालक और सह-चालक समेत 43 लोग सवार थे। खबर के मुताबिक, बस में सवार यात्री 104 भारतीय तीर्थयात्रियों के एक समूह का हिस्सा थे, जो दो दिन पहले हिमालयी देश की 10 दिवसीय यात्रा के लिए तीन बसों में सवार होकर महाराष्ट्र से नेपाल पहुंचे थे। तीर्थयात्री जलगांव जिले के भुसल गांव से आए थे। पोखरा में दो दिन घूमने के बाद तीनों बस शुक्रवार सुबह राजधानी काठमांडू के लिए रवाना हुई। कुरिन्तार के सशस्त्र पुलिस बल के प्रमुख माधव प्रसाद पौडेल ने कहा कि तीनों बस में यात्रा करने वाले ज्यादातर यात्री परिवार के सदस्य और रिश्तेदार थे। भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पोखरा से काठमांडू जा रही एक भारतीय पर्यटक बस में लगभग 43 भारतीय सवार थे। यह बस आज मार्सयांगडी नदी में गिर गई। दूतावास राहत एवं बचाव कार्य में लगे स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहा है। एपीएफ के पुलिस उपाधीक्षक शैलेन्द्र थापा के अनुसार दुर्घटना स्थल से 27 शव बरामद कर लिए गए हैं जबकि 16 घायलों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया है। बस बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। माई रिपब्लिका की खबर के अनुसार, नेपाल की सेना का एमआई 17 हेलीकॉप्टर बचाव अभियान के लिए एक मेडिकल टीम के साथ तनहुन जिले के अन्बू खैरेनी में दुर्घटना स्थल के लिए रवाना हो गया है। इस बीच, उत्तर प्रदेश सरकार ने नेपाल में भारतीय यात्रियों को ले जा रही एक बस के नदी में गिर जाने के बाद घटना का संज्ञान लेते हुए राहत पहुंचाने के लिए एक उप जिलाधिकारी को नेपाल भेजा है और एक अपर जिलाधिकारी को समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी है। उत्तर प्रदेश के राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने यहां जारी एक बयान में कहा, मीडिया रिपोर्टों और विदेश मंत्रालय, नेपाल डिवीजन से पुष्ट खबर के अनुसार, आज पूर्वाह्न लगभग साढ़े 11 बजे दिन में पंजीकरण संख्या-यूपी 53 एफडी 7623 नंबर की एक बस, जिसमें महाराष्ट्र के लगभग 41 यात्री सवार थे, नेपाल के तनहुन जिले के आंबुखैरेनी क्षेत्र में मार्सयांगडी नदी में लगभग 150 मीटर नीचे गिर गई।

# बिहार का टैलेंट अद्भुत, भारत को दुनिया का सिरमौर बना देगा : शिवराज

## केन्द्रीय कृषि मंत्री ने पटना के कृषि भवन में किसानों के साथ किया संवाद

प्रात : किरण



पटना। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री सह केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बिहार की प्रतिभा दुनिया में अद्भुत है। बिहार भारत का सिरमौर है और भारत को दुनिया का सिरमौर बनायेगा। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने शुक्रवार को पटना के कृषि भवन में किसानों के साथ संवाद के दौरान उक्त बातें कही। मंत्री ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ है एवं किसान इसकी आत्मा है। किसानों की सेवा करना भगवान की पूजा करने के समान है। समृद्ध किसान के बिना विकसित खेती नहीं हो सकती है। बिहार का मखाना, कतरनी चावल, मगही पान, मक्का, चाय और चाह बहुत ही अद्भुत है। उन्होंने कहा कि बिहार के 90 प्रतिशत किसानों के पास छोटी-छोटी जोत है और इसी जोत पर यहाँ के किसान चमत्कार कर रहे हैं। कृषि क्षेत्र की अपार संभावनाओं को मूतरूप देने के उद्देश्य से बिहार में वर्ष 2008 से कृषि रोड मैप का सूत्रण एवं कार्यान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि रोड मैप के क्रियान्वयन से राज्य में खाद्यान्न फसलों तथा बागवानी फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता में आशातीत वृद्धि हुई है। मंत्री ने कहा कि बिहार का मखाना निर्यात करने योग्य है, इसलिए इसे निर्यात किया जा रहा है। इससे संबंधित कार्यालय का बिहार में स्थापना करने हेतु वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार से सम्पर्क कर स्थापना कराया जाएगा।

**केन्द्रीय मंत्री ने कृषि के क्षेत्र में छह सूत्र को किया साझा :** केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा कृषि के क्षेत्र में 06 सूत्र दिए गए दिए हैं, जो इस प्रकार है। अच्छे बीज का उत्पादन कर उत्पादकता को बढ़ावा दिया जाये इसमें भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान भी किसानों को मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही, में किसानों के खेतो में जाकर कम पानी में उपजाये जाने वाले धान के बीज, बाजरा के कम अवधि का बीज तथा जलवायु अनुकूल विभिन्न फसलों के बीजों को किसानों को समर्पित किया गया है। उत्पादन की लागत घटाना तथा किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से सस्ता लोन किसानों को उपलब्ध कराकर मुनाफा को बढ़ाना। किसानों को उत्पादन का उचित मूल्य प्राप्त हो। वर्तमान में 23 फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। फसल विविधीकरणः बिहार में फसल विविधीकरण में अच्छा कार्य हो रहा है। बिहार में मक्का तथा मोटे पोषक अनाज का उत्पादन बढ़ा है। मक्का के उत्पादन बढ़ने से आज राज्य की इथेनॉल नीति को प्रोत्साहन मिला है। राज्य के कई जिलों में इथेनॉल इकाईयों की स्थापना से बॉयोफ्यूल को बढ़ावा मिल रहा है।

**खाद्य प्रसंस्करण की स्थापना:** राज्य में कृषि आधारित प्रसंस्करण इकाईयों और भण्डारण की अपार सम्भावनाएँ है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देनाः रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशियों के उपयोग से हमारी मिट्टी की उर्वरा शक्ति में ह्रास हो रहा है। दिन-प्रतिदिन खेतों में केंचुआ एवं मित्र कीट की संख्या घटती जा रही है। इसलिए हमें आनेवाली पीढ़ी के लिए अच्छी उर्वरा मिट्टी उपलब्ध कराने के लिए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना है।

**बिहार में गरीबों के लिए 13 लाख मकानों का निर्माण होगा :** उन्होंने कहा कि देश मे जागरण का नया अभियान चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी लगातार देश के लिए काम कर रहे हैं। विरोधी दल इन पिछड़े वर्गों की बात नहीं करते हैं। पिछड़े वर्गों का सम्मान क्यों नहीं दिया? इनको सिर्फ भारतीय जनता पार्टी ने सम्मान दिया। मोदी जी की सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया। नीट जैसी परीक्षा में 27 प्रतिशत का आरक्षण अतिपिछड़ों को मोदी सरकार ने दिया है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बिहार में गरीबों के लिए 13 लाख मकानों का निर्माण होगा। अगले चार साल में काम पूरा होगा। केन्द्रीय मंत्री ने उक्त बातें अमर शहीद रामफल मंडल के शहादत दिवस पर पटना में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

## संक्षिप्त खबरें

### गोविंद मोहन ने केंद्रीय गृह सचिव का संभाला पदभार

नई दिल्ली। भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी गोविंद मोहन ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह सचिव का पदभार संभाला। अजय कुमार भल्ला के सेवानिवृत्त होने के बाद मोहन ने यह पद संभाला है। सिक्किम कैडर के 1989 बैच के आईएएस अधिकारी मोहन इससे पहले केंद्रीय संस्कृति सचिव के पद पर कार्यरत थे। पिछले सप्ताह उन्हें केंद्रीय गृह सचिव नियुक्त किया गया था। मोहन ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से बी. टेक और आईआईएम (अहमदाबाद) से पीजी डिप्लोमा किया है। उनके पास सिक्किम और केंद्र सरकार दोनों में विभिन्न पदों पर काम करने का अनुभव है। मोहन इससे पहले भी गृह मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के रूप में कई प्रमुख प्रभागों में काम कर चुके हैं।

### पाकिस्तान की सीमा में चला गया मिनी यूएवी, भारत ने वापस मांगा

नई दिल्ली। भारतीय सेना का एक मिनी यूएवी तकनीकी खराबी के कारण शुक्रवार सुबह पाकिस्तान की सीमा में चला गया। पाकिस्तानी सैनिकों ने इसे बरामद कर लिया है। उक्त यूएवी को वापस करने के लिए भारतीय सेना ने पाकिस्तान को हॉटलाइन संदेश भेजा है लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है। भारतीय सीमा के भीतर प्रशिक्षण मिशन पर एक मिनी यूएवी आज सुबह 9.25 बजे तकनीकी खराबी के कारण नियंत्रण खो बैठा और भिम्बर गली सेक्टर के सामने पाकिस्तान के निकियाल सेक्टर में चला गया। अचानक सीमा पार करके आए मिनी यूएवी को पाकिस्तानी सैनिकों ने बरामद कर लिया है। इसके बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना को हॉटलाइन संदेश भेजकर उक्त यूएवी वापस मांगा है।

# भारत-अमेरिका मिलकर वैश्विक शांति कर सकते हैं सुनिश्चित : राजनाथ

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारत और अमेरिका संयुक्त रूप से दुर्जेय शक्ति हैं और ये दोनों मिलकर वैश्विक शांति और समृद्धि सुनिश्चित कर सकते हैं। अमेरिका की यात्रा पर गये श्री सिंह ने भारतीय समुदाय के लोगों के साथ बातचीत के दौरान कहा कि मोदी सरकार मजबूत, सुरक्षित और समृद्ध भारत बनाना चाहती है। रक्षा मंत्री ने भारत और अमेरिका को स्वाभाविक सहयोगी बताते हुए कहा कि इनके बीच मजबूत भागीदारी नियति है और इस दिशा में सहयोग लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय में वैश्विक मंच पर भारत का कद बढ़ा है। उन्होंने कहा, इससे पहले अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की बातों पर ध्यान नहीं दिया जाता था। लेकिन आज पूरी दुनिया ध्यान से सुन रही है। श्री सिंह ने कहा कि 2014 से पहले, भारत कमजोर पांच देशों में से एक था, जैसा कि निवेश फर्म मॉर्गन स्टेनली ने कहा है लेकिन आज यह दुनिया की शानदार पांच अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। उन्होंने कंपनी की हालिया रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि भारत 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोविड-19 महामारी के प्रति सरकार की नीतियों ने यह सुनिश्चित किया कि भारतीय अर्थव्यवस्था अन्य देशों की तुलना में ज्यादा प्रभावित नहीं हुई। रक्षा मंत्री ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की चर्चा की, जिसमें 5,000 से अधिक वस्तुओं वाली सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियों की अधिसूचना शामिल है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं कि घरेलू कंपनियों द्वारा देश में अत्याधुनिक रक्षा वस्तुओं का निर्माण किया जाए।

# अंतरिक्ष मिशनों को कचरा-मुक्त बनाने की दिशा में बढ़ रहा है भारत : मुर्मु

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अंतरिक्ष में कचरे को अंतरिक्ष मिशनों के लिए समस्या करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि भारत वर्ष 2030 तक अपने सभी अंतरिक्ष मिशनों को कचरा-मुक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। श्रीमती मुर्मु ने शुक्रवार को यहां भारत मंडपम में पहले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह में हिस्सा लिया। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पिछले वर्ष 23 अगस्त को चंद्रमा की सतह पर विक्रम लैंडर के सफलतापूर्वक उतरने की याद में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने रोबोटिक्स चैलेंज और भारतीय अंतरिक्ष हैकाथॉन के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति ने कहा कि हमें भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार रहना होगा। अंतरिक्ष में कचरा अंतरिक्ष मिशनों के लिए समस्याएँ पैदा कर सकता है। उन्होंने सुरक्षित और सतत संचालन प्रबंधन के लिए इसरो प्रणाली की सराहना की, जिसका संचालन अंतरिक्ष अनुसंधान गतिविधियों की निरंतर प्रगति सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत वर्ष 2030 तक अपने सभी अंतरिक्ष मिशनों को कचरा-मुक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि इसरो ने अंतरिक्ष क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने के साथ ही देश के सामाजिक और आर्थिक विकास में भी अपना अमूल्य योगदान दिया है। उन्होंने उन समर्पित वैज्ञानिकों की सराहना की जिन्होंने न्यूनतम संसाधनों का उपयोग करके भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ अंतरिक्ष कार्यक्रमों में शामिल किया। राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि हमारा देश अंतरिक्ष विज्ञान में निरंतर प्रगति करेगा और हम उत्कृष्टता के नए कीर्तिमान स्थापित करते रहेंगे। उन्होंने कहा, भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र की प्रगति असाधारण है। चाहे सीमित संसाधनों के साथ सफलतापूर्वक पूरा किया गया मंगल मिशन हो या एक साथ सौ से अधिक उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण, हमने इस क्षेत्र में कई प्रभावशाली उपलब्धियां हासिल की हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि अंतरिक्ष अन्वेषण ने मानव क्षमताओं को बढ़ाया है और उसकी कल्पना को साकार किया है लेकिन अंतरिक्ष अन्वेषण एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। अंतरिक्ष अन्वेषण के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए किए गए शोध से विज्ञान के विकास में तेजी आती है और मानव जीवन में सुधार होता है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में विकास से स्वास्थ्य और चिकित्सा, परिवहन, सुरक्षा, ऊर्जा, पर्यावरण और सूचना प्रौद्योगिकी सहित कई क्षेत्रों को लाभ मिला है।

# बीएनएसएस की धारा 479 विचाराधीन कैदियों पर पूर्वव्यापी प्रभाव से लागू होगी: केंद्र ने न्यायालय से कहा

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि विचाराधीन कैदी को हिरासत में रखने की अधिकतम अवधि से संबंधित भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 479 देशभर के विचाराधीन कैदियों पर पूर्वव्यापी प्रभाव से लागू होगी। केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि बीएनएसएस की धारा 479, जिसने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 436ए का स्थान लिया है, सभी विचाराधीन कैदियों पर लागू होगी, भले ही अपराध एक जुलाई, 2024 से पहले दर्ज किया गया हो। बीएनएसएस, भारतीय न्याय संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम एक जुलाई से प्रभावी हुए थे, जिन्होंने क्रमशः ब्रिटिश कालीन दंड प्रक्रिया संहिता, भारतीय दंड संहिता और इंडियन एविडेंस एक्ट का स्थान लिया। शीर्ष अदालत ने इस अभिवेदन पर गौर किया और देशभर के जेल अधीक्षकों को निर्देश दिया कि वे प्रावधान की उपधारा में उल्लिखित अवधि का एक तिहाई पूरा होने पर संबंधित अदालतों के माध्यम से विचाराधीन कैदियों के आवेदनों पर कार्रवाई करें।

# क्या राहुल नेशनल कांफ्रेंस के अनुच्छेद 370 की बहाली के वादे का समर्थन करते हैं: शाह

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस के बीच गठबंधन पर कड़ी प्रतिक्रिया करते हुए कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी से यह स्पष्ट करने को कहा है कि क्या वह अनुच्छेद 370 और 35 ए को वापस लाकर जम्मू-कश्मीर को फिर से अशांति और आतंकवाद के युग में धकेलने के नेशनल कांफ्रेंस के निर्णय का समर्थन करती है? श्री शाह ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सत्ता के लालच में बार-बार देश की एकता और सुरक्षा के साथ खेलने वाली कांग्रेस पार्टी ने जम्मू-कश्मीर चुनाव में अब्दुल्ला परिवार की नेशनल कांफ्रेंस के साथ गठबंधन करके फिर से अपने मंसूबों को देश के सामने रखा है। उन्होंने नेशनल कांफ्रेंस के घोषणा पत्र के वादों पर कांग्रेस पार्टी और राहुल गाँधी दस सवाल पूछे हैं। पहला क्या कांग्रेस नेशनल कांफ्रेंस के जम्मू-कश्मीर में फिर से ह्यअलग झंडेह्न के वादे का समर्थन करती है? दूसरा क्या राहुल गाँधी और कांग्रेस पार्टी अनुच्छेद 370 और 35 ए को वापस लाकर जम्मू-कश्मीर को फिर से अशांति और आतंकवाद के युग में धकेलने के नेशनल कांफ्रेंस के निर्णय का समर्थन करती है? तीसरा क्या कांग्रेस कश्मीर के युवाओं के बदले पाकिस्तान के साथ वार्ता करके फिर से अलगाववाद को बढ़ावा देने का समर्थन करती है? चौथा क्या कांग्रेस पार्टी और राहुल गाँधी, पाकिस्तान के साथ ह्यएलओसी ट्रेडह्न शुरू करने के नेशनल कांफ्रेंस के निर्णय से फिर से बॉर्डर पार से आतंकवाद और उसके इकोसिस्टम का पोषण करने का समर्थन करते हैं? पांचवां क्या कांग्रेस आतंकवाद और पत्थरबाजी की घटनाओं में शामिल लोगों के परिजनों को फिर से सरकारी नौकरी में बहाल करके आतंकवाद, दहशतगर्दी और बंद के दौर को फिर से लाने का समर्थन करती है? छठा इस गठबंधन से कांग्रेस पार्टी का आरक्षण विरोधी चेहरा सामने आया है। क्या कांग्रेस दलितों, गुज्जर, बकरवाल और पहाड़ियों के आरक्षण को समाप्त कर फिर से उनके साथ अन्याय करने के नेशनल कांफ्रेंस के वादे के साथ है? सातवां क्या कांग्रेस चाहती है कि शंकराचार्य पर्वत तख़्त-ए-सुलिमान और हरि पर्वत कोह-ए-मारन के नाम से जाने जाएँ? आठवां क्या कांग्रेस जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था को एक बार फिर से भ्रष्टाचार की आग में झोक कर पाकिस्तान समर्थित गिने चुने परिवारों के हाथों में सौपने का समर्थन करती है?

### पाकिस्तानी सैनिकों ने बरामद किया, भारत ने हॉटलाइन संदेश भेजा

# पाकिस्तान की सीमा में चला गया मिनी यूएवी, भारत ने वापस मांगा

प्रात : किरण



नई दिल्ली। भारतीय सेना का एक मिनी यूएवी तकनीकी खराबी के कारण शुक्रवार सुबह पाकिस्तान की सीमा में चला गया। पाकिस्तानी सैनिकों ने इसे बरामद कर लिया है। उक्त यूएवी को वापस करने के लिए भारतीय सेना ने पाकिस्तान को हॉटलाइन संदेश भेजा है लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है।

भारतीय सीमा के भीतर प्रशिक्षण मिशन पर एक मिनी यूएवी आज सुबह 9.25 बजे तकनीकी खराबी के कारण नियंत्रण खो बैठा और भिम्बर गली सेक्टर के सामने पाकिस्तान के निकियाल सेक्टर में चला गया। अचानक सीमा पार करके आए मिनी यूएवी को पाकिस्तानी सैनिकों ने बरामद कर लिया है। इसके बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना को हॉटलाइन संदेश भेजकर उक्त यूएवी वापस मांगा है। इससे पहले 09 मार्च, 2022 को सॉफ्टवेयर अपग्रेड करके रेंज का परीक्षण किये जाने के दौरान तकनीकी गलती से एक भारतीय मिसाइल पाकिस्तान की सीमा में चली गई थी, जिस पर इस्लामाबाद ने भारत सरकार से विरोध दर्ज कराकर दो परमाणु-सशस्त्र पड़ोसियों के बीच सैन्य अभियानों के लिए मौजूद सुरक्षा तंत्र के बारे में चिंता जताई थी। पाकिस्तान की प्रतिक्रिया के बाद भारत सरकार ने घटना पर खेद जताते हुए उच्चस्तरीय कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिया था।

# उप्र: चल अचल संपत्ति घोषित नहीं की तो 13 लाख सरकारी कर्मचारियों की सैलरी पर संकट

नई दिल्ली/एजेंसी। उत्तर प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों की अगस्त महीने की सैलरी पर तलवार लटक रही है। राज्य के 17.58 लाख सरकारी कर्मचारियों में से सिर्फ 4.64 लाख कर्मचारियों को ही अगस्त महीने की सैलरी मिल सकती है। यानी राज्य के 13.23 लाख सरकारी कर्मचारी अगस्त महीने की सैलरी से वंचित हो सकते हैं। उत्तर प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों की सैलरी पर ये संकट राज्य सरकार द्वारा पिछले साल अगस्त में जारी आदेश की वजह से आया है। इस आदेश के मुताबिक सभी कर्मचारियों को अपनी चल-अचल संपत्ति की जानकारी सरकारी पोर्टल पर देने का नियम बनाया गया था। इस आदेश के तहत 31 दिसंबर 2023 तक सारी जानकारी सरकारी पोर्टल मानव संपदा पर अपलोड की जानी थी। हालांकि इस समय सीमा का पालन नहीं होने पर राज्य सरकार ने चल अचल संपत्ति की जानकारी देने की समय सीमा को और 6 महीने बढ़ते हुए 30 जून तक कर दिया। इसके बाद ये समय सीमा बढ़ा कर 31 जुलाई की गई। अंत में राज्य सरकार ने संपत्ति डिक्लेअर करने की अंतिम डेडलाइन 31 अगस्त तय कर दी। उत्तर प्रदेश में मौजूदा समय में 17.88 लाख सरकारी कर्मचारी हैं। इनमें से अभी तक सिर्फ 4.64 लाख सरकारी कर्मचारियों ने ही अपनी चल अचल संपत्ति की जानकारी सरकारी पोर्टल पर दी है, जबकि 13 लाख से अधिक सरकारी कर्मचारीयों ने कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई है। सरकारी आदेश में कहा गया था कि अगर आखिरी समय सीमा तक सरकारी कर्मचारी संपत्ति डिक्लेअर नहीं करते हैं तो न केवल उनकी सैलरी रोक दी जाएगी।





# आपदा के खौफ ने उड़ा दी प्रभावितों की नींद, जख्म अब भी हरे; चारों ओर पत्थर मौजूद

**हल्द्वानी, एजेंसी।** हल्द्वानी के दमुवाढूंगा के कृष्णा विहार, देवकी विहार और गायत्री कॉलोनी में आपदा के जख्म 48 घंटे बाद भी हरे हैं। कॉलोनियों की कुछ गलियों को छोड़ दें तो मौके पर पत्थर और मलबा बिखरा हुआ है। आपदा प्रभावित परिवार अपने आशियाने को बचाने के लिए उपाय खोज रहे हैं। मंगलवार की काली रात ने लोगों के मन में ऐसा खौफ पैदा कर दिया है कि कई परिवारों की नींद उड़ी हुई है।

कृष्णा कॉलोनी में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल नगर निगम की पांच टीमों के साथ मलबा साफ करवाते नजर आए। गायत्री नगर में टीम गलियों की धुलाई करती दिखी।



स्थानीय निवासी भगवती नेगी प्रशासन की सक्रियता से नाखुश दिखीं। बोलीं, आपदा में घर की चहारदीवारी टूटने के साथ बरामदे तक मलबा भर गया था। हजारों का नुकसान हुआ है लेकिन पांच हजार का चेक थमा दिया गया। वर्षों से नाले की समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है।

रेखा बोरा का कहना था कि हर साल नाले का पानी आबादी की ओर पहुंचकर तबाही मचाता है लेकिन प्रशासन नुकसान के बाद निरीक्षण कर जिम्मेदारी से इतिश्री कर लेता है। आपदा प्रभावितों की सुनवाई नहीं होने से नंदन सिंह सिस्टम से खिन्न नजर आए। गोविंद मिश्रा का कहना था कि मुआवजा राशि ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। लोगों ने कहा कि अब तक सुरक्षा के नाम पर नाले से पत्थर उठाकर किनारे पर ढेर लगाए गए हैं। टीम ने देखा कि बचाव कार्यों को देखते हुए क्षेत्र में जनजीवन पटरी पर आने में समय लग सकता है।

### मटमैला पानी पीने को मजबूर

कृष्णा विहार, देवकी विहार और गायत्री कॉलोनी के लोग पेयजल संकट से परेशान हैं। लोगों का कहना है कि उनके नलों में आधे घंटे से भी कम पानी आ रहा है। 30 मिनट मिल रहा पानी भी मटमैला है। उन्होंने जल संस्थान से पेयजल संकट से निजात दिलाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में बिजली और संचार की भी दिक्कत हो रही है। प्रभावितों ने जिला प्रशासन से व्यवस्थाओं में सुधार की मांग उठाई।

### सफाई में जुटे हैं नगर निगम कर्मी

हल्द्वानी नगर निगम के 120 कर्मी तीन कॉलोनियों का मलबा साफ करने में जुटे हैं। सफाई के कार्य में पोकलेन और जेसीबी की मदद ली जा रही है। संकरी गलियों में मलबा निकालने में कर्मियों को ज्यादा मशक्कत करनी पड़ रही रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर में फिर बढ़ने लगा लावारिस पशुओं का उत्पात

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** नगर के माल रोड, रानीधारा, जाखनदेवी, ढूंगाधारा, धारानौला आदि जगहों पर इन दिनों लावारिस पशु घूमते दिखाई दे रहे हैं। हाल यह है कि बाजार में लावारिस पशुओं के खड़े होने से लोगों का बाजार में निकलना भी मुश्किल हो रहा है।

नगरपालिका ने बार-बार अभियान चलाकर पशु स्वामियों को अपने पशुओं को खुला न छोड़ने की हिदायत दी थी, लेकिन उसका कोई असर नहीं दिख रहा है। जाखनदेवी के मुकुल जोशी ने बताया कि लावारिस पशुओं से मोहल्लों में रहने वाले लोगों को खतरा बना हुआ है। उन्होंने प्रशासन से आवारा पशुओं को नगर से हटाने की मांग की है। इधर नगर पालिका के ईओ भरत त्रिपाठी ने कहा कि जल्द अभियान चलाकर लावारिस पशुओं को गोसदन भेजा जाएगा।

### खेल मैदान पर मेला लगाने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** एसएसजे परिसर के सिमकनी मैदान में मेला आयोजन का विरोध करते हुए आक्रोशित छात्रों ने परिसर निदेशक प्रो. प्रवीण सिंह बिष्ट को ज्ञापन दिया। चेतावनी दी कि विरोध के बाद भी मैदान में मेला लगाने की अनुमति दी गई तो आंदोलन किया जाएगा। बुधवार को निदेशक कार्यालय पहुंचे छात्रों ने कहा कि चार वर्ष पूर्व भी सिमकनी मैदान में मेला आयोजित हुआ। मैदान में स्टॉल स्थापित करने के लिए मैदान में गाढ़े गए लकड़ी के खंभों से मैदान में जगह-जगह गड्ढे हो गए थे। गड्ढों पर पैर फिसलने से कई खिलाड़ी चोटिल भी हुए। छात्रसंघ अध्यक्ष राहुल सिंह धामी ने आरोप लगाया कि कुछ पैसों के लिए छात्र हितों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। वहीं मेले के दौरान होने वाले शोरगुल से शिक्षण कार्य भी प्रभावित होगा। कहा कि मेले लगाने की अनुमति दी गई तो छात्र आंदोलन करेंगे। वहां भूपेंद्र सिंह कोरंगा, राजकमल जोशी, वीरेंद्र जोशी, दीपक लोहनी, नीरज जोशी, गोपाल जोशी, अभय अधिकारी आदि मौजूद रहे।

### 10वीं की छात्रा से दुष्कर्म, चार दिन बाद लड़की को पुलिस ने किया बरामद; आरोपी को भेजा जेल

**नैनीताल, एजेंसी।** हल्द्वानी में 15 अगस्त को लापता हुई 10वीं की छात्रा से दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने छात्रा को बरामद कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

हल्द्वानी में कोतवाली क्षेत्र से 15 अगस्त को लापता हुई 10वीं की छात्रा से दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने छात्रा को बरामद कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार हल्द्वानी निवासी छात्रा 15 अगस्त की सुबह सात बजे स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी। काफी देर तक जब वह घर नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की लेकिन उसका पता नहीं लग सका। इस पर परिजनों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने छानबीन कर किशोरी को 19 अगस्त को सुशीला तिवारी अस्पताल के पास से बरामद कर लिया। कोतवाल उमेश मलिक ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर राजपुरा निवासी दुलाल घोष (21) के खिलाफ पॉक्सो में मुकदमा दर्ज किया गया है। कहा कि आरोपी छात्रा को लेकर सुशीला तिवारी के पास अपने रिश्तेदार के घर ले गया था जहां उसने छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। कहा कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### दंपती ने एक-दूसरे पर लगाए अवैध संबंध के आरोप

**रूड़की, एजेंसी।** एक दंपती ने एक-दूसरे पर अवैध संबंध होने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की। इस बीच दंपती पुलिस के सामने ही भिड़ गए और हंगामा हो गया। पुलिस ने किसी तरह दोनों को समझाकर शांत किया। साथ ही दोनों को आपस में ही मामले में सुलह करने की नसीहत दी। इसके बाद दंपती घर लौट गए। सिविल लाइंस कोतवाली में बृहस्पतिवार को एक दंपती पहुंचे और एक-दूसरे पर अवैध संबंध होने के आरोप लगाए। महिला ने आरोप लगाया कि उसका पति एक दफ्तर में काम करता है। पति के दफ्तर में काम करने वाली एक महिला से संबंध हैं। आरोप लगाय कि पति चोरीछिपे महिला से मोबाइल पर कॉल और व्हाट्सएप पर बातचीत करता है।

## इलाज के लिए बेटी को पीठ पर 22 किमी पैदल लाया पिता, 18 दिनों से बंद है मार्ग; लोगों को परेशानी

**नैनीताल, एजेंसी।** कोटाबाग गांव का संपर्क मार्ग 18 दिनों से बंद होने के कारण एक पिता को इलाज के लिए अपनी बेटी को पीठ पर रखकर 22 किमी पैदल लाना पड़ा। मामला कोटाबाग ब्लॉक के अंतर्गत जलना गांव का है।



कोटाबाग गांव का संपर्क मार्ग 18 दिनों से बंद होने के कारण एक पिता को इलाज के लिए अपनी बेटी को पीठ पर रखकर 22 किमी पैदल लाना पड़ा। मामला कोटाबाग ब्लॉक के अंतर्गत जलना गांव का है। देवीपुरा-सौड़ मार्ग 18 दिनों से बंद है। यह मार्ग क्षेत्र के 25 गांवों को ब्लॉक मुख्यालय से जोड़ने वाला एकमात्र संपर्क मार्ग है। मार्ग के बंद होने से सबसे ज्यादा परेशानी इन गांवों के किसानों और मरीजों को उठानी पड़ रही है।

किसी की तबीयत खराब होने पर मरीज को डोली में रखकर ब्लॉक मुख्यालय तक लाना पड़ रहा है। जलना गांव निवासी वीर सिंह रावत की बेटी ज्योति के पैर में गंभीर चोट लगने से उसे अस्पताल तक लाने में उन्हें काफी जद्दोजहद करनी पड़ी। देवीपुरा-सौड़ मार्ग बंद होने के कारण वीर सिंह रावत अपनी बेटी को पीठ पर रखकर 22 किमी पैदल चलकर कोटाबाग तक लाए। इसके बाद अस्पताल पहुंचकर बेटी का इलाज कराया। कोटाबाग का जलना गांव समेत आसपास का पर्वतीय क्षेत्र उन्नत कृषि के लिए जाना जाता है। यहां अदरक, मटर, धनिया, गहत आदि की फसल बहुतायत में और जैविक तरीके से की जाती है। 18 दिनों से किसानों की फसल (अदरक और धनिया) बाजार तक नहीं पहुंच पा रही है।

## स्कूल बस की चपेट में आने से ढाई साल के मासूम की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**उधम सिंह नगर, एजेंसी।** उत्तराखंड के उधम सिंह नगर में से दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आई है, जहां पर स्कूल बस की चपेट में आने से ढाई साल के मासूम की मौत हो गई । वहीं इस घटना के बाद से परिवार में कोहराम मच गया है। दरअसल, यह घटना सीमांत खटीमा के प्रतापपुर क्षेत्र में हुई है, जहां बृहस्पतिवार की सुबह ब्राइट एकेडमी प्रतापपुर स्कूल की बस की चपेट में आने से मासूम की मौत हो गई। इस घटनाक्रम की जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि बृहस्पतिवार की सुबह ढाई वर्षीय मासूम अपनी बड़ी बहन के साथ स्कूल जाते समय सड़क किनारे खड़ा था। इसी दौरान ड्राइवर की लापरवाही के कारण मासूम बस के अगले पहिए के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही बच्चे की मौत हो गई। इस घटना के बाद ड्राइवर बस लेकर मौके से फरार हो गया। वहीं आरोप है कि स्कूल बस में चालक के अलावा बच्चों की देखभाल के लिए कोई सहायक नहीं था। जबकि सरकार द्वारा सख्त आदेश दिए गए हैं कि स्कूल की बसों में बच्चों को चढ़ाने व उतारने के लिए एक सहायक का होना अनिवार्य है।

## उत्तराखंड में कक्षा आठ के छात्र संग सामूहिक कुकर्म, वीडियो बनाई और बेहोशी की हालत में छोड़कर भागे

**मंगलौर, एजेंसी।** एक महिला ने अपने नाबालिक पुत्र के साथ सामूहिक कुकर्म करने के आरोप में पांच किशोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पति सऊदी अरब में काम करते हैं। उसका नाबालिग पुत्र कक्षा आठ का छात्र है। वह कई दिनों से गुमसुम रह रहा था।

मंगलवार की शाम को जब उसने अपने पुत्र से उसके डरे-डरे रहने का कारण पूछा तब उसने बताया कि गांव के ही पांच अन्य किशोर उसे 14 अगस्त को कोल्ड ड्रिंक पिलाने के बहाने एक घेर में ले गए। जहां पर उसे कोल्ड ड्रिंक पिलाया गया। जिसे पीने के बाद उसे नशा हो गया।

आरोप है कि नशे की हालत में उसके साथ पांचों ने कुकर्म किया तथा उसकी अश्लील वीडियो भी बनाई। महिला ने पुलिस को तहरीर में बताया कि आरोपियों द्वारा उसके पुत्र को किसी को बताने पर बदनाम करने की धमकी भी दी गई। मंगलौर कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

वहीं दबंगों के एक गुट ने लाठी-डंडे लेकर महिला के घर पर पथराव कर दिया, महिला ने विरोध किया तो उसे पीट-पीट कर अधमरा कर दिया। किसी तरह महिला ने जान बचाई, जाते-जाते आरोपितों ने महिला को जान से मारने की धमकी भी दी। मामला रानीपर कोतवाली क्षेत्र की विष्णुलोक कालोनी का है।

पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर 14 आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच आरंभ कर दी है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित महिला के पिता श्यामलाल पुत्र कुन्दन सिंह निवासी मकान नंबर 375 विष्णुलोक कालोनी कोतवाली रानीपुर ने लिखित शिकायत देकर आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि 13 अगस्त को विष्णुलोक कालोनी में ही रहने वाले हरिया पुत्र सतीश, पुरण, विपिन, विपुल, अनिकेत, सागर, राजकुमार, सौरभ, बाबूराम, धर्मवीर, चेतन, तिवारी उर्फ पंडत, प्रदीप, और हरिया का भांजा राहुल ने उसकी पुत्री विनिता (39 वर्ष) के घर को घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए पथराव करने लगे।

जब विनिता ने बाहर आकर इसका विरोध किया तो आरोपितों ने लाठी-डंडों से पीट-पीटकर उसे अधमरा कर दिया। विनिता ने किसी तरह अपनी जान बचाई। श्यामलाल ने आरोप लगाया कि आरोपितों ने जाते-जाते हुए उसकी पुत्री विनिता को जान से मारने की धमकी भी दी। रानीपुर कोतवाली प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि मामले में 14 नामजद आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## नैनीताल रोड : दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के लिए दो दिन की मोहलत, 23 अगस्त से शुरू होगी कार्रवाई

**नैनीताल, एजेंसी।** हल्द्वानी नगर निगम ने नैनीताल रोड पर मंगलपड़ाव से रोडवेज चौराहे तक सड़क के मध्य बिंदु से दोनों ओर 12 मीटर क्षैतिज दूरी पर निर्मित भवनों के कब्जेदारों से कहा है कि वह प्रशासन की ओर से पूर्व में चिह्नित अतिक्रमण को 23 अगस्त तक स्वयं हटा लें।

हल्द्वानी नगर निगम ने नैनीताल रोड पर मंगलपड़ाव से रोडवेज चौराहे तक सड़क के मध्य बिंदु से दोनों ओर 12 मीटर क्षैतिज दूरी पर निर्मित भवनों के कब्जेदारों से कहा है कि वह प्रशासन की ओर से पूर्व में चिह्नित अतिक्रमण को 23 अगस्त तक स्वयं हटा लें। प्रशासन की ओर से इस संबंध में आज से मुनादी कराई जाएगी।

जिला प्रशासन ने नैनीताल रोड के चौड़ीकरण के लिए सिंधी चौराहे से रोडवेज तक और मंगलपड़ाव तक कई सरकारी अतिक्रमण हटाया था। सड़क के दोनों ओर स्थित 101 दुकान, भवन, प्रतिष्ठान, एक धार्मिक स्थल के स्वामियों व प्रबंधन को नोटिस जारी कर स्वयं अपना अतिक्रमण हटाने को कहा था लेकिन कुछ व्यापारियों व निजी प्रतिष्ठान स्वामियों ने अतिक्रमण हटाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी थी। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद गठित कमेटी ने 92 लोगों को अतिक्रमणकारी माना था। मंगलवार को हाईकोर्ट ने व्यापारियों और निजी प्रतिष्ठान स्वामियों को दिए स्टे को रद्द कर दिया था। स्टे रद्द होने के बाद अब नगर निगम ने अतिक्रमणकारियों को 23 अगस्त तक स्वयं अपना अतिक्रमण हटाने की मोहलत दी है। नगर आयुक्त विशाल मिश्रा और लोनिवि के ईई अशोक कुमार की ओर से इस संबंध में सार्वजनिक सूचना जारी कर कहा गया है कि 23 अगस्त तक अतिक्रमण न हटाने की स्थिति में प्रशासन स्वयं कब्जे हटाएगा।




## हाईकोर्ट ने दिए निर्देश, दैनिक कर्मियों को दें विनियमितीकरण से पूर्व की सेवाओं का लाभ

**नैनीताल, एजेंसी।** नैनीताल हाईकोर्ट ने मंगलवार को जारी अपने महत्वपूर्ण निर्णय में विनियमित दैनिक वेतनभोगी कर्मियों को राहत देते हुए विनियमितीकरण से पूर्व की सेवा को पेंशन और अन्य देयकों के प्रयोजनों के लिए जोड़ने के निर्देश दिए हैं। नैनीताल हाईकोर्ट ने मंगलवार को जारी अपने महत्वपूर्ण निर्णय में विनियमित दैनिक वेतनभोगी कर्मियों को राहत देते हुए विनियमितीकरण से पूर्व की सेवा को पेंशन और अन्य देयकों के प्रयोजनों के लिए जोड़ने के निर्देश दिए हैं। यानी उन्हें पिछली सेवा से पेंशन और अन्य देयकों का लाभ देने को कहा है। हाईकोर्ट के इस निर्णय से प्रदेश के हजारों दैनिक वेतन कर्मी लाभान्वित हो सकेंगे। इस प्रकरण पर कोर्ट ने 14 जून को अंतिम सुनवाई के बाद निर्णय सुरक्षित रख लिया था। मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी एवं न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार वन विभाग के विनियमित दैनिक वेतन कर्मी सुरेश कंडवाल ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि वह वर्ष 2011 की नियमावली के तहत विनियमित सेवा में आ गया था और उसकी विनियमितीकरण से पूर्व की सेवाओं को पेंशन के प्रयोजनों के लिए गिना जाना चाहिए।

## हल्द्वानी में 101 दुकानदारों को नोटिस, नगर निगम ने कहा- खुद तोड़ लें दुकान, हम तोड़ेंगे तो उसका खर्चा भी वसूलेंगे

**हल्द्वानी, एजेंसी।** मंगलपड़ाव से रोडवेज के बीच सड़क चौड़ीकरण को लेकर महीनों से छूटे काम को अब प्रशासन सख्ती संग आगे बढ़ाएगा। बुधवार को 101 दुकानदारों को सार्वजनिक नोटिस जारी कर दिया गया है। सड़क के मध्य से दोनों तरफ 12-12 मीटर की जगह छोड़नी होगी। 15 लोगों के पास दस्तावेज होने के कारण इन्हें प्रतिकर दिया जाएगा।

नगर निगम और लोनिवि की ओर से जारी संयुक्त नोटिस में साफ कहा गया है कि 23 अगस्त तक खुद कब्जा नहीं हटाने पर पुलिस की मौजूदगी में कार्रवाई करने के साथ इसका खर्चा भी वसूला जाएगा। शासन ने पिछले साल दिसंबर में शहर के 13 चौराहों व तिराहों के चौड़ीकरण को लेकर 14.23 करोड़ रुपये जारी किए थे, लेकिन बाद सबसे पहले मंगलपड़ाव से लेकर रोडवेज के बीच सर्वे शुरू किया गया। होलिका ग्राउंड, आंबेडकर पार्क से लेकर सरकारी भवनों की बाहरी दीवार तक को तोड़ा गया, ताकि सड़क को और चौड़ा किया जा सके। वहीं, चौड़ीकरण की जद में व्यापारियों की दुकानें भी आ रही थीं। इसलिए डीएम के निर्देश पर संयुक्त समिति ने हर मामले की सुनवाई भी की।




इसके बाद मामला हाई कोर्ट भी पहुंचा, जहां मंगलवार को याचिका निस्तारित हो गई। इसके बाद बुधवार को नगर आयुक्त और ईई लोनिवि की ओर से सार्वजनिक नोटिस जारी कर कहा गया कि 23 अगस्त तक पूर्व में चिह्नित हिस्से को खुद हटाना होगा। वरना पुलिस की मौजूदगी में कार्रवाई अभियान चलेगा। मंगलपड़ाव से रोडवेज के बीच सड़क चौड़ीकरण को लेकर 101 लोगों को नोटिस दिया गया है। इसमें से 15 लोग प्रतिकर श्रेणी में आ रहे हैं। - अशोक कुमार, ईई लोनिवि

दिसंबर 2023 में प्रशासन ने सड़क चौड़ीकरण के कामों में तेजी दिखाई। बेस अस्पताल, खेल स्टेडयम, केएमवीएन की सरस मार्केट की दीवार को तोड़कर अंदर की तरफ किया गया। होलिका ग्राउंड और आंबेडकर पार्क को नए सिरे से बनाया गया, लेकिन दुकानों के चक्कर में बाद में मामला अटक गया था।

## एसडीआरएफ को मिली सफलता, अलग-अलग घटनाओं में दो शव किए बरामद

**नैनीताल, एजेंसी।** उत्तराखंड में राज्य आपदा प्रबंधन बल (एसडीआरएफ) ने दो अलग-अलग घटनाओं में दो शवों को बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार देर शाम को रामनगर के पास कोटाबाग में तीन मोटर साइकिल सवार एक बरसाती नाले में बह गये थे। इनमें से दो युवक बच निकले लेकिन इनका एक साथी मनीष सती लापता हो गया था। एसडीआरएफ की एक टीम रात को घटनास्थल पर पहुंची और देर रात तक चलाये गये तलाशी अभियान में युवक के शव को बरामद कर लिया।



इसी प्रकार एक अन्य घटना में आज एक व्यक्ति नैनीताल में नैनी झील में डूब गया। एसडीआरएफ टीम को सूचना दी गयी। उपनिरीक्षक मनोज रावत के नेतृत्व में एक टीम मय उपकरण मौके पर पहुंची और काफी खोजबीन के बाद शव को बरामद कर लिया। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। आगे की कार्रवाई के लिए शव को पुलिस को सौंप दिया गया है।

उत्तराखंड में पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी आई है। दरअसल, उत्तराखंड सरकार ने जल्द ही 2 हजार पदों पर पुलिस जवानों की भर्ती करने का फैसला लिया है। इसे लेकर पुलिस मुख्यालय प्लान तैयार कर रहा है। विभाग के मुताबिक जल्द ही इसका नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। पुलिस प्रवक्ता नीलेश आनंद भरने का बयान पुलिस जवानों की भर्ती से पुलिस विभाग मजबूत होगा और तेजी के साथ पुलिस डिपार्टमेंट में काम करेगा। सिविल पुलिस, पीएसी पुलिस, फायर पुलिस के जवानों की भर्ती होगी।

# हाईकोर्ट ने किया भाजपा-एलजी के झूठ का पर्दाफाश, भाजपा शासित केंद्र सरकार की डीडीए के नाले में हुई थी मां-बेटे की मौत- आप

**भाजपा ने नाले को एमसीडी का बता गंदी राजनीति की, ताकि जिम्मेदार डीडीए के अधिकारियों को बचाया जा सके- कुलदीप कुमार**

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

दिल्ली के मयूर विहार फेस-3 स्थित नाले में डूबने से हुई मां-बेटे की मौत मामले में गंदी राजनीति कर रही भाजपा के झूठ का आखिरकार पदार्फाश हो ही गया। यह नाला भाजपा के एलजी के अधीन आने वाले डीडीए का है। यह दावा दिल्ली पुलिस द्वारा हाईकोर्ट में पेश रिपोर्ट में किया गया है। गुरुवार को हुई मामले में सुनवाई में हाईकोर्ट ने साफ कर दिया कि डीडीए के नाले में डूबने से मां-बेटे की मौत हुई। कोर्ट ने डीडीए को पीड़ित परिवार को मुआवजा देने का आदेश भी दिया है। हाईकोर्ट के आए आदेश के बाद आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता कुलदीप कुमार ने भाजपा और एलजी को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि इस घटना से सप्ताह भर पहले ही डीडीए ने निमार्णाधीन नाले का कंप्लीशन सर्टिफिकेट दिया था। आम आदमी पार्टी घटना के बाद से अफसरों पर कार्रवाई करने और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग कर रही थी। हाईकोर्ट के इस आदेश ने मां-बेटे की दुखद मौत को दबाने की कोशिश कर रहे एलजी और भाजपा के मुंह पर तमाचा है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक कुलदीप कुमार और दिलीप पांडे ने शुक्रवार




को पार्टी मुख्यालय में संयुक्त प्रेस वार्ता की। कुलदीप कुमार ने कहा कि 31 जुलाई की शाम कोंडली विधानसभा के मयूर विहार फेस-3 में एक खुले नाले में गिरने से एक मासूम बच्चे और उसकी मां की मृत्यु हो गई थी। इस दुखद घटना की सूचना पाकर तुरंत मैं मौके पर पहुंचा और परिवार के साथ खड़ा रहा। उनको अस्पताल भेजा गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। वह नाला डीडीए का है। एलजी के अधीन डीडीए के अफसरों की लापरवाही के कारण मां-बेटे की मौत हो गई। हमने उसी समय कहा था कि यह कोई हादसा नहीं, बल्कि हत्या है और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन एलजी और भाजपा के नेता जिम्मेदार अफसरों को बचाने के लिए न तो घटनास्थल पर गए और न ही पीड़ित परिवार से मुलाकात की। स्थानीय भाजपा के सांसद भी पीड़ित परिवार से मिलने नहीं गए। कुलदीप कुमार ने कहा कि भाजपा ने बिना कुछ जाने बयान जारी कर दिया कि वह एमसीडी का नाला है। इस घटना के लिए आम आदमी पार्टी और एमसीडी जिम्मेदार हैं। जिस गंदी राजनीति के लिए भाजपा जानी जाती है, उसने उसकी शुरूआत कर दी। लेकिन हमने अगले ही दिन उस घटनास्थल पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और उस परिवार के लिए इंसाफ की मांग की। उस मां-बेटे को इंसाफ और मुआवजा मिलना चाहिए, जिनकी केवल डीडीए के अधिकारियों की लापरवाही के कारण मृत्यु हो गई। लेकिन एलजी को बचाने के चक्कर में भाजपा के लोग यह भूल गए और वहां से रफा-दफा हो गए।

कुलदीप कुमार ने आगे कहा कि हमने उस समय जो बात कही थी कि नाला डीडीए का है और उसे डीडीए बनवा रहा था। इसे झुठलाने के लिए डीडीए की तरफ से कई खबरें प्लांट करवाई गईं। लेकिन गुरुवार को जब दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस की रिपोर्ट देखी, तो सब दूध का दूध और पानी का पानी हो गया। दिल्ली पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में डीडीए के भ्रष्टाचार की पोल खोल दी है। रिपोर्ट से पता चलता है कि नाला डीडीए का है, जहां वह दर्दनाक घटना घटी। पुलिस रिपोर्ट से यह भी पता चला है कि डीडीए ने एक हफ्ते पहले ही बिना कोई जांच-पड़ताल किए कंप्लीशन सर्टिफिकेट दे दिया था। उसी लापरवाही की वजह से आज मां-बेटे इस दुनिया में नहीं हैं। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट निर्देश दिया है कि उस पीड़ित परिवार के लिए डीडीए उचित मुआवजे की व्यवस्था करे और यही मांग आम आदमी पार्टी भी लगातार कर रही थी।

कुलदीप कुमार ने कहा कि हम हाईकोर्ट का धन्यवाद करते हैं कि कोर्ट उस मासूम बच्चे और उसकी मां को न्याय दिलाने के लिए कदम उठाया है। एलजी साहब को अब यह गंदी राजनीति करना और उन भ्रष्ट अफसरों को बचाना छोड़ देना चाहिए, जिनकी लापरवाही की वजह से दिल्लीवालों की जान जा रही है। एलजी लगातार ऐसे अफसरों को संरक्षण देते हैं। हमें उम्मीद है कि हाई कोर्ट का यह आदेश पीड़ित परिवार के लिए सही साबित होगा और दिल्लीवालों के हित में कोर्ट की इस नई पहल से एलजी और डीडीए के अधिकारियों की नींद खुलेगी। हाई कोर्ट ने सारी सच्चाई खोलकर रख दी है। अब एलजी साहब बताएं कि वह कब उन लापरवाह अफसरों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। हाई कोर्ट का यह आदेश भाजपा, उनके एलजी और डीडीए के मुंह पर तमाचा है, जो झूठ की बुनियाद पर इस मां-बेटे की मौत को दबाना चाहते थे और उन्हें इंसाफ मिलने से रोकने के लिए झूठ फैला रहे थे। लेकिन अब हमें उम्मीद है कि उन्हें न्याय मिलेगा। वहीं, आम आदमी पार्टी के विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि उन मां-बेटे की जान तो वापस नहीं आ सकती, लेकिन हम कोर्ट के इस फैसले का सम्मान करते हैं। हमें उम्मीद है कि यह फैसला उस पीड़ित परिवार के जख्मों पर मरहम का काम करेगा। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस पूरे मामले में भाजपा और

# दिल्ली के बरवाला गांव में गंदे पानी की जलापूर्ति से जल-जनित बीमारियों का खतरा बढ़ा

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन गांव बरवाला दिल्ली के अध्यक्ष शिक्षाविद् डॉ.दयानंद वत्स भारतीय ने दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों से आज बरवाला गांव में पिछले एक सप्ताह से मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज के प्रशिक्षण केंद्र वाली गांव की मुख्य गली से पंडित मूलचंद शर्मा वाली होकर करतार सिंह प्रधान वाली ऊंची गली से होकर आगे की कई गलियों में नलों में काले और गंदे बदबूदार पानी की आपूर्ति होने से गांव में जल-जनित बीमारियों का खतरा बढ़ने की आशंका जाहिर की है। वत्स ने कहा बरवाला गांव में सुल्तानपुर डबास से ओर जैन कालोनी प्रहलादपुर बांगर की तरफ से दिल्ली जल बोर्ड पेयजल की आपूर्ति करता है। सुल्तानपुर डबास से सुबह पांच बजे होने वाली सप्लाई का पानी रेतीला ओर पीले रंग का आता है। यह पूठखुर्द में पुरानी नहर के साथ लगाए गए ट्यूबवैलों का कच्चा पानी है। शुरू शुरू में यह पानी काला गंदा ओर



बदबूदार आता है। बाद में पीली रेत मिश्रित पानी आता है जिसमें रेत नीचे बैठ जाता है। यह पीने लायक नहीं है फिर भी मजबूरी में लोग इसे आर.ओ आदि लगाकर पीने पर मजबूर हैं। वत्स ने बताया कि पिछले दिनों स्थानीय विधायक श्री जयभगवान उपकार ओर दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों के साथ आरडब्ल्यूए बरवाला की बैठक में अध्यक्ष शिक्षाविद् डा दयानंद वत्स भारतीय ने अधिकारियों से इस समस्या से छुटकारा देने के लिए सुल्तानपुर डबास में निर्मित रिजर्व वायर जिसमें बवाना प्लांट का शुद्ध पेयजल आता है उससे पूरे बरवाला गांव को पेयजल आपूर्ति की जाए। लेकिन गर्मियों में पानी की कमी के कारण हमें सुल्तानपुर डबास रिजर्व वायर से पानी उपलब्ध नहीं कराया जा सका। वत्स ने कहा कि बरवाला गांव में सप्लाई किया जा रहा पानी उल्टी दस्त लगा रहा है। लोगों में डायरिया की आशंका बढ़ गई है। इसलिए बरवाला में जैन कालोनी और सुल्तानपुर डबास की तरफ से आने वाली ओर बरवाला बूस्टर पंपिंग स्टेशन से गांव में आने वाली सभी लाइनों में लीकेज की गहनता से जांच कराई जाए।

सारे बरवाला गांव में ही लोग पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। पानी आता है पर पीने लायक नहीं है। गंदा, काला-पीला बदबूदार पानी आता है जिसे पशु भी नहीं पीते। पिछले एक साल से लोगों को मजबूरी में पीने का पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। वत्सस ने कहा कि हमारी जल बोर्ड से मांग है कि रवाला गांव को हैदरपुर अथवा बवाना प्लांट का शुद्ध पानी पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

# प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 144 करोड़ भारतीयों के लिए गौरव का क्षण: शिक्षाविद् डॉ.दयानंद वत्स भारतीय




अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् डॉ.दयानंद वत्स भारतीय ने आज प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस को 144 करोड़ भारतीयों के लिए गौरव का क्षण बताया है। वत्स ने कहा कि नेशनल स्पेस डे चंद्रमा पर भारत की सफल लैंडिंग का जीता जागता सबूत है। वत्स ने मून मिशन से जुड़े सभी अंतरिक्ष वैज्ञानिकों को देशवासियों की ओर से बधाई देते हुए कहा कि इसरो ने देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम समूची मानवता के लिए एक अनूठा उपहार है। वत्स ने कहा कि चंद्रयान -3 की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग के पीछे इसरो ओर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का योगदान अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखा गया है। भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम शांति ओर समृद्धि के लिए है।

# दिल्ली सरकार एमपॉक्स को लेकर सतर्क: स्वास्थ्य मंत्री भारद्वाज

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने शुक्रवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) सरकार राजधानी में एमपॉक्स (एमपीओएक्स) की स्थिति को लेकर कड़ी सतर्कता बरतने के साथ घटनाक्रम पर बारीकी से नजर बनाए हुए है। उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली सरकार केंद्र और अन्य राज्य सरकारों द्वारा उठाए गए कदमों को ध्यान से देख रही है। उन्होंने कहा, हम स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। केंद्र और (अन्य) राज्य सरकारों द्वारा उठाए गए कदमों पर भी हमारी पैनी नजर है।

इस सप्ताह की शुरूआत में दिल्ली सरकार ने एलएनजेपी अस्पताल, जीटीबी अस्पताल और बाबा साहेब आंबेडकर अस्पताल को एमपॉक्स के संदिग्ध और सत्यापित मामलों के प्रबंधन के लिए पृथक कक्ष स्थापित



करने का निर्देश दिया था। हालांकि उसने यह भी स्पष्ट किया था कि इस संक्रमण के किसी भी मरीज का पता नहीं चला है।

इस संक्रमण के सिलसिले में एलएनजेपी अस्पताल को नोडल अस्पताल के रूप में नामित किया गया है, जबकि आपात स्थिति के लिए दो अन्य को भी तैयार रखा गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने अफ्रीका के कई हिस्सों में इसके व्यापक प्रसार को देखते हुए एमपॉक्स को सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात घोषित किया है। इस बीच भारद्वाज ने नए और मौजूदा अस्पतालों में कर्मियों की नियुक्ति में देरी के लिए उपराज्यपाल वी के सक्सेना की आलोचना की। भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली सरकार बुनियादी ढांचे के विस्तार पर काम कर रही है जिसमें चार नए अस्पतालों का निर्माण और 13 अन्य में सुविधाओं में वृद्धि शामिल है, लेकिन चिकित्सकों और अर्धचिकित्साकर्मियों की नियुक्ति नहीं होने से ये प्रयास अब भी अधूरे हैं।

# दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा, बुजुर्गों की रुकी हुई पेंशन फिर से शुरू

नई दिल्ली। दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने कहा है कि केंद्र सरकार ने अपने हिस्से का फंड जारी न कर 5 महीनों से दिल्ली के 1 लाख बुजुर्गों की पेंशन रोक रखी थी। दिल्ली सरकार ने केंद्र सरकार से लड़कर एक लाख बुजुर्गों को उनकी पेंशन दिलवाई है। वित्त मंत्री आतिशी ने बताया कि दिल्ली सरकार ने गुरुवार को 90,000 बुजुर्गों के खाते में उनके 5 महीने की पेंशन भेजी, बचे 10,000 बुजुर्गों को पेंशन शुक्रवार को जारी होगी। उन्होंने कहा कि चाहे अरविंद केजरीवाल जेल में हों, लेकिन वो बुजुर्गों के हक में लड़ना बंद नहीं करेंगे। केजरीवाल सरकार दिल्ली वालों के काम नहीं रुकने देगी, जिस तरह केंद्र सरकार से लड़कर बुजुर्गों को ये पेंशन दिलवाई है, उसी तरह लड़कर दिल्ली वालों के रुके हुए काम करवायेंगे। आतिशी ने कहा कि दिल्ली के 4 लाख बुजुर्गों को वृद्धावस्था पेंशन मिलती है। इनमें से 1 लाख ऐसी पेंशन है जिसका कुछ हिस्सा दिल्ली सरकार से और कुछ हिस्सा केंद्र सरकार से आता है। पिछले 5 महीनों से इन एक लाख बुजुर्गों को पेंशन नहीं मिल रही थी। पेंशन इसलिए नहीं मिल रही थी क्योंकि जिन पेंशन का हिस्सा केंद्र से आता है उसे सरकार ने रोक रखा था। दिल्ली के बुजुर्ग बहुत परेशान थे। ये ऐसे बुजुर्ग हैं जो गरीब परिवारों से आते हैं, जिनके पास इस पेंशन के अलावा कोई आर्थिक साधन नहीं है। आतिशी ने कहा, मेरे पास अक्सर ये बुजुर्ग आते थे। हमारे अलग-अलग विधायकों के पास जाते थे। दिल्ली के ये एक लाख बुजुर्ग पिछले 5 महीने से बहुत परेशान थे। इन्हें लग रहा था कि इनकी देखरेख करने वाला इनका बेटा अरविंद केजरीवाल जेल में है, उनके लिए लड़ने वाला कोई नहीं है, इसलिए उनकी पेंशन नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि, मैं इन एक लाख बुजुर्गों को बधाई देना चाहती हूं कि जो पेंशन अप्रैल के महीने से रुकी हुई थी वो अब आना शुरू हो गई है। कल से ही दिल्ली के समाज कल्याण विभाग ने इन पेंशन को बुजुर्गों के अकाउंट में भेजना शुरू कर दिया है।

# दिल्ली में बुजुर्गों और विधवा महिलाओं को पेंशन नहीं मिलने पर भाजपा ने किया प्रदर्शन

दिल्ली में बुजुर्गों को पेंशन नहीं मिलने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी ने लाजपत नगर पार्ट 2 इलाके में प्रदर्शन किया। इसका नेतृत्व भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने किया। इसमें दक्षिणी दिल्ली के पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी, बीजेपी सांसद योगेंद्र चंदोलिया, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह, दिल्ली प्रदेश महामंत्री विक्रम मित्तल समेत कई कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान भाजपा नेताओं ने अरविंद केजरीवाल पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। वहीं, इसमें बड़ी संख्या में बुजुर्ग, विधवा महिलाएं और समर्थक इस प्रदर्शन में शामिल हुए और केजरीवाल सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल सरकार पिछले कई महीनों से गरीब बुजुर्गों और विधवा महिलाओं की हकमारी कर रहे हैं। उनको पेंशन नहीं दी जा रही है। सचदेवा ने चेतावनी दी कि यदि 24 घंटे के भीतर पेंशन जारी नहीं की गई तो बीजेपी दिल्ली सरकार का घेराव करेगी। सचदेवा ने कहा कि जिन बुजुर्गों की सेवा होनी चाहिए थी, उन्हें लूट लिया गया है।

आप सरकार कर रही पेंशन रोकने का कामः बुजुर्गों की पेंशन नहीं मिलने पर भाजपा के पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी ने भी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कई महीनों से बुजुर्गों को उनकी पेंशन नहीं मिल रही है। केजरीवाल की मानसिकता लूट और भ्रष्टाचार से जुड़ी है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि केजरीवाल बुजुर्गों के हक का पैसा हड़प चुके हैं और अब जनता को उनके भ्रष्टाचार के बारे में पता चल चुका है। आतिशी का भाजपा पर तंजः वहीं, दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने कहा कि मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि काफी संघर्ष के बाद केजरीवाल सरकार ने बुजुर्गों की रुकी हुई पेंशन शुरू कर दी है। पिछले पांच महीने की पेंशन बुजुर्गों के बैंक खातों में जमा हो रही है। पिछले 5 महीनों से भाजपा की केंद्र सरकार ने दिल्ली के 1 लाख बुजुर्गों की वृद्धावस्था पेंशन रोकी हुई थी। बुजुर्ग बहुत परेशान थे। केजरीवाल सरकार ने लड़-लड़ कर बुजुर्गों की रुकी हुई पेंशन को शुरू करवा दिया है।

# ई-रिक्शा चालक हत्या में साले समेत दो लोग गिरफ्तार

पूर्वी दिल्ली स्पेशल स्टाफ ने गुरुवार को शकरपुर में ई-रिक्शा चालक की चाकू से गोदकर हत्या की गुत्थी को सुलझा लिया है। पुलिस ने मामले में मृतक के साले समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से खून से सने कपड़े, चाकू, मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन बरामद हुआ। पुलिस उपायुक्त अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि आरोपी हत्या के बाद शव यमुना खादर इलाके में छोड़कर फरार हो गए थे। पुलिस को शव लावारिस हालत में मिला था। बाद में फिंगरप्रिंट की मदद से उसकी पहचान की गई थी। जांच में पता चला कि पकड़ा गया आरोपी



किशन सिंह उर्फ राजू मृतक राहुल उर्फ काले की पत्नी लक्ष्मी का ममेरा भाई है। वहीं, दूसरा आरोपी राहुल उर्फ केशव किशन का दोस्त है। रक्षाबंधन वाले दिन किशन अपने दोस्त केशव के साथ बहन के घर आया था। इस दौरान राहुल की उनके साथ कहासुनी हो गई। उस समय तो मामला शांत हो गया, लेकिन रात में ये लोग शराब और सिगरेट पीने के लिए यमुना खादर इलाके की ओर गए। यहां गाली-गलौज वाली बात को लेकर इनके बीच फिर से बहस शुरू हो गई। इस दौरान राहुल उर्फ काले ने चाकू निकाल लिया। वह घर से ही चाकू लेकर गया था। वह हमला करने ही वाला था कि किशन और केशव ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद किशन ने चाकू छीनकर राहुल पर हमला कर दिया। हमले के दौरान उसकी मौत हो गई तो आरोपी उसके शव को वहीं छोड़कर मौके से फरार हो गए।

# जन्माष्टमी पर श्रीकृष्ण को एक लाख व्यंजनों का भोग लगेगा

नई दिल्ली। मंदिरों में कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। कहीं कान्हा का दरबार थाइलैंड के फूलों से सजेगा तो किसी मंदिर में भगवान कृष्ण को एक लाख व्यंजनों का भोग लगेगा। उनकी पोषाक वृंदावन के कलाकारों द्वारा तैयार की गई। दस किलोग्राम के चांदी से बने झूले में कान्हा विराजमान होंगे। मंदिर मार्ग स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर (बिरला मंदिर) के प्रशासक विनोद मिश्रा ने बताया कि 25 अगस्त से उत्सव मंदिर में शुरू हो जाएगा। रविवार को शोभायात्रा निकाली जाएगी। परिसर को रोशनी से जगमग किया जाएगा। फूलों से मंदिर परिसर की सजावट होगी। सोमवार को गीता भवन में रासलीला, भजन कीर्तन और नृत्य नाटिक का आयोजन होगा। रात साढ़े 11 बजे से भगवान का महाभिषेक और 12 बजे महाआरती होगी। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि वह मोबाइल लेकर न आए। फोन पर रोक रहेगी। ध्वजा पटकों से सजे प्रवेश द्वार तैयार किए है। वृंदावन के कलाकारों ने वेशभूषा तैयार की है।

इस्कॉन मंदिर में 12 बजे महाआरती होगी

ईस्ट ऑफ कैलाश स्थित इस्कॉन मंदिर के राष्ट्रीय संपर्क निदेशक वृजेंद्र नंदन दास ने बताया कि 26 अगस्त को जन्माष्टमी का महोत्सव उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा। थाईलैंड के ऑर्किड और बेंगलुरु के गुलाबों से मंदिर सजेगा। श्रीराधा पार्थसारथी का वृंदावन के कुशल कारीगरों द्वारा तैयार वस्त्रों एवं आभूषणों से भव्य शृंगार होगा। भगवान को 1008 प्रकार के व्यंजनों का भोग और 108 प्रकार के केक अर्पित किए जाएंगे। ठीक 12 बजे महाआरती होगी। सुरक्षा को लेकर 200 सीटीवी कैमरे लगाए गए है। साथ ही दिल्ली पुलिस के जवान और निजी सुरक्षाकर्मी भी तैनात रहेंगे। रात 11 बजे के बाद मंदिर में बाहर से प्रवेश बंद हो जाएगा। वहीं, द्वारका स्थित इस्कॉन मंदिर में तीन दिवसीय कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। भगवान को एक लाख प्रकार के व्यंजनों का भोग लगेगा। 26 अगस्त की शाम 6 बजे कीर्तन होगा। श्रद्धालुओं को प्रसाद के तौर पर 15 तरह के लड्डू दिए जाएंगे।

## जो धारण करने योग्य है, वही धर्म है : गजेंद्र सिंह शेखावत

नई दिल्ली। धार्यति इति धर्मः अर्थात जो धारण करने योग्य है, वही धर्म है। उक्त बातें केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने डीयू के हिंदू अध्ययन केंद्र एवं संस्कृति संज्ञान के द्वारा मानवता के लिए श्री रामचरितमानस विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के अवसर पर कही। उन्होंने बताया कि धर्म की प्रासंगिकता हमारे प्राचीन ग्रंथों से ही है। उनमें से जो ग्रंथ सरल भाषा में सामान्य जन मानस तक पहुंचा वह तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस ही है। इसी कारणवश धर्म और रामचरितमानस दोनों आज भी एक दूसरे के सापेक्ष हैं। उन्होंने बताया की आज की हमारी सारी समस्याओं का समाधान, श्री रामचरितमानस में ही समाहित है। कार्यक्रम के प्रथम चरण में डॉ. प्रदीप कुमार सिंघल, (राष्ट्रीय अध्यक्ष, संस्कृति संज्ञान) के नेतृत्व में संस्कृति संज्ञान के द्वारा संरचित पुस्तक मानस के मोती पुस्तक का विमोचन भी किया गया।

## आवारा पशुओं की समस्या पर पूर्व महापौर ने चिंता की जाहिर

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम की पूर्व महापौर और वर्तमान पार्षद सत्या शर्मा ने आवारा पशुओं की समस्या और उनसे होने वाली मौतों को लेकर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि दो दिन पहले बुराड़ी रिंग रोड पर आवारा पशु की वजह से एक और व्यक्ति की मौत हो गई। इस घटना से पहले कड़कड़डूमा सैनी एन्क्लेव चौक लालबत्ती पर मोटर साइकिल सवार की और दक्षिण दिल्ली में एक व्यक्ति की आवारा पशु की वजह से मौत हुई। गीता कॉलोनी में भी एक महिला को आवारा पशु ने अधमरा कर दिया था। बीते कुछ दिनों में राजधानी में आवारा पशुओं के हमलों की घटनाओं ने लोगों को भयभीत कर दिया है।

## दीक्षांत समारोह के लिए भारतीय पोशाक तैयार होगी

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने केंद्र के अधीन आने वाले सभी चिकित्सा शिक्षण संस्थानों को दीक्षांत समारोह के लिए अपनी अलग पोशाक तैयार करने को कहा है। मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी आदेश में कहा है कि मौजूदा समय में भी अंग्रेजों के जमाने में शुरू की गई पोशाक दीक्षांत समारोह में पहनी जा रही है, जो गुलामी की मानसिकता का प्रतीक है। संस्थानों से कहा गया है कि वे इसके लिए भारतीय पोशाक तैयार करें। यह पोशाक उस राज्य की परंपरा के अनुरूप भी होनी चाहिए जहां संस्थान स्थित है।

# पुरानी पेंशन को लेकर हो सकता है बड़ा फैसला

**● प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज करेंगे राष्ट्रीय परिषद के पदाधिकारियों के साथ बैठक**

नई दिल्ली। पुरानी पेंशन को लेकर सरकार की तरफ से कोई बड़ा फैसला लिया जा सकता है। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्टाफ साइड की राष्ट्रीय परिषद के पदाधिकारियों से मिलेंगे। इस संबंध में भारत सरकार के उप सचिव प्रवीण जारगर ने परिषद के सचिव शिव गोपाल मिश्रा को पत्र लिखा है कि बैठक में परिषद के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहें, जिससे कि उनसे जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जा सके। भाजपा के सत्ता में आने बाद प्रधानमंत्री की कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के साथ इस तरह यह पहली बैठक होगी।

माना जा रहा है कि कुछ राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सरकार पुरानी पेंशन जैसे अन्य मुद्दों पर कोई अहम फैसला ले सकती है, जिससे पहले यह बैठक बुलाई गई है। लंबे समय से कर्मचारियों की मांग रही है कि पुरानी पेंशन को बहाल किया जाए। सार्वजनिक उपकरणों के निजीकरण को लेकर भी कर्मचारी यूनियन विरोध जताती आ रही है। रेलवे समेत तमाम सरकारी विभागों में पद खाली पड़े हैं, जिन्हें भरने को लेकर भी कर्मचारी यूनियनों की लंबे समय से मांग रही है। ऐसे में सीधे प्रधानमंत्री के साथ होने जा रही बैठक को काफी अहम माना जा रही है। सात लोक कल्याण मार्ग पर होने वाली बैठक में कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा होनी की उम्मीद है। इसमें पुराने पेंशन को लेकर भी कोई अहम फैसला हो सकती है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के आम बजट को पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी पेंशन में सुधार की बात कही थी। इस लिहाज से बैठक को काफी अहम माना जा रही है।

# दिल्ली वाले आज इन रास्तोंक से करें परहेज, श्रीकृष्ण जन्माहष्ट मी के मद्देनजर ट्रैफकि पुलसि ने जारी की एडवाइजरी

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

देशभर में श्रीकृष्णह जन्माकष्ट्मी का त्योाहार 26 मई को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर राजधानी के अलग-अलग इलाकों में हदिू धार्िकक संगठनों की ओर से कई कार्यक्रम आयोजति कयि जाते हैं। साथ ही शोभा यात्राएं भी निकाली जाती हैं। इस दनि सभी छोटे-बड़े मंदरिों को खूब सजाया जाता है। इसी कड़ी में भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के मद्देनजर आज शुक्रवार दोपहर पुरानी दिल्ली के सदर बाजार की आजाद मार्केट और उसके कई इलाकों में शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा के चलते इलाके में लोगों को यातायात की समस्या से जूझना ना पड़े, इसको लेकर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की ओर से एक एडवाइजरी भी जारी की गई है।

हिंदू पर्व समारोह समिति, सदर बाजार की ओर से श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर आज दोपहर 1 बजे शोभा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस शोभायात्रा की शुरूआत सनातन धर्म मंदिर-लाइब्रेरी रोड- आजाद मार्केट से होगी जोकि टोकरीवाला, आजाद मार्केट चौक, बहादुरगढ़ रोड,



तेलीवाड़ा, सदर टिंबर मार्केट, कुतुब रोड, सदर बाजार चौक, बारा टूटी, पहाड़ी धीरज (महाराजा अग्रसेन मार्ग), रानी झांसी रोड, ईस्ट पार्क रोड, ईदगाह रोड, श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर और अहाता खिडारा तक निकाली जाएगी। इसलिए इस सड़क पर लोगों को जाने से बचने की सलाह दी गई। साथ ही यात्रियों से आग्रह कयिा है कि वो इस सड़का प्रयोग ना करके वैकल्िपक रूट से अपने गंतव्यऔ जाने की योजना बना सकते हैं।

इसके अलावा ट्रैफिक पुलिस की ओर से कई और एडवाइजरी भी जारी की गई है जोकि दल्लिी के अलग-अलग इलाकों में वॉटरलॉगिंग की वजह से कई सड़कों पर यातायात के प्रभावित होने से जुड़ी हुई है। आनंद पर्वत पर वॉटर लॉगिंग की वजह से न्यू रोहतक रोड पर जखीरा से कमल टी पॉइंट का दोनों तरफ का ट्रेफकि प्रभावित है। इसकी वजह से लिबर्टी सिनेमा की तरफ से आने वाले वाहनों को जोकि पंजाबी बाग जाने वाले हैं, उनके रूट को कमल टी पॉइंट से कुछ समय के लिए डायवर्ट किया गया है। इसी तरह से पंजाबी बाग से आने वाले ट्रैफिक को भी डायवर्ट किया गया है जोकि पहाड़गंज, सेंट्रल दिल्ली जाना चाहते हैं, वह सभी वाहन मोती नगर और पटेल रोड के जरिए जा सकते हैं। इसके अलावा रोहतक रोड, नांगलोई, मुंडका, जीटी करनाल रोड आदि समेत अन्ये सड़कों पर ही यातायात समस्या को ट्रैफकि पुलसि की ओर से एडवाइजरी जारी की हैं।

# बीजेपी का झूठ ज्यादा दिन नहीं चलेगा, जल्द जेल से बाहर आएंगे केजरीवाल : डॉ. संदीप पाठक

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) डॉ. संदीप पाठक ने शुक्रवार को गुरुग्राम में गुरुग्राम व फरीदाबाद लोकसभा के कार्यकताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता मौजूद रहे। डॉ. संदीप पाठक ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी के एक एक कार्यकर्ता को 100 आदमियों के बराबर काम करना पड़ेगा। बिना काम किए कुछ नहीं बदलेगा। सभी को 24 घंटे काम करना पड़ेगा। ये किसी एक की जिम्मेदारी नहीं है, ये हम सबकी जिम्मेदारी है। पंजाब में बदलाव तब आया जब आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने 24 घंटे दिन




रात मेहनत की। हरियाणा में भी अपने संघर्ष से ये युद्ध जीतना पड़ेगा।

उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हरियाणा में विधानसभा चुनाव के 35 दिन बचे हैं। आम आदमी पार्टी अपने अभियान को और मजबूत करेगी। आने वाले दिनों में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा को जो गारंटियां दी थी उसका 40 लाख घरों में रजिस्ट्रेशन करेंगे। उन्होंने कहा कि तीन दिन में सभी 10 लोकसभा के कार्यकताओं के साथ बैठक की है, अब जल्द ही आम आदमी पार्टी उम्मीदवारों की घोषणा करेगी।

उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली और पंजाब में जो काम किया है और पूरे देश में जो उनका विजन है वो जनता के सामने रखेंगे। बिजली, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और महिलाओं के सम्मान की गारंटी ये सभी गारंटी कार्ड उनको देकर और समझाकर इस बार बदलाव के लिए जागरूक करेंगे और वोट डलवाएंगे।

उन्होंने कहा कि बीजेपी ने अरविंद केजरीवाल को षड्यंत्र के तहत जेल में डाल रखा है। लेकिन बीजेपी का झूठ ज्यादा दिन नहीं चलने वाला, अरविंद केजरीवाल बहुत जल्द जेल से बाहर आएंगे। जब से आम आदमी पार्टी हरियाणा में चुनाव के लिए सक्रिय हुई थी तब से इन्होंने षड्यंत्र के तहत अरविंद केजरीवाल को जेल में डाल रखा है और अब भी 15 दिन पहले चुनाव करा दिया। अरविंद केजरीवाल को ईडी और लोअर कोर्ट ने बरी कर दिया है अब जबरदस्ती सीबीआई लाकर खड़ी कर दी। बीजेपी अरविंद केजरीवाल को अन्दर रखकर जल्दी जल्दी चुनाव करना चाहती है। लेकिन इस बार जनता खुद बदलाव के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी आने वाले दिनों में हर विधानसभा वाइज रैलियां करेगी और अरविंद केजरीवाल की गारंटी को घर घर पहुंचाएगी। इस बार लड़ाई सत्य और असत्य के बीच है। बीजेपी ने हरियाणा के युवाओं और किसानों को धोखा देने के अलावा कुछ नहीं किया। इसलिए पूरे हरियाणा के लोगों में बीजेपी के खिलाफ आक्रोश है। इस बार हरियाणा की जनता बीजेपी का सूपड़ा साफ करेगी।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, शनिवार, 24 अगस्त, 2024

# एक बार फिर केजरीवाल ने निभाया बेटा होने का फर्ज

## भाजपा शासित केंद्र सरकार ने अपने हिस्से का फण्ड जारी न कर 5 महीनों से रोक रखा था दिल्ली के 1 लाख बुजुर्गों का पेंशन-आतिशी

प्रात: किरण संवाददाता



एक बार फिर सीएम अरविंद केजरीवाल बेटा होने का फर्ज.निभाया है। सीएम अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार से लड़कर दिल्ली के एक लाख बुजुर्गों को 5 महीने से रुकी उनकी पेंशन दिलवाई है। इस बाबत प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए साझा करते हुए वित्त मंत्री आतिशी ने कहा कि, भाजपा शासित केंद्र सरकार अपने हिस्से का फण्ड जारी न कर 5 महीनों से दिल्ली के 1 लाख बुजुर्गों का पेंशन रोक रखा था। दिल्ली के एक लाख बुजुर्ग पिछले 5 महीने से बहुत परेशान थे; बुजुर्गों का मानना था कि उनक बेटा अरविंद केजरीवाल जेल में है, इसलिए उनकी पेंशन नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि, जेल में रहते हुए बुजुर्गों के प्यार और आशीर्वाद की बदौलत भाजपा की केंद्र सरकार से लड़कर अरविंद केजरीवाल जी ने एक लाख बुजुर्गों को उनकी पेंशन दिलवाई है। वित्त मंत्री आतिशी ने साझा किया कि, दिल्ली सरकार द्वारा कल 90,000 बुजुर्गों के खाते में उनके 5 महीने की पेंशन भेजी गई, बची 10,000 पेंशन आज जारी होंगी। उन्होंने कहा कि,चाहे दिल्ली के बुजुर्गों के बेटे अरविंद केजरीवाल जी जेल में हो लेकिन वो बुजुर्गों के हक में लड़ना बंद नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि, केजरीवाल सरकार दिल्लीवालों के काम नहीं रुकने देगी, जिस तरह भाजपा शासित केंद्र सरकार से लड़कर बुजुर्गों को ये पेंशन दिलवाई है, उसी तरह लड़कर दिल्लीवालों के रुके हुए काम करवायेंगे। वित्त मंत्री आतिशी ने कहा कि, दिल्ली के 4 लाख बुजुर्गों को वृद्धावस्था पेंशन मिलती है। इनमें से 1 लाख ऐसी पेंशन है, जिसका कुछ हिस्सा दिल्ली सरकार से और कुछ हिस्सा केंद्र सरकार से आता है। पिछले 5 महीनों से इन एक लाख बुजुर्गों को पेंशन नहीं मिल रही थी। उन्होंने कहा कि, इन एक लाख बुजुर्गों को पेंशन इसलिए नहीं मिल रही थी क्योंकि जिन पेंशन का हिस्सा केंद्र सरकार से आता है उसे भाजपा शासित केंद्र सरकार ने रोक रखा था। दिल्ली के बुजुर्ग बहुत परेशान थे। ये ऐसे बुजुर्ग है जो गरीब परिवारों से आते है, जिनके पास इस पेंशन के अलावा कोई भी आर्थिक साधन नहीं है। वित्त मंत्री आतिशी ने साझा किया कि, मेरे पास अक्सर ये बुजुर्ग आते थे। हमारे अलग-अलग विधायकों के पास जाते थे। दिल्ली के ये एक लाख बुजुर्ग पिछले 5 महीने से बहुत परेशान थे। इन्हें लग रहा था कि, इनकी देखरेख करने वाला इनका बेटा अरविंद केजरीवाल जेल में है, उनके लिए लड़ने वाला कोई नहीं है इसलिए उनकी पेंशन नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि, मैं दिल्ली के इन एक लाख बुजुर्गों को बताना चाहती हूँ कि चाहे उनके बेटे अरविंद केजरीवाल जी जेल में है लेकिन इसके बावजूद भी उन्हें दिल्ली के बुजुर्गों की जिन्हें वो अपना माता-पिता मानते है, उनकी चिंता लगी रहती है। पिछले कुछ महीनों में मैं जब भी उनसे मिलने गई तो उन्होंने एक चीज हर बार पूछी है कि बुजुर्गों को पेंशन मिली या नहीं? उन्होंने हर बार चिंता जताई है कि, दिल्ली के एक लाख बुजुर्ग जो उनके माता-पिता की तरह है, उन्हें पेंशन नहीं मिली है। वित्त मंत्री आतिशी ने कहा कि, दिल्ली के बुजुर्गों के प्यार और आशीर्वाद का नतीजा है कि, जेल में रहने के बावजूद उनके बेटे अरविंद केजरीवाल जी ने भाजपा की केंद्र सरकार से लड़कर इन एक लाख बुजुर्गों की पेंशन दिलवाई है।

उन्होंने कहा कि, मैं इन एक लाख बुजुर्गों को बधाई देना चाहती हूँ कि, जो पेंशन अप्रैल के महीने से रुक गई थी वो अब आना शुरू हो गई है। कल से ही दिल्ली के समाज कल्याण विभाग ने इन पेंशन को बुजुर्गों के अकाउंट में भेजना शुरू कर दिया है। कल तक तकरीबन 90 हजार पेंशन का ट्रांसफर हो चुका है बाकी बचे 10,000 पेंशन आज दिल्ली के बुजुर्गों के बैंक अकाउंट में भेज दिया जाएगा।

वित्त मंत्री आतिशी ने कहा कि, मैं दिल्ली के बुजुर्गों से वादा करना चाहती हूँ कि, चाहे उनके बेटा अरविंद केजरीवाल जी जेल में हो लेकिन वो बुजुर्गों के हक में लड़ना बंद नहीं करेंगे।उन्होंने कहा कि, भाजपा का एक ही काम है, दिल्ली के लोगों को परेशान करना, उनके काम रोकना और इसी कड़ी में बुजुर्गों की पेंशन रोकी गई थी। लेकिन मैं अरविंद केजरीवाल जी, अरविंद केजरीवाल सरकार की ओर से दिल्ली के लोगों से वादा करती हूँ कि चाहे हमें कितना भी लड़ना पड़े हम दिल्ली वालों के काम करवाते रहेंगे। जिस तरह से भाजपा के केंद्र सरकार से लड़कर हमने बुजुर्गों को ये पेंशन दिलवाई है, उसी तरह लड़कर दिल्लीवालों के रुके हुए काम करवायेंगे। 5 महीने से रुकी थी 1 लाख बुजुर्गों की पेंशन बता दे कि दिल्ली के एक लाख बुजुर्गों की पेंशन अप्रैल महीने से ही रुकी हुई थी। इस पेंशन के एक बड़े हिस्से के रूप में प्रति पेंशनर 2200 रुपये दिल्ली सरकार और 300 रुपये केंद्र सरकार देती है। लेकिन पिछले 5 महीनों से केंद्र सरकार ये हिस्सा नहीं दे रही थी। और पेंशन के नियमों की वजह से जबतक केंद्र सरकार से उनका हिस्सा नहीं मिल जाता तबतक पेंशन जारी नहीं किया जा सकता है। केंद्र सरकार द्वारा अपने हिस्से का फण्ड न देने की वजह से दिल्ली के एक लाख बुजुर्गों को 5 महीने तक अपनी पेंशन का इंतजार करना पड़ा था।

# उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा आज, तैयारियों मे जुटा अमला

## रेलवे स्टेशन व बस अड्डे पर बनाए गए हैं हेल्प डेस्क, लगाए गए हैं साइनेज: जिला अधिकारी

- सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट व नोडल ऑफिसर किएं गए नियुक्त
- परीक्षार्थी आवश्यक अभिलेख साथ लेकर आएं: डीएम

प्रात: किरण संवाददाता





अमरोहा। जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी एवं पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह ने संयुक्त रूप से आज प्रारंभ हो रही पुलिस भर्ती परीक्षा के दृष्टिगत परीक्षा केंद्र राजकीय इंटर कॉलेज अमरोहा व कोतवाली अमरोहा में बनाए गए पुलिस कंट्रोल रूम का मौके पर जाकर निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का परखा। साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि पुलिस परीक्षा पूरी पारदर्शिता शुचितापूर्ण शांतिपूर्ण कराई जाएगी। परीक्षा में बाधा डालने वाले आराजक तत्वों से कड़ाई से निपटा जाएगा। सेक्टर मजिस्ट्रेट जोनल मजिस्ट्रेट स्टेटिक मजिस्ट्रेट व नोडल ऑफिसर की तैनाती कर दी गई है। बताया कि सोशल मीडिया अभी से पूरी तरह से एक्टिव कर दिया गया है कंट्रोल रूम के माध्यम से भी पूरी नजर रखी जा रही है। बताया कि रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर हेल्प डेस्क लगाई गयी है तथा साइनेज बनाये गए हैं। ताकि बाहर से आने वाले परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में कोई दिक्कत ना हो। हेल्प डेस्क और साइनेज के माध्यम से बताया जा सकेगा की कौन सा सेंटर कितनी दूरी पर है और किस मार्ग से किस मार्ग से किस सेंटर को जाना होगा। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में 09 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जो सभी शहर में ही हैं।

परीक्षार्थियों से अपील है कि वह अपने-अपने सेंटर पर परीक्षा प्रारंभ होने से ढाई से तीन घण्टे पूर्व ही पहुंच जाए ताकि स्कैनिंग सहित अन्य की जाने वाली प्रक्रिया समय से पूर्ण की जा सके। परीक्षार्थी सारे अभिलेख अपने साथ लेकर आएं ताकि परीक्षा देने में कोई भी दिक्कत ना हो। जिलाधिकारी ने बताया कि परीक्षा पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है रेलवे स्टेशन बस अड्डा होटल व अन्य संदिग्ध स्थलों पर लगातार चेकिंग की जा रही है। कोई भी भ्रामक खबर या संदिग्ध व्यक्ति मिलता है तो कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।सोशल मीडिया अच्छी तरह से कार्य कर रहा है परीक्षा को नकल विहीन शांतिपूर्ण पारदर्शी कराने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। एसटीएफ भी लगाई गई है जो एक्टिव रूप से कार्य करेगी होटल रेस्टोरेंट रेलवे बस अड्डे पर गहन चेकिंग की जाएगी। फोटो स्टेट की दुकान बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक श्री राजीव कुमार क्षेत्राधिकारी श्री अभिषेक यादव जी सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# दिल्ली के कई हिस्सों में बारिश, येलो अलर्ट जारी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को दोपहर में बादल छाए रहे और कई हिस्सों में बारिश हुई। मौसम विभाग ने शाम तक और बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि शहर के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। आईएमडी मौसम की चेतावनियों के लिए रंग-कोड का उपयोग करता है, जिससे संभावित मौसम की घटनाओं की गंभीरता को दर्शाया जा सके। इसका मुख्य उद्देश्य संबंधित अधिकारियों और आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को ह्यमौसम के संभावित प्रभाव के बारे में पहले से ही सचेत करना है, जिससे वह आपदा जोखिम न्यूनीकरण से संबंधित आवश्यक कार्रवाई के लिए तैयार रहें। ग्रीन अलर्ट का अर्थ है कि किसी सलाह की आवश्यकता नहीं है। यलो अलर्ट खराब मौसम और स्थिति के बिगड़ने की संभावना को दशार्ता है, जिससे जन-जीवन प्रभावित हो सकता है। ऑरेंज अलर्ट का अर्थ है संभावित बिजली कटौती और परिवहन, रेल, सड़क तथा हवाई यात्रा में संभावित व्यवधान के लिए तैयार रहें। ह्यरेड अलर्टह्न का अर्थ है कार्रवाई करें, अत्यंत खराब मौसम के कारण परिवहन और बिजली आपूर्ति बाधित होने की आशंका है और जन-जीवन को खतरा हो सकता है।

आईएमडी ने बताया कि दिल्ली में न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिल्ली में सापेक्षिक आर्द्रता का स्तर 85 प्रतिशत दर्ज किया गया और अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किए जाने की संभावना है।


केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 75 दर्ज किया गया, जो संतोषजनक श्रेणी में आता है।

शून्य से 50 के बीच एक्यूआई अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

# मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार का केंद्र सरकार ने बढ़ाया प्रतिनियुक्ति कार्यकाल

प्रात: किरण संवाददाता, नादिर त्यागी

मुरादाबाद। मुरादाबाद मंडल के जनहितैषी मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह (आई.ए.एस. सिक्किम केडर) का केन्द्र सरकार ने उत्तर प्रदेश में प्रतिनियुक्ति काल एक वर्ष के लिये और बढ़ा दिया है जिसका केंद्र सरकार के सम्बंधित मंत्रालय के निदेशक का आदेश सूचना पत्र उत्तर प्रदेश सरकार को मिल गया। आपको बताते चलें कि आन्जनेय कुमार सिंह 2005 बेच के सिक्किम केडर के आई.ए.एस. अधिकारी है वह सपा सरकार में उत्तर प्रदेश में प्रतिनियुक्ति पर आये थे और पिछले लगभग 8 वर्षों से उत्तर प्रदेश में ही अपनी सेवाएं दे रहे हैं आन्जनेय कुमार सिंह 6 मार्च 2021 से बतौर



मुरादाबाद मंडल के मंडलायुक्त के पद रहते हुए मंडल में जनता के लिए सरकारी योजनाओं को अमली जामा पहनाते हुए पूरी लगन से अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

आन्जनेय कुमार सिंह को एक जनहितकारी, कर्तव्य परायण और मृदु भाषी अधिकारी माना जाता है केंद्र सरकार के इस फैसले से मुरादाबाद मंडल की जनता में खुशी है उनका कहना है कि जनता की समस्याओं को सुनने और उन का निस्तारण कराने वाले एक अच्छे अधिकारी अब हमारे बीच एक वर्ष और रहकर सरकार के आदेशों का पालन कराते हुए मंडल का विकास कराने में अपनी अग्रणीय भूमिका निभाएंगे। श्री आन्जनेय कुमार सिंह का उत्तर प्रदेश में प्रतिनियुक्ति कार्यकाल बढ़ने पर मंडल के वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार शर्मा, देश के जाने-माने शायर नजर बिजनौरी, समाजसेवी आबिद अली खान रामपुर, उत्तर प्रदेश सरकार से मान्यता प्राप्त पत्रकार रईस सिद्दीकी, वर्किंग जर्नलिस्ट्स ऑफ इंडिया सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ दिल्ली के एग्जीक्यूटिव मेंबर नादिर अली त्यागी सहित अनेक बुद्धिजीवीयो साहित्यकारो,पत्रकारों, गणमान्य लोगों ने बधाई दी।

# मुशायरा एवं कवि सम्मेलन के लिए बनी रणनीति, कार्यक्रम स्थल का हुआ चयन



प्रात: किरण संवाददाता

स्योहारा/सहसपुर। सहसपुर में होने वाले अजीमुशान ऑल इंडिया मुशायरा एवं कवि सम्मेलन के लिए आयोजक मंडल ने रणनीति बनाई और कार्यक्रम स्थल का चयन भी किया। कौमी एकता को बढ़ावा देने के लिये सहसपुर जिला बिजनौर में बहुत जल्द ही एक ऑल इंडिया मुशायरा और कवि सम्मेलन होने जा रहा है इसकी जानकारी देते हुए होने वाले मुशायरे के कन्वीनर और देश के जाने माने मशहूर शायर नजर बिजनौरी ने बताया की मुशायरा के लिए जगह का चयन कर लिया गया है कार्यक्रम एच. एम.इंटर कॉलेज सहसपुर में होगा और जल्दी मुशायरा की तारीख का ऐलान भी कर दिया जाएगा। कार्यक्रम में आने वाले मेहमानों से भी बात कर ली गई है आने वाले मुख्य लोगो मे कमिश्नर मुरादाबाद आन्जनेय कुमार सिंह और उत्तर प्रदेश के विभाग प्रमुख सचिव डॉक्टर हरिओम लखनऊ (आईएएस) लखनऊ, पवन कुमार (आईएएस) दिल्ली रहेंगे। उन्होंने बताया मुशायरा में नामी गिरामी शोरा ए इकराम, कवियों और साहित्यकारों को बुलाया जाएगा ताकि सहसपुर और आसपास के इलाके के लोगों को अच्छे और बेहतरीन कलाम (अशआर ,गीत) देख और सुन सके। मुशायरा एवं कवि सम्मेलन की रणनीति बनाने वाले मुख्य लोगों में नजर बिजनौरी,आबिद अली खान रामपुर, चौधरी रफत उल्ला, रिहान अल्वी रामपुर, एच.एम.इंटर कॉलेज के प्रबंधक आफताब आलम, जहीर अंसारी, मौहम्मद आजम आदि रहे।

# सीबीआई मामले में केजरीवाल को राहत नहीं, सुप्रीम कोर्ट पांच सितंबर को करेगा अगली सुनवाई



नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाला मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की गिरफ्तारी की वैधता को चुनौती देने वाली और इसी मुकदमे में जमानत की मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की दो अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई पांच सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी है।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने उनकी याचिकाओं पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद शुक्रवार को कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई पांच सितंबर को करेगी, ताकि जवाबी हलफनामा दाखिल किया जा सके।

सुनवाई के दौरान पीठ के समक्ष सीबीआई ने श्री केजरीवाल की याचिकाओं का यह कहते हुए जोरदार विरोध किया कि अगर उन्हें अंतरिम जमानत पर रिहा किया जाता है, तो वह सबूतों से छेड़छाड़ कर जांच को बाधित कर सकते हैं।

शीर्ष अदालत ने 14 अगस्त को सीबीआई को (दोनों याचिकाओं पर) अपना पक्ष रखने का निर्देश देते हुए कहा था कि वह इस मामले में अगली सुनवाई 23 अगस्त को करेगी।

श्री केजरीवाल ने दिल्ली उच्च न्यायालय की ओर से पांच अगस्त को अपनी याचिका ठुकरा दिए जाने के बाद शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है।

वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने पीठ के समक्ष तब श्री केजरीवाल का पक्ष रखते हुए दलील दी थी कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज मुकदमे में शीर्ष अदालत ने तीन मौकों पर अंतरिम जमानत दी है। उन्होंने दावा किया था कि सीबीआई की ओर से श्री केजरीवाल की गिरफ्तारी एक प्रकार से पहले से तय थी, क्योंकि यह अनुमान था कि ईडी मामले में उन्हें जमानत मिलेगी और वह जेल से रिहा किए जाएंगे।

पीठ पर तब श्री सिंघवी की इन दलीलों का कोई असर नहीं पड़ा। पीठ के इस रुख बाद श्री सिंघवी ने मुख्यमंत्री केजरीवाल के स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का जिक्र करते हुए अगली सुनवाई के लिए नजदीक की तारीख मुकर्रर करने का आग्रह किया। इसके बाद पीठ ने कहा कि वह इस मामले में 23 अगस्त को अगली सुनवाई करेगी।

# दिल्ली पुलिस का सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा, कहा मालीवाल पर हमले के पीछे बड़ी साजिश

नई दिल्ली । उच्चतम न्यायालय के समक्ष दिल्ली पुलिस ने 13 मई को राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल पर किए गए ह्यक्रूर हमलेह्न के पीछे बड़ी साजिश का दावा करते हुए आरोपी बिभव कुमार की जमानत याचिका का कड़ा विरोध किया है। दिल्ली उच्च न्यायालय की ओर से 12 जुलाई को जमानत याचिका खारिज करने के आदेश को चुनौती देने वाली बिभव की याचिका पर अपना जवाब दाखिल करते हुए पुलिस ने शीर्ष अदालत के समक्ष यह विरोध दर्ज कराया। पुलिस ने हालांकि कहा, इसके (हमले के) बाद के दिनों में जिम्मेदार लोक सेवकों द्वारा लिए गए विरोधाभासी सार्वजनिक रुख की भी सही परिप्रेक्ष्य में जांच की जानी चाहिए ताकि यह पता लगाया जा सके कि याचिकाकर्ता के हाथों शिकायतकर्ता/पीड़ित पर किए गए क्रूर हमले के पीछे कोई बड़ी साजिश थी या नहीं। पुलिस ने कहा कि अपराध के तुरंत बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और याचिकाकर्ता काफी समय तक साथ थे। याचिकाकर्ता बिभव श्री केजरीवाल का करीबी और उनके सरकारी आवास पर हुए इस कथित हमले का आरोपी है।हलफनामे में पुलिस ने यह भी कहा कि अपराध के बाद के दिनों में घटना के संबंध में पार्टी के दो जिम्मेदार व्यक्तियों ने भी पूरी तरह से अपना रुख बदल लिया था। पुलिस ने कहा कि यह बहुत गंभीर मामला है, क्योंकि पीड़िता दिल्ली की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी की मौजूदा सांसद है। उन्हें बहुत संवेदनशील स्थान (मुख्यमंत्री आवास) पर बेरहमी से पीटा गया। पुलिस ने अदालत के समक्ष कहा, पीड़िता काफी समय तक दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष रहीं। उन पर इस तरह का हमला समाज में महिलाओं की सुरक्षा पर संदेह पैदा करता है। पुलिस ने यह भी कहा कि इस घटना का आम जनता के मन पर गहरा असर पड़ा है और उक्त मामले में किसी भी निर्णय का जनता के मन पर व्यापक असर पड़ेगा। याचिकाकर्ता पर आरोप है कि उसने 13 मई को यहां श्री केजरीवाल के आधिकारिक आवास पर सुश्री मालीवाल पर हमला किया था। उसके खिलाफ 16 मई को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज होने के बाद उसे 18 मई को उसे गिरफ्तार किया गया था। आरोपी के खिलाफ महिला को निर्वस्त्र करने के इरादे से उस पर आपराधिक बल का प्रयोग करने, हमला करने या आपराधिक हत्या करने का प्रयास करने से संबंधित धाराएं लगाई गई हैं।

# मुंबई में बच्चे की कुकर्म के बाद हत्या में फरार आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। कमला मार्केट पुलिस ने मुंबई में बच्चे की कुकर्म कर हत्या कर फरार आरोपी को बुधवार को स्वामी श्रद्धानंद मार्ग (जीबी रोड) इलाके से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान विपुल सिकंदरी के तौर पर हुई है। मुंबई पुलिस को इस गिरफ्तारी की सूचना दे दी गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने वर्ष 2012 में पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में अपनी पत्नी की हत्या की थी। वर्ष 2020 में कोविड के दौरान पैरोल मिलने पर वह छह माह तक स्वामी श्रद्धानंद मार्ग (जीबी रोड) इलाके में रहा। वह पैरोल जम्प कर मुंबई चला गया। इसी साल 28 जनवरी को उसने मुंबई के खरगंगा इलाके में 12 साल के बच्चे का अपहरण कर उसके साथ कुकर्म किया। फिर हत्या कर रेलवे ट्रैक पर शव फेंक दिया। आरोपी बचने के लिए देशभर के अलग-अलग हिस्सों में छिपता रहा। बुधवार को स्वामी श्रद्धानंद मार्ग (जीबी रोड) इलाके में हेडकांस्टेबल अंकुश एवं हेडकांस्टेबल शेखर ने उसे संदिग्ध हालत में देखा तो हिरासत में लेकर पूछताछ की। इसके बाद मामले का खुलासा हुआ।

# जो धारण करने योग्य है, वही धर्म है : गजेंद्र सिंह शेखावत

नई दिल्ली। धार्यति इति धर्मः अर्थात जो धारण करने योग्य है, वही धर्म है। उक्त बातें केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने डीयू के हिंदू अध्ययन केंद्र एवं संस्कृति संज्ञान के द्वारा मानवता के लिए श्री रामचरितमानस विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के अवसर पर कही। उन्होंने बताया कि धर्म की प्रासंगिकता हमारे प्राचीन ग्रंथों से ही है। उनमें से जो ग्रंथ सरल भाषा में सामान्य जन मानस तक पहुंचा वह तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस ही है। इसी कारणवश धर्म और रामचरितमानस दोनों आज भी एक दूसरे के सापेक्ष हैं। उन्होंने बताया की आज की हमारी सारी समस्याओं का समाधान, श्री रामचरितमानस में ही समाहित है। कार्यक्रम के प्रथम चरण में डॉ. प्रदीप कुमार सिंघल, (राष्ट्रीय अध्यक्ष, संस्कृति संज्ञान) के नेतृत्व में संस्कृति संज्ञान के द्वारा संरचित पुस्तक मानस के मोती पुस्तक का विमोचन भी किया गया।

# जन्माष्टमी पर 11 फीट ऊंचा बर्फ का शिवलिंग बनाया जाएगा

प्रात: किरण संवाददाता

पूर्वी दिल्ली के गगन विहार स्थित श्री महाशक्ति दुर्गा मंदिर समिति एवं श्री साईं धाम मंदिर में 11 फीट ऊंचा बर्फ का शिवलिंग बनाया जाएगा। संस्था के विशिष्ट सहयोगी राजेश जैसवाल एवं मंदिर के मुख्य पुजारी अनिल कुमार झा ने बताया कि जन्माष्टमी का मुख्य आकर्षण बर्फ से बना 11 फुट ऊंचा शिवलिंग होगा। इसके अलावा बाल गोपालजी का भव्य दरबार व अलौकिक श्रृंगार के अलावा 56 भोग का प्रसाद होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर केंद्रीय राज्य मंत्री एवं पूर्वी दिल्ली के सांसद हर्ष मल्होत्रा शामिल होंगे।

# विकास मंत्री गोपाल राय ने की समीक्षा बैठक, गांवों में विकास कार्य समय से पूरा करने के कड़े निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली सरकार ने अधिकारियों को गांवों में चल रहे सभी विकास कार्यों को तय समय सीमा के अंदर पूरा करने के लिए कड़े निर्देश दिए हैं। गांवों में चल रहे विकास कार्यों और लंबित प्रस्तावों को और गति देने के उद्देश्य से शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में समीक्षा बैठक हुई। विकास मंत्री गोपाल राय की अध्यक्ष में हुई समीक्षा बैठक में विकास विभाग, आईएंडएफसी और दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान गोपाल राय ने अफसरों को ग्राम विकास बोर्ड द्वारा सभी स्वीकृत स्कीमों की विस्तृत रिपोर्ट आगामी 10 सितम्बर को होने वाली बैठक में पेश करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली के गांवों में विकास संबंधित कार्यों के लिए सरकार ने 900 करोड़ रुपए का बजट रखा है। विकास मंत्री गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली के गांवों में समुचित विकास सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड का गठन किया। इस बोर्ड का मुख्य उद्देश्य दिल्ली के गांवों में सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराना है। गांवों से संबंधित विकास कार्य में और तेजी लाने के लिए दिल्ली सचिवालय में विकास विभाग, आईएंडएफसी और दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान चल रही परियोजनाओं और लंबित परियोजनाओं की समीक्षा की गई। आईएंडएफसी और दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि ग्राम विकास से संबंधित कार्य को तय सीमा के अंदर पूरा करें। ग्राम विकास परियोजना से संबंधित सभी स्वीकृत स्कीमों के शीघ्र कार्यान्वयन के लिए 10 सितम्बर को दिल्ली सचिवालय में संबंधित विधायकों और ग्राम विकास बोर्ड के अधिकारियों के साथ बैठक होगी।

दिल्ली के गांवों में विकास सुनिश्चित करने के लिए पिछली बोर्ड मीटिंग में दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड ने जिन योजनाओं को मंजूरी दी थी। उसके संदर्भ में यह समीक्षा बैठक की गई। गोपाल राय ने कहा कि केजरीवाल सरकार गांवों में सड़कों, पार्कों, नालियों और बहुउद्देशीय सामुदायिक केंद्रों की स्थिति में सुधार करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है। विकास विभाग से जुड़े इन विकास कार्यों को सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग, एमसीडी सहित अन्य सरकारी विभागों के माध्यम से किया जा रहा है। गोपाल राय ने बताया कि केजरीवाल सरकार शहरी क्षेत्रों में रहने वाले दिल्ली के लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

# दिल्ली में दूसरे दिन भी टैक्सी-ऑटो की हड़ताल जारी, यात्री परेशान

नई दिल्ली । दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में ऑटो-टैक्सी हड़ताल शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी है जिसके कारण लोगों को ऐप आधारित एग्रीगेटर सेवाओं के माध्यम से कैब और ऑटोरिक्शा बुक करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दिल्ली ऑटो टैक्सी ट्रांसपोर्ट कांग्रेस यूनियन ने एग्रीगेटर्स से उचित भुगतान की मांग को लेकर दो दिवसीय हड़ताल का आह्वान किया था। यूनियन ने आरोप लगाया है कि मोटरसाइकिल टैक्सियों की शुरूआत के साथ ही कैब और ऑटोरिक्शा चालकों की आजीविका पर बुरा प्रभाव पड़ा है। दिल्ली और एनसीआर में 15 यूनियन हड़ताल कर रही हैं। यात्रियों ने दावा किया कि कुछ ऑटो चालक सामान्य किराए से अधिक किराया वसूल रहे हैं, जबकि कुछ निश्चित गंतव्यों पर जाने से इनकार कर रहे हैं। विनय कुमार ने कहा, मैंने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से जंगपुरा स्थित अपने घर तक पहुंचने के लिए एक ऐप पर ऑटो बुक करने की कोशिश की, लेकिन बुकिंग नहीं हो सकी। उन्होंने कहा, हालांकि मुझे एक ऑटो मिला, लेकिप जंगपुरा के लिए मुझे निर्धारित किराए से 100 रुपये अतिरिक्त भुगतान करना पड़ा।

# श्री वेंकटेश्वरा में ओरिन्टेशन प्रोग्राम दीक्षारम्भ-2024 का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



अमरोहा/गजरौला। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में सत्र-2024 में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओ के लिए ओरिन्टेशन प्रोग्राम दीक्षारम्भ-2024 का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान प्रबन्धन एवं प्रशासन ने नवागन्तुक छात्र-छात्राओ का स्वागत करते हुए उन्हे अपने अन्तर्राष्ट्रीय डिमाण्ड के अनुरूप तैयार करने की शपथ दिलाते हुए देश सेवा में जुडने का आवहान किया। इस अवसर पर पुराने छात्र-छात्राओ ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर समारोह को यादगार बना दिया। समूह चेयरमैन श्री सुधीर गिरि ने सभी नवप्रवेशित छात्र-छात्राओ को नये सुनहरे भविष्य की शुभकामनाऐं देते हुए उनसे अपना शत - प्रतिशत देते हुए देश सेवा में जुड़ने का आवहान किया।वेंक्टेश्वरा संस्थान के टैगौर भवन में आयोजितदीक्षारम्भ-2024कार्यक्रम का शुभारम्भ चेयरमैन डॉ0 सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी, अभिनेता ईमरान जाहिद, प्रधान सलाहकार वीपीएस अरोरा, कुल सचिव पीयूष कुमार पाण्डे सी0ई0ओ0 अजय श्रीवास्तव, कुलपति डॉ0 कृष्ण कान्त दवे, आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया।अपने सम्बोधन में समूह चेयरमैन सुधीर गिरि ने कहा कि नयी शिक्षा नीति बहुत ही शानदार है, जिसमें सभी क्षेत्रो के युवाओ के लिए ढेरो रोजगार की सम्भावनाऐं निहित है।लेकिन युवाओ को अपने आपको रोज अपग्रेड करना होगा। श्री वेंक्टेश्वरा समूह पिछले एक दशक में विभिन्न क्षेत्रों में हजारो स्किल्ड प्रोफेशनल्स तैयार कर चुका है। ये बडे गौरव की बात है कि संस्थान के अलग अलग विषयों के प्रोफेशनल्स युवा आज देश एवं दुनिया के विभिन्न संस्थानो में काम कर रहे है। लकिन बदलते परिवेश में हमें युवाओ की नयी शिक्षा नीति के अनुरूप राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय जरूरतों के हिसाब से प्रशिक्षित करना होगा ताकि ये युवा राष्ट्रीय /अन्तर्राष्ट्रीय मंचो पर अपनी प्रभावी उपस्थित दर्ज कर सके।प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी ने कहा कि पिछले एक दशक में भारतीय युवाओ ने शानदार तरीके से काम करके भारत का गौरव बढाने का काम किया है। हम अपने यहां सभी नव प्रवेशित छात्र-छात्राओ को एक सफल एवं सुरक्षित कैरियर देने के लिए,९१५) है। दीक्षारम्भ-2024 कार्यक्रम को सी0ई0ओ0 अजय श्रीवास्तव,कुलपति डॉ0 कृष्ण कान्त दवे, कुलसचिव डॉ0 पीयूष पाण्डेय ने सम्बोधित किया।इस अवसर पर निदेशक अकादमिक डॉ0 राजेश सिंह, डॉ० दिव्या गिरधर, डॉ० दिनेश गौतम, डॉ० वीएस झा, डॉ० अनिल जायसवाल, डॉ० आशिया वाहिद, डॉ० नीतू पंवार, डॉ० पवनजीत कौर, सुनील कुमार भगवानियाँ, मेरठ परिसर से डॉ0 प्रताप सिंह एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रो प्रदीप कुमार की छठवां पुण्यतिथि मनाई जाएगी 28 को

सोनो जमुई : जमुई जिले के चकाई कॉलेज की स्थापना काल से ही अपनी अहम योगदान देने वाले चकाई छेत्र के जाने माने शिक्षाविद सह पुर्व प्राचार्य एवं भाजपा के प्रदेश स्तरीय नेता स्वः प्रोफेसर प्रदीप कुमार का छठवां पुन्यतिथि समारोह आगामी 28 अगस्त को उनके समाधी स्थल पर किया जायेगा ।इस दौरान सुंदरकांड पाठ , आरती एवं श्रधांजलि समारोह के निमित्त उनके समाधी स्थल पर शुभचिन्तको द्वारा पुष्पांजलि अर्पित किया जायेगा ।इसकी जानकारी भाजपा के जिला महामंत्री शालीग्राम पांडेय ने दिया ।उन्होंने सभी सम्मानित महानुभावों से निवेदन करते हुए कहा कि उक्त कार्यक्रम में ससमय उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने के साथ साथ दिवंगत आत्मा को विनम्र श्रद्धांजलि समर्पित करने की कृपा करें ।कार्यक्रम गिरिडीह चकाई मुख्य मार्ग पर वायरलेस ऑफिस से दक्षिणी रोड पर स्थित बर्डस पाराडाईज स्कूल के सामने उनके समाधी स्थल पर किया जायेगा ।

### अवैध बालू लदे ट्रैक्टर वाहन को थाना पुलिस ने किया जब्त

गिद्धौर। गिद्धौर थाना क्षेत्र के गंगरा मोड़ मुख्य सड़क से अवैध बालू लोड कर ले जा रही एक ट्रैक्टर वाहन को गिद्धौर थाना पुलिस ने जब्त कर लिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गंगरा पंचायत में बालू अवैध उत्खनन की जानकारी गिद्धौर थाना पुलिस को मिली। जिसको लेकर त्वरित कारवाई करते हुए प्रभारी थानाध्यक्ष सवेर्जीत कुमार,एसआई रामधारी महतों एवं पुलिस के जवान गंगरा मोड़ से जा रहे अवैध बालू ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया। वहीं थाना पुलिस द्वारा अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले गिद्धौर थाना ले आयी। इधर गिद्धौर प्रभारी थानाध्यक्ष सवेर्जीत कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के गंगरा नदी से बालू उत्खनन की जानकारी मिली थी। जिस पर मेरे नेतृत्व में अवैध बालू लदे ट्रैक्टर वाहन को जब्त कर थाना लाया गया। वहीं ट्रैक्टर वाहन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

# जल निकासी नहीं होने से सड़क पर जल जमाव

- नाली का निर्माण नहीं होने से सड़क बना तलाब
- ग्रामीणों को सता रही बीमारी फैलने का डर
- नाला निर्माण का लगा है बोर्ड पर नही हो सका नाला का निर्माण
- वादे को पूरा नहीं कर रहे जनप्रतिनिधि, ग्रामीणों में आक्रोश



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [झाझा] सरकार एक और जहां मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत पानी की निकासी करने के लिए गली - नली पक्की करण योजना के तहत नाला का निर्माण कराया जा रहा है। ताकि घर से निकलने वाले पानी नाला के माध्यम से बाहर निकल सके. लेकिन झाझा प्रखंड क्षेत्र के हथिया पंचायत के वार्ड नंबर दो पांडेडीह गांव में नाला का निर्माण नहीं होने से वर्षा और घर से निकलने वाले गंदा पानी सड़क पर जमा हो जाने के कारण सड़क पर जल जमाव हो गया है। सड़क तालाब में तब्दील हो गया है। ग्रामीण पंकज कुमार ने बताया कि सरकार मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत पंचायत के सभी गांव में नाली का निर्माण कराया जा रहा है। लेकिन वार्ड में 5 साल पूर्व नाला निर्माण को लेकर बोर्ड भी लगाया गया व नाला के लिए गड्ढे भी खोदा गया था लेकिन नाला का निर्माण नहीं हो सका। जिसके कारण गांव के लोगों को पानी में चलकर घर आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।हथिया पंचायत के मुखिया सहित अन्य प्रतिनिधि इस और ध्यान भी नही दे रहे हैं। ग्रामीणों को अब भय सताने लगा है की कहीं गांव में डायरिया व मलेरिया जैसी बीमारी न फैल जाए, गांव के लोग बीमारी की चपेट में ना आ जाए। पांडेडीह गांव जाने वाली सड़क जर्जर वर्षा प्रारंभ होते ही क्षेत्र के विभिन्न गांव की सड़क पर आवाजाही करने में लोगों को परेशानी होने लगी है।हथिया पँचायत के पांडेडीह स्तिथ गांव जाने वाली मार्ग में आवाजाही करना काफी मुश्किल हो गया है। सरकार गांव को पक्की सड़क से जोड़ने के लिए करोड़ो रुपए खर्च कर रही है, पर यहां सड़क पूरी तरह से जर्जर है। हालांकि इसको लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क बंनाने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन भी दिया था लेकिन इस और कोई पहल नही होने के कारण ग्रामीण थकहार कर आपस में सहयोग राशि जमा कर सड़क को मरम्मती करने का कार्य किया।लेकिन कच्ची सड़क होने के कारण करीब बारह सौ आवादी वाले गांव के ग्रामीणों को बरसात के दिनों में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है,बच्चे विद्यालय कच्ची सड़क से ही जाते है।खासकर रात के समय मे डिलवरी मरीज को अस्पताल जाने में काफी परेशानी होती है।जर्जर सड़क होने की वजह से गांव से मरीज को लेकर ले जाने के लिए कोई ई रिक्शा या अन्य वाहन वाले भी तैयार नही होते है.जिसके कारण और भी परेशानी बढ़ जाती है। ग्रामीणों ने सड़क बनाने की किया माँग स्थानीय ग्रामीण पंकज कुमार,बिकाश पांडे,गणेश कुमार,पवन पांडे,आदि लोगो ने गांव जाने वाली सड़क की मरम्मती करने की माग वरीय अधिकारियों से किया है।ग्रामीणों ने आग्रह किया है की हमलोगों की समस्याओं को देखते हुए जल्द से जल्द सड़क बनाया जाय.ताकि हम लोगो का समस्या का समाधान हो सके। नलजल योजना का भी ग्रामीण को नही मिल रहा लाभ वार्ड दो में आज भी हर घर नल का जल योजना का लाभ वार्ड वासियों को नहीं मिल रहा है.लोग आयरनयुक्त पानी पीने को विवश है. जानकारी के अनुसार वार्ड में सात निश्चय योजना के तहत हर घर नल का जल उपलब्ध कराने को लेकर पाइप बिछा दिया गया है. कुछ दिनों तक लोगों को घर तक पानी भी पहुंचा, लेकिन अचानक पानी सप्लाई बंद हो गया यही कारण है कि लोग इस योजना का भी लाभ नहीं ले पा रहे हैं।

## लोजपा प्रखंड अध्यक्ष के पिता का निधन संजय मंडल ने परिजनों को बंधाया ढांढस





प्रात : किरण संवाददाता

सोनो जमुई : लोजपा रामविलास के सोनो प्रखंड अध्यक्ष चंदन सिंह के पिता श्री दिवाकर सिंह का आकस्मिक निधन हो गया है , वे 60 वर्ष के थे । उनके आकस्मिक निधन से परिजनों मे कोहराम मच गया है । निधन की सुचना पाकर अपने सहयोगियों के साथ लोजपा रामविलास के प्रदेश महासचिव सह चकाई विधानसभा छेत्र के पुर्व विधायक प्रत्याशी श्री संजय कुमार मंडल उनके निवास स्थान डुमरी गाँव पहुँच कर मृतक को श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया । साथ ही पिड़ित परिवार को इस कठिन दुःख को सहने की शक्ति एवं दिवंगत आत्मा को शॉती प्रदान करने की ईश्वर से कामना की । श्री मंडल ने बताया कि मेरे पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष चंदन सिंह के पिता श्री दिवाकर सिंह एक सच्चे इमानदार ओर कर्मठ व्यक्ति थे । वे हमारे लिए मार्ग दर्शक के रूप में थे एवं हमेशा इनके द्वारा हमे उचित मार्ग दर्शन मिला करता था , जिस कारण अचानक हुई उनके निधन से ना सिर्फ पार्टी को अपुर्निय छति हुई है बल्कि मुझे भी व्यक्तिगत छति हुआ है । लिहाजा उनके निधन से मे काफी दुःखी ओर मर्माहत हुं ।इस मौके पर श्री मंडल के साथ लोजपा नेता मो0 इजहार अंसारी , सरपंच नकुल ठाकुर , दिवाकर मंडल, भोला लहेड़ी , गौतम दास आदि शामिल थे ।ज्ञात हो कि बिहार सरकार के पुर्व वन मंत्री स्वः अर्जुन मंडल के बड़े पुत्र सरल स्वभावी एवं मृदु भाषी श्री प्रमोद मंडल के असामयिक निधन पर संजय कुमार मंडल ने दुःख प्रकट करते हुए इनकी दिवंगत आत्मा को शॉती एवं पिड़ित परिजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की । श्री मंडल ने बताया कि प्रमोद मंडल के असामयिक निधन से मे काफी दुःखी ओर मर्माहत हुं ।

## कार्यपालक पदाधिकारी के अनदेखी ने महाराजगंज मुख्य मार्ग हुआ जल मग्न



प्रात : किरण संवाददाता

जमुईः- जिला मुख्यालय का व्यस्ततम बाजार महाराजगंज मुख्य मार्ग पर पानी का निकास नहीं रहने के कारण सड़कों पर पानी का जल जमाव हो जाता है। जिसके कारण नगर परिषद में रह रहे नागरिकों को चलना तो दूर, दुकानदारों के प्रतिष्ठान में बरसात का पानी घुस जाता है। इस विकट समस्या को लेकर चेंम्बर्स ऑफ कॉमर्स जमुई के उप सचिव नितेश कुमार केसरी ने जमुई नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी से मिलकर इस जल जमाव का निदान हेतु आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया। अन्यथा यह जल जमाव बड़ी बिमारियों का रूप धारण कर सकती है। वहीं श्री केसरी ने कहा कि महाराजगंज में जलजमाव की समस्या कोई नई समस्या नहीं है। ऐसे, नगर परिषद में की जगहें हैं जहां नाला का पानी घरों एवं प्रतिष्ठानों में प्रवेश कर रहा है।इस जलजमाव का जल्द निराकरण नहीं किया गया तो चेंम्बर्स ऑफ कॉमर्स जमुई को मजबूरन आन्दोलन करना पड़ेगा।इस लिए नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी से अनुरोध है कि शहर के मुख्य मार्ग महाराजगंज जो कचहरी को जोड़ता है, वहां पर हो रहे जलजमाव के समस्या से जल्द से जल्द निजात दिलाएं।

## चेहल्लुम व जन्माष्टमी को लेकर शुक्रवार को शांति समिति की बैठक आयोजित

### अफवाह फैलाने वालों व असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी

प्रात : किरण संवाददाता



गिद्धौर।थाना परिसर में चेहल्लुम व जन्माष्टमी को लेकर शुक्रवार को शांति समिति की बैठक थानाध्यक्ष सर्वेंजीत कुमार की अध्यक्षता में हुई। थानाध्यक्ष सर्वेंजीत कुमार ने सरकार के दिशा-निर्देश के आलोक में त्योहार को मनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सरकार के नियम का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।वही अफवाह से बचने तथा शांति भंग करने वालों पर कड़ी नजर रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए प्रशासन अलर्ट है।

उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने के लिए सहयोग की अपील की।वही शांति समिति बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार ने कहा कि प्रखंड अंतर्गत चेहल्लुम पर्व कही नही मनाया जा रहा है।वही जन्माष्टमी मनाने वाले कमिटि को लाईसेंस लेना अनिर्वाय है तथा डीजे बजाने पर पूर्णताः प्रतिबंध है,

अगर डीजे बजाने से कही सूचना प्राप्त होता है तो उनके ऊपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।शांति समिति बैठक में चेहल्लुम व जन्माष्टमी पर्व को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। वही बैठक में रतनपुर पंचायत के मुखिया भोला यादव,मौरा पंचायत मुखिया धनराज यादव,पंचायत समिति दुःखन यादव,पूर्व प्रमुख श्रवण यादव,पवन यादव,शेखावत मियां,दिलीप कुमार वर्मा,नंदन यादव,इसराफिल अंसारी,मो. साहीद ,शंभू यादव,राहुल कुमार सहित दर्जनों शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## ससुराल में युवक ने जेठशाली और छोटी सास के साथ मारपीट कर किया घायल

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] पत्नी की विदाई नही करने पर नाराज युवक ने अपने ससुराल में जेठसाली और छोटी सास के साथ मारपीट करते हुए घायल कर दिया। मामला थानाक्षेत्र के रजला गांव की है। घायल की पहचान पिंकी देवी, आशा देवी के रूप में हुई है जिसे परिजनों की मदद से इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया। घटना को लेकर पिंकी देवी के भाई सोनू कुमार ने बताया कि मेरी बहन रिंकु कुमारी का पति सिमरका गांव के रहने वाले रंजीत कुमार घर आया और नशे में धुत होकर पिंकी को जबरन घर ले जाने की कोशिश करने लगा। जब घर के लोगों ने रंजीत को समझाने की कोशिश किया जिसपर वह गुस्सा हो गया मेरी बड़ी बहन पिंकी देवी के साथ मारपीट करने लगा और जब चाची आशा देवी बचाने के लिए आई तो उसके साथ भी मारपीट करने लगा। इससे पहले कि घर के अन्य सदस्य उसे पकड़ता वह घर छोड़कर भाग निकला।

## दंपति के साथ कि गई मारपीट

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] थानाक्षेत्र के खैरन गांव में घर में बकरी घुस जाने के विवाद पर दंपति के साथ उसके रिश्तेदार के द्वारा मारपीट कि गई। मारपीट में घायल दंपति की पहचान ठकुरी यादव और उसकी पत्नी सिटी देवी के रूप में हुई है जिसका अस्पताल में इलाज किया गया। सिटी देवी ने बताया कि मेरा बकरी मेरे भैंसुर भोला यादव के घर में घुस गया। इसी बात को लेकर भैंसुर और गोतनी कौशिला देवी ने मारपीट करनें लगा और जब पति बचाने के लिए आए तो उसके साथ भी मारपीट किया गया।

## अंतरिक्ष के क्षेत्र में इसरो ने बढ़ाया पूरी दुनिया में भारत का मान

प्रात : किरण संवाददाता

जमुईः- राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की भूमिका और उपलब्धियां विषय पर नगर परिषद स्थित आनंद विहार कॉलोनी में एक परिचर्चा आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता डॉ. (प्रो.) गौरी शंकर पासवान ने की। अपने अध्यक्षीय प्रबोधन में केकेएम कॉलेज के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. गौरी शंकर पासवान ने कहा कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की भूमिका सराहनीय और अद्वितीय है। हमारा देश स्पेस में लगातार इतिहास बना रहा है। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में इसरो ने दुनिया में भारत का मान बढ़ाया है। यही नहीं इसने अपने देश को अग्रणी देशों के समक्ष ला खड़ा कर दिया है। गौरतलब है कि इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन अर्थात इसरो (भारत) ने 14 जुलाई 2023 को चंद्रयान-3 का सफल प्रक्षेपण किया था,जो प्रक्षेपित होने के ठीक 40 वें दिन चांद के दक्षिणी ध्रुव की सतह पर आज ही के दिन 23 अगस्त 2023 को सॉफ्ट, सुरक्षित व सफलतापूर्वक लैंडिंग कर संसार का प्रथम देश बन गया। इस अभूतपूर्व सफलता के उपलक्ष्य में ही मोदी सरकार वर्ष 2023 में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाने की घोषणा की थी। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में इसरो ने कमाल कर दिखाया है.15 अगस्त 1969 को इसरो की स्थापना हुई थी और देखते ही देखते यह नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया। भारत ने अपना पहला उपग्रह आर्यभट्ट 19 अप्रैल 1975 को अंतरिक्ष में छोड़ा था। 22 अक्टूबर 2008 को इसरो द्वारा चंद्रयान-1 भेजा गया, जो 14 नवंबर 2008 को चंद्रमा की धरती पर पहुंचा था। चंद्रयान -1 ने चंद्रमा पर तिरंगा झंडा लहरा इतिहास रच दिया और विश्व का चौथा देश बन गया। उन्होने कहा कि हमें गर्व है कि 2014 में भारत ने मंगलयान को मंगल की सतह पर उतारकर एक नई उपलब्धि हासिल की थीं। इतना ही नहीं फरवरी 2017 को पीएसएलवी ने एक साथ 104 उपग्रह को कक्षा में स्थापित कर विश्व रिकार्ड बनाने में कामयाब रहा। अतः अंतरिक्ष के क्षेत्र में इसरो की भूमिका को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है। मनोविज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो रणविजय सिंह ने कहा कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की उपलब्धि वर्तमान में सर्व विदित है। ज्ञात है कि 14 जुलाई 2023 को चंद्रयान-3 दोपहर 2: 35 बजे प्रक्षेपित हुआ था जो, 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की सतह पर सॉफ्ट, सुरक्षित और सफल लैंडिंग कर दुनिया का पहला देश बन गया। वर्ष 2023 में ही 5,805 किलोग्राम वजनी 36 उपग्रह सीसी 2024 -25 के बजट में 13042.75 करोड़ रुपए आवंटित किया है। इतनी उपलब्धि के उपरांत भी अंतरिक्ष के क्षेत्र में खर्च को देश के कुछ तबका धन को पानी में बहाना जैसा मानता है। गणित के विभागाध्यक्ष डॉ यूएन घोष ने कहा कि अंतरिक्ष दिवस हमें याद दिलाता है कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी की शक्ति से हमने असंभव को संभव कर दिखाया है। शुरू शुरू में अंतरिक्ष विज्ञान के मामले में दुनिया भारत का मजाक उड़ाती थी, किंतु आज समय भारत के साथ है। अंतरिक्ष के क्षेत्र में इसरो का काफी योगदान है। जंतु विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की भूमिका श्लाघनीय है। विगत वर्ष 2023 में ही चंद्रयान-3 की अद्भुत सफलता ने इसरो यानि भारत का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित करा दिया है। आज छात्र-छात्राओं को अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी शिक्षा के प्रति जागरूक करने कीजरूरत है। हमें अपने देश के अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन पर गर्व है।

## मुजफ्फरपुर एवं आनंद विहार के मध्य चलेगी क्लोन स्पेशल

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। रेलयात्रियों की सुविधा हेतु 05283/05284 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस- मुजफ्फरपुर विशेष गाड़ी का संचलन मुजफ्फरपुर से 24 अगस्त से 06 सितम्बर, 2024 तक तथा आनन्द विहार टर्मिनस से 25 अगस्त से 07 सितम्बर, 2024 तक 14 फेरों के लिये किया जायेगा । गाड़ी संख्या 05283 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस विशेष गाड़ी 24 अगस्त से 06 सितम्बर तक प्रतिदिन मुजफ्फरपुर से 06.30 बजे प्रस्थान कर मोतीपुर से 07.02 बजे, मेहसी से 07.19 बजे, चकिया से 07.30 बजे, पिपरा से 07.40 बजे, बापूधाम मोतिहारी से 08 बजे, सगौली से 08.27 बजे, बेतिया से 08.52 बजे, नरकटियागंज से 09.35 बजे, हरिनगर से 09.55 बजे, बगहा से 10.27 बजे, गोरखपुर से 15 बजे, बस्ती से 16.03 बजे, गोण्डा से 17.35 बजे, लखनऊ से 20.10 बजे तथा दूसरे दिन मुरादाबाद से 01.40 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनस 05 बजे पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या में 05284 आनन्द विहार टर्मिनस- मुजफ्फरपुर विशेष गाड़ी 25 अगस्त से 07 सितम्बर तक प्रतिदिन आनन्द विहार टर्मिनस से 07 बजे प्रस्थान कर मुरादाबाद से 10.20 बजे, लखनऊ से 15.30 बजे, गोण्डा से 18.05 बजे, बस्ती से 19.30 बजे, गोरखपुर से 21.10 बजे, बगहा से 23.47 बजे, दूसरे दिन हरिनगर से 00.12 बजे, नरकटियागंज से 00.35 बजे, बेतिया से 01.12 बजे, सगौली से 01.37 बजे, बापूधाम मोतिहारी से 02.05 बजे, पिपरा से 02.35 बजे, चकिया से 02.47 बजे, मेहसी से 03 बजे तथा मोतीपुर से 03.22 बजे छूटकर 04.50 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी । इस गाड़ी में एस.एल.आर.डी. के 02, साधारण द्वितीय श्रेणी के 08 तथा शयनयान श्रेणी के 07 कोचों सहित कुल 17 कोच लगाये जायेंगे ।

## रसोईघर का ताला तोड़कर चोरों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम

जमुई [झाझा] थानाक्षेत्र के डुमरहार गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय डुमरहार में रसोईघर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरो ने राशन और बत्र्तन की चोरी कर लिया।इस संदर्भ में विद्यालय की प्रधान शिक्षिका सुमन कुमारी ने थाना में अज्ञात चोरो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज आवेदन में प्रधान शिक्षिका ने बताई कि जब वह विद्यालय पहुंची तो पाया कि रसोईघर का ताला टूटा हुआ है जिसके बाद विद्यालय सचिव एवं ग्रामीणों को बुलाया और लोगों की उपस्थिति में रसोईघर की जांच किया तो पांच बोरा चावल, खाना बनाने में उपयोग किए जाने वाले बत्र्तन, टोकन, थाली, जग सहित अन्य बत्र्तन गायब है। प्रधान शिक्षिका के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस के द्वारा जांच पड़ताल की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## युवक पर टांगी से वार कर किया घायल

जमुई [ झाझा ] धान लगे फसल में मवेशी चराने का विरोध किए जाने पर एक युवक के साथ कुछ लोगों के द्वारा मारपीट करते हुए सिर पर टांगी से प्रहार कर घायल कर दिया। मामला थानाक्षेत्र के मनियारा गांव का है। घायल युवक की पहचान सुखदेव सोरेन के रूप में हुई है जिसे परिजनों ने अस्पताल में भर्ती करवाया जहां डॉक्टर ने घायल युवक का इलाज किया। घायल युवक ने बताया कि धान लगे खेत में श्यामलाल किस्कु मवेशी चरा रहा था जिसके बाद मैने खेत से मवेशी भगाने लगा तो श्यामलाल किस्कु और उसके साथ अन्य आठ लोग मेरे साथ मारपीट करते हुए टांगी से वार कर मुझे घायल कर दिया।

## अलकजरा गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में दो लोग घायल

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] खेत में धान की फसल बर्बाद किए जाने के विवाद को लेकर थानाक्षेत्र के अलकजरा गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई जिसमें दोनो पक्षों से कुल दो लोग घायल हो गया। एक पक्ष से घायल की पहचान रामबालक यादव के रूप में हुई जबकि दूसरे पक्ष से घायल की पहचान दिलीप यादव के रूप में हुई। दोनो पक्षों से हुए घायल को परिजनों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां घायलों का इलाज चिकित्सक के द्वारा किया गया लेकिन रामबालक की स्थिति नाजुक रहने पर उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। एक पक्ष से परिजनों ने बताया कि रामबालक दुकान के पास खड़ा था तभी दिलीप यादव, राजेश यादव फसल बबार्दी की बात को लेकर ईट पत्थर एवं अन्य चीजों से मारपीट कर घायल कर दिया जबकि दूसरे पक्ष से घायल ने बताया कि पहले पक्ष से तीन लोगों ने मिलकर मारपीट करते हुए रामबालक ने मुझपर टांगी से प्रहार कर घायल कर दिया।

## बाढ़ के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों का एक्सपोजर विजिट कराया गया

प्रात : किरण संवाददाता



बाढ़/पटना । भारतीय मानक ब्यूरो, पटना शाखा द्वारा शुक्रवार को राजकीय पॉलिटेक्निक, बाढ़, पटना, के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों का एक्सपोजर विजिट कराया गया। भारतीय मानक ब्यूरो के पूरे देश में स्थित कार्यालयों द्वारा समय-समय पर विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं शिक्षकों एवं औद्योगिक समूह के लोगों का एक्सपोजर विजिट कराया जाता है। इसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं औद्योगिक समूह के लोगों के बीच मानकीकरण के विषय में जागरूकता पैदा करना है। मानकीकरण के बारे में उनके बीच कई तरह जानकारी उपलब्ध करायी जाती है। ये लोग उपलब्ध जानकारी को अन्य लोगों के बीच चर्चा के माध्यम से बांटते हैं, इससे लोगों के बीच जागरूकता बढ़ती है। इसी क्रम में राजकीय पॉलिटेक्निक, बाढ़, पटना, के कुल 36 छात्र एवं छात्राएं और संकाय सदस्य सुरभि रानी, अमित राणा, रोहण शर्मा, वरूण कुमार एवं नवीन कुमार ने पटना शाखा कार्यालय एवं प्रयोगशाला का दौरा किया। इस कार्यक्रम में पटना शाखा प्रयोगशाला प्रमुख कौशिक दत्ता एवं मनोज चव्हाण, संयुक्त निदेशक, वैज्ञा. डी पटना शाखा से विजय कुमार गौरव, संयुक्त निदेशक, वैज्ञा. डी, हिमांशु कुमार, उपनिदेशक / वैज्ञा.सी एवं सुधांशु कुमार, उपनिदेशक / वैज्ञा.सी एवं प्रशांत कुमार तिवारी, एसपीओ उपस्थित थे। मनोज चव्हाण, संयुक्त निदेशक, वैज्ञा. डी ने उन्हें बीआईएस के कार्यकलापों एवं प्रयोगशाला के द्वारा किये जा रहे परीक्षणों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में श्री हिमांशु कुमार, उपनिदेशक / वैज्ञा.सी एवं सुधांशु कुमार, उपनिदेशक / वैज्ञा.सी ने छात्र-छात्राओं को भारतीय मानक ब्यूरो की विभिन्न गतिविधियों जैसे उत्पाद प्रमाणन (आई. एस. आई.) मार्क, हॉलमार्क एवं इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों पर रजिस्ट्रेशन मार्क के बारे में बताया। उन्हें असली एवं नकली आईएसआई मार्क पहचानने का भी तरीका बताया। इसके साथ ही बीआईएस केयर एप एवं ह्यअपना मानक जानें की जानकारी दी गयी। प्रयोगशाला दौरे में पटना शाखा प्रयोगशाला के विभिन्न खंडों यानि रासायनिक, यांत्रिक, सीमेंट, माइक्रोबायोलॉजी, एवं रेफरल एसेइंग लैब का दौरा कराया गया। इस दौरान छात्र एवं छात्राओं को परीक्षण कर्मियों ने जॉच की बारीकियों से अवगत कराया एवं उनके बीच जानकारी साझा किया गया।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
बाँध एवं गेट रूपाकंण प्रमंडल–1, पटना
प्रथम तल ब्लॉक बी, जल संसाधन भवन, अनिसाबाद, पटना–800002
Mob. No. –9304019190, Email- damandgate1@gmail.com
पत्रांक :–बाँ0/गे0/रूपां0/प्र0सं0–01/कार्य0/53/03(Part-II)–165पटना

अल्पकालीन पूनर्निलामी सूचना सं0– 02/2024–25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बाँध एवं गेट रूपाकंण अंचल, पटना के **पत्रांक 253 दिनांक 27.07.2024** एवं इस कार्यालय के पत्रांक 149 दिनांक 31.07.2024 द्वारा प्रकाशित निलामी सूचना संख्या–01/2024–25 में किसी भी फर्म/आवेदक द्वारा भाग नहीं लिये जाने तथा बिहार वित्त नियमावली के नियम 143(1)(ख) के आलोक में बाँध एवं गेट रूपाकंण प्रमंडल–1, पटना के कार्यालय ग्रुप सं0–01, (परिशिष्ट–1) के अनुसार में वर्षो से अनुपयोगी एवं टूटे–फूटे यंत्रों–संयंत्रों एवं उपस्करों का सार्वजनिक निलामी किया जाना है।

इन सामग्रियों का मूल्यांकन प्रतिवेदन के आधार पर सामूहिक निलामी "जैसे है उसी स्वरुप में" के आधार पर दिनांक 31.08.2024 को 2.00 बजे अपराहन् में बाँध एवं गेट रूपाकंण प्रमंडल–1, पटना के कार्यालय में की जाएगी, जिसकी विवरणी निम्न हैः–

| क0 सं0 | अनुपयोगी यंत्रो /संयंत्रों/उपस्करो का नाम एवं संख्या | ग्रुप संख्या | निलामी की न्यूनतम बोली (रुपये में) | सुरक्षित जमा/अग्रधन की राशि (रुपये में) | निलामी की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | प्रमंडलीय सूचनापट्ट एवं परिशिष्ट 1 में संलग्न सूची के अनुसार | ग्रुप सं0–01 (परिशिष्ट 1) | 260.00 | 130.00 | 31.08.2024 |

निलामी की शर्तेः–
1. इच्छुक फर्म/आवेदक दिनांक 23.08.2024 से दिनांक 30.08.2024 तक कार्यालय अवधि में (रविवार एवं अन्य छुट्टियों को छोड़कर) सूचना पटट पर प्रदर्शित अनुपयोगी यंत्रो/संयंत्रों/उपस्करो की सूची देख सकते हैं।
2. निलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति को कॉलम संख्या 05 में अंकित सुरक्षित जमा राशि/अग्रधन/प्रतिभूति की राशि दिनांक 30.08.2024 के अपराहन 3.00 बजे तक कार्यपालक अभियंता, बाँध एवं गेट रूपाकंण प्रमंडल–1, पटना के कार्यालय में आवेदन पत्र के साथ जमा करना होगा। अग्रधन की राशि डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से **Executive Engineer, Dam and Gate Design Division-1 Patna, Payable at Patna** के नाम से भुगतेय हो जमा करने के पश्चात् ही निलामी में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। निर्धारित तिथि के बाद किसी भी स्थिति में आवेदन एवं सुरक्षित जमा राशि/अग्रधन/प्रतिभूति स्वीकार नहीं किया जायेगा।
3. विस्तृत जानकारी के लिए **(www.prdbihar.gov.in/prdbihar)** पर देखी जा सकती हैं।

कार्यपालक अभियंता
बाँध एवं गेट रूपाकंण प्रमंडल–1, पटना
PR. No.006677 (WRD) 2024-25

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पटना भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग
बुद्धमार्ग, पटना–800001
(ee.patna.bcd@gmail.com)

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–4/प.भ.प्र./2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता — कार्यपालक अभियंता, पटना भवन प्रमण्डल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय — दिनांक 09.09.2024 के 12:30 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय — दिनांक 11.09.2024 के 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने का तिथि एवं समय — दिनांक 11.09.2024 को 3:30 बजे अपराह्न से।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान — (1) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, पटना। (2) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पटना भवन प्रमंडल, पटना। (3) सहायक अभियंता का कार्यालय, बांकीपुर/राजेन्द्रनगर/भवन चिकित्सा अवर प्रमंडल, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान — कमांक 5 के अनुसार ।
7. कार्य का विवरणी :–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repairing and painting work for Late Pandit Din Dayal Upadyay on the occasion of Birthday dated - 25.09.2024, Patna for the year 2024-25 | 0.99 | 2000.00 | 500.00 | Up to 23.09.2024 |
| 2 | Repairing and painting work for Dinkar Golamber Patna on the occasion of Birthday dated- 23.09.2024 Late RamDhari Singh Dinkar, Patna for the year 2024-25 | 0.60 | 1200.00 | 500.00 | Up to 21.09.2024 |
| 3 | Repairing and painting work for Late Sir Shivsagar Ram Gulam on the occasion of Birthday dated- 18.09.2024, Patna for the year 2024-25 | 0.50 | 1000.00 | 250.00 | Up to 16.09.2024 |

कार्यपालक अभियंता
पटना भवन प्रमंडल, पटना
PR. No. 006668 (BCD) 2024-25

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

बिहार में शराब का व्यापार, बिक्री एवं सेवन अवैध है।
इससे संबंधित शिकायत इस नंबर पर दर्ज करायें, आपकी जानकारी गुप्त रखी जाएगी।
टॉल फ्री नं– 15545 या 1800 345 6268

## संक्षिप्त खबरें

### स्वच्छता रैली का आयोजन

आरा। जिले के कोइलवर नगर पंचायत में नगर पंचायत कार्यालय द्वारा स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। नगर पंचायत कार्यालय से निकला स्वच्छता रैली प्रखण्ड परिसर होते हुए ब्लॉक रोड कोईलवर चौक होते शहीद कपिलदेव चौक तक पहुंचा। इसके बाद रैली वापस नगर कार्यालय पहुंचा। इस दौरान रैली में स्थानीय स्वयं सहायता समूह की सैकड़ो महिलाओं ने हाथ में स्वच्छता सम्बन्धी बैनर तख्ती लेकर शामिल हुई। मुख्य पार्षद सरताज आलम ने बताया कि नगर के लोगों को स्वच्छता को लेकर जागरूक करने के उद्देश्य से इस स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया था। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी प्रतीक्षा प्रजापति, स्वच्छता पदाधिकारी अर्पिता, नगर मिशन प्रबंधक शैलेन्द्र सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### छात्राओं के बीच एफएलएन कीट का हुआ वितरण

बिक्रमगंज (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय मानपुर पंचायत के कझाई में शुक्रवार को छात्राओं के बीच एफएलएन कीट का वितरण किया गया। जिसमें मुखिया चुन्नू पांडेय व विद्यालय शिक्षा समिति अध्यक्ष तथा मानपुर पंचायत के सरपंच भी मौजूद रहे। उक्त अवसर पर विद्यालय प्रधानाध्यापक मनीष तिवारी सहित सभी शिक्षक कर्मी ने कार्यक्रम में भाग लेकर इसे सफल बनाया।

### 25 अगस्त को विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

बिक्रमगंज (रोहतास) अनुमंडल क्षेत्र के नारायणपुर ग्रिड में 33 केवी मेन बसबार मरम्मति का कार्य करने के कारण ग्रिड से निकलने वाले सभी फीडर तहत बिक्रमगंज, सूर्यपुरा, नटवार, संझौली, दावथ, नोनहर, कोआथ, काराकाट की विद्युत आपूर्ति 25 अगस्त को सुबह 10 से 12 बजे तक बंद रहेगी। इस संबंध में सहायक कार्यपालक अभियंता उपेंद्र सिंह ने बताया की उक्त अवधि मे ग्रिड द्वारा मरम्मती का कार्य किया जायेगा। सहायक विद्युत अभियंता आपूर्ति अवर प्रमण्डल बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा उपभोक्ताओ से आग्रह किया गया है कि विद्युत आपूर्ति बंद होने से पहले ही बिजली संबंधित अपना जरूरी काम निपटा लेंगे।

### बिजली चोरी में चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज, 3.08 लाख का लगा जुर्माना

सूर्यपुरा (रोहतास) बिजली चोरी के खिलाफ चलाये जा रहें विशेष अभियान के तहत प्रखंड-सूर्यपुरा के विभिन्न क्षेत्रों मे अवैध रूप से बिजली चोरी करने को लेकर जुमार्ना लगाते हुए चार लोगो पर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। बताते चलें की ग्राम-अगरेर कलां मे मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर धर्मेंद्र सिंह पर 86458, श्रीराम सिंह पर 67608, कमला कांत सिंह पर 50524, एवं ग्राम-गोशलडीह राम प्रवेश सिंह पर 103895 रुपए राजस्व की क्षति लगायी गयी है। उक्त उपभोक्ताओं के द्वारा मीटर से पहले तार मे कटिंग करके मीटर बाईपास करते हुए विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी जिसके कारण वास्तविक पठन अवरुद्ध हो रहा था तथा विभाग के राजस्व की क्षति हो रही थी। कनीय विद्युत अभियंता, सूर्यपुरा आनंद कुमार के द्वारा सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि जो भी विद्युत कनेक्शन नहीं लिए हैं वह सुविधा एप्प के माध्यम से आवेदन समर्पित कर विद्युत कनेक्शन ले लें तथा जो मीटर बाईपास कर विद्युत का उपभोग कर रहे हैं वह दुरुस्त कर ले अन्यथा जाँच के दौरान पाए जाने पर भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

### पंचायती राज्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का किया गया समीक्षा बैठक




आरा। विधा भवन सभागार में अपर मुख्य सचिव पंचायती राज्य विभाग, बिहार, पटना द्वारा जिला पदाधिकारी भोजपुर, उपविकास आयुक्त भोजपुर, जिला परिषद अध्यक्ष आशा देवी, एवं जिला परिषद उपाध्यक लाल बिहारी सिंह के साथ पंचायती राज्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। मुख्य रूप से 15वीं वित्त आयोग, छठी राज्य वित्त आयोग, मुख्य मंत्री सोलर स्टेट लाइट योजना, एवं पंचायत सरकार भवन के निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। जिला परिषद की भूमि की जमा वंदी करने एवं परिसंपत्तियों के रख रखाव पर भी जोर दिया गया साथ ही आंतरिक संसाधन बढ़ाने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को सभी योजनाओं को समय से पुण्य करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला पंचायत राज्य पदाधिकारी रवि रंजन कुमार गुप्ता, अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद, कुछ पंचायतों के मुखिया एवं प्रखंड प्रमुख भी उपस्थित थे।

# भूमि और आवास के सवाल पर माले ने प्रखण्ड कार्यालय पर किया जोरदार प्रदर्शन

प्रात: किरण संवाददाता




आरा:भाकपा - माले ने गरीबों को आवास, भूमिहीनों को जमीन सहित विभिन्न मांगों के सवाल पर हक दो वादा निभाओ अभियान के तहत भाकपा माले कार्यालय से निकाला मार्च।* आज भाकपा–माले प्रखंड कमिटी कोईलवर के बैनर तले सौकड़ों किसान मजदूर, महिलाएं, छात्र - नौजवानों ने माले कार्यालय से मार्च करते हुए कोईलवर ब्लॉक पर प्रदर्शन किया। हक दो- वादा निभाओ अभियान के तहत 95 लाख महा–गरीब परिवारों को 2 लाख रुपये की सहायता राशि के लिए 72 हजार रुपया से कम का आय प्रमाण–पत्र बनाओ, भूमिहीन परिवारों को 5 डिसमिल आवासीय जमीन देने, सबको पक्का मकान व 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने, मनरेगा में लूट–खसोट व फर्जी निकासी पर रोक लगाने, मजदूरों को 200 दिन काम व 600 रुपए दैनिक मजदूरी देने, आँगनवाड़ी व राशन–किरासन वितरण में गड़बड़ी पर रोक लगाने के नारों के साथ मार्च निकाला। मार्च कपिलदेव चौक होते हुए अंचल कार्यालय पहुंच सभा में तब्दील हो गया। वहीं सभा को संबोधित करते हुए अंचल सचिव विष्णु ठाकुर ने सरकार पर जमकर निशाना साधा सभा में सैकड़ों के संख्या में लोग मौजूद थे। मांगों को लेकर कोईलवर खुद सभा आकर मांग पत्र प्राप्त किया और मांगो पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर माले नेताओं ने कहा कि जब महागठबंधन की सरकार थी तो जातिय जनगणना कराया गया। जिसमें पाया गया कि राज्य 95 लाख परिवार यानी 34प्रतिशत लो बेहद गरीब हैं। जिनको सरकार ने 2लाख रुपया रोजगार के लिए देने का वादा किया। लेकिन आज उसमें आय प्रमाण पत्र के नाम पर टालमटोल कर रही है। इस लिए चिन्हित सभी गरीबों को पैसा दें या 72 हजार से कम आय प्रमाण पत्र दिया जाए।

दूसरी तरफ सरकार ने 2022 तक सभी गरीबों को पक्का मकान देने और भूमिहीनों को जमीन देने का वादा किया था। लेकिन आज लाखों गरीब आवास बिहीन हैं और जमीन के अभाव में झाड़ियों में रहने को मजबूर हैं इस लिए हमारी मांग है सभी गरीबों को रोजगार, आवास, भूमिहीनों को जमीन दे सरकार।

शामिल नेताओं में अंचल सचिव विष्णु ठाकुर, बड़हरा विधानसभा प्रभारी नंद जी, नगर सचिव भोला यादव, वरिष्ठ नेता ललन यादव, सुरेश सिंह मुखदेव राम, चंदेश्वर राम, फअ जिला सहसचिव विशाल कुमार, कन्हैया कुमार, दूधनाथ पासवान, दशरथ सिंह, वार्ड पार्षद बीरेंद्र राम, भागीरथ मांझी, कृष्ण राम, शिवाधार राम, पप्पू कुमार, नामानंद यादव, भूषण भारती सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## संसदीय बोर्ड लोजपा रामविलास भोजपुर के कार्यकारी अध्यक्ष बने राजेश साहू

प्रात: किरण संवाददाता




आरा। संसदीय बोर्ड लोजपा रामविलास भोजपुर के कार्यकारी अध्यक्ष बने राजेश साहू। आज लोजपा रामविलास प्रदेश कार्यालय पटना में संसदीय बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष श्री हुलास पांडे ने भोजपुर जिला संसदीय बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में राजेश साहू, शिवपुर फरहदा बड़हरा निवासी को मनोनयन पत्र दिया गया। राजेश साहू को मनोनयन पत्र देने पर भोजपुर जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान, लालती देवी जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, मोहन शर्मा मुखिया सह जिला अध्यक्ष पंचायती राज भोजपुर, लीला शर्मा जिला अध्यक्ष पिछड़ा प्रकोष्ठ, संतोष पासवान प्रदेश महासचिव अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, सुरेंद्र आजाद प्रदेश सचिव, अरविंद ओझा, संजय प्रसाद, परमानंद पासवान, आमोद कुमार अमर, मिंतरंजन पासवान, दशरथ पासवान, अशोक कुमार, रंजित पासवान, इंदल पासवान, ललन यादव, अधिवक्ता धीरज कुमार, मीडिया प्रभारी प्रकाश कुमार आदि लोगो ने बधाई दी। विदित हो की संसदीय बोर्ड के जिला अध्यक्ष शशिकांत त्रिपाठी की स्वास्थ्य ठीक नही रहने के कारण राजेश साहू को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है।

## सासंद सुदामा प्रसाद ने जनसुनवाई कर जनता की समस्याओं को सुना

प्रात: किरण संवाददाता




आरा। सासंद सुदामा प्रसाद ने भाकपा – माले जिला कार्यालय में किया जनसुनवाई। जिस में बिजली– स्वास्थ्य, रोजगार, भूमिविवाद, ट्रांसफर– पोस्टिंग, कॉलेजों में नामांकन, आपसी, विवाद, रेलवे सहित विभीन्न समस्याओं को लेकर लगभग सौ की संख्या में लोग पहुंचे। लोगों की समस्याओं को तत्काल अधिकारियों से बात कर हल भी किया गया।

लोगों के इलाज में किया गया सहयोग। कैंसर जैसे गम्भीर बीमारी के में तत्काल इलाज और आर्थिक सहयोग के लिए अनुसंशा किया गया। आपसी और भूमि विवाद को भी हल करने पर बात हुई। इस मौके पर सांसद सुदामा प्रसाद ने कहा कि हमारी प्राथमिकता क्षेत्र की जनता है और इनके लिए 24 घण्टे उपलब्ध रहेंगे। लेकिन हर समस्या का हल आवेदन से नही होगा। इसके लिए सड़कों पर उतरना होगा। जिसमें मैं आपके साथ संघर्ष करुंगा। जनसुनवाई में निजी सचिव चन्दन कुमार, सूरज कुमार, माले नगर कमिटी सदस्य मिल्टन जी, कृष्ण रंजन गुप्ता सहित अशोक यादव, ज्योति देवी आदि शामिल हुए।

## आज भाजपा जिला सदस्यता कार्यशाला का होगा आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। शनिवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मे भाजपा भोजपुर जिला सदस्यता कार्यशाला का आयोजन किया गया है। ज्ञातव्य हो कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 01 सितंबर से भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू होगा। बिहार मे 1 करोड़ से अधिक सदस्य बनाने के लक्ष्य के साथ प्रदेश मे कार्यशाला का आयोजन किया गया।

शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय मे भोजपुर जिला का कार्यशाला आयोजित किया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने बताया कि जिला मे भाजपा का अधिक से अधिक सदस्य बनाया जाएगा। उन्होने कहा कि प्रत्येक बूथ पर कम से कम 200 सदस्य बनेंगे। सदस्यता अभियान को सफल बनाने और उसे क्रियान्वित करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यशाला मे केन्द्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीशचंद्र दूबे मुख्य रुप से शामिल होंगे। उनके अतिरिक्त प्रदेश नैतागण, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, जिले के नेतागण सहित जिला के पदाधिकारी, मोर्चा, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, मंडल के अध्यक्ष, महामंत्री, मंडल प्रभारी, मंडल सदस्यय टीम, जिला कार्यसमिति सदस्य, सक्रिय कार्यकर्ता शामिल होंगे। केन्द्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीशचंद्र दूबे का स्वागत कोईलवर से पार्टी कार्यालय तक विभिन्न जगह तक भव्य स्वागत किया जाएगा। भाजपा जिला मीडिया प्रमुख संजय कुमार सिंह ने बताया कि कार्यशाला की तैयारी को लेकर शुक्रवार को तैयारी की समीक्षा की गई। जिलाध्यक्ष दुर्गा राज, उपाध्यक्ष वंदना राजवंशों, संतोष चंद्रवंशी, संजय कुमार सिंह, निशांत सिंह सेंगर, जयंत किशोर सहित अन्य पदाधिकारी थे।

## पत्रकार के पत्नी के निधन पर श्रधांजलि सभा का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। नगर पंचायत बिहिया के कटेया रोड स्थित द ग्रांड इन होटल में जगदीशपुर अनुमंडलिय पत्रकार संघ के द्वारा जिला के वरिष्ट पत्रकार न्यूज 18 भोजपुर में संवाददाता के तौर पर कार्यरत चंदन मिश्रा की पत्नी स्व० रंभा देवी के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. जिसका संचालन अनिल कुमार ने किया तथा इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री सह वर्तमान एमएलसी श्री भगवान सिंह कुशवाहा ने उपस्थित हुए वही उन्होंने स्व० रंभा देवी के तैलिये चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित कीया तथा पत्रकार की पत्नी की आकस्मिक निधन पर दुःख जताया तथा कहा कि दुःख की इस घड़ी मे हम सभी की संवेदना उस परिवार के साथ है वही इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक भाई दिनेश, डॉ. पद्मा ओझा, वरिष्ठ पत्रकार विनोद सिंह, भाजपा महामंत्री अरविंद पांडे समेत सैकड़ो लोगो ने स्व० रंभा देवी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनको याद करते हुए कहा कि असमय उनकी मौत से सभी लोग शोकाकुल है क्योंकि अचानक बिना बीमारी के उनकी मौत ने सबको स्तब्ध करके रख दिया वही दुःख की इस घड़ी में सभी लोगो ने पीड़ित परिवार को दुःख सहने हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया वही कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकार जनप्रतिनिधि सामाजिक कार्यकर्ता बुद्धजीवी समाजसेवी समेत सभी लोगो ने श्रधांजलि दी और मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया।

## स्वर्ण व्यवसायी की हत्या के बाद पुलिस के विरुद्ध लोगों ने किया बवाल

प्रात: किरण संवाददाता



बड्डी/सासाराम (रोहतास) जिला मुख्यालय सासाराम में विगत गुरुवार के शाम बेखौफ अपराधियों ने 24 वर्षीय आभूषण व्यवसायी सूरज सोनी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्या के खिलाफ सैकड़ों स्थानीय लोग सड़क पर उतर लापरवाह रोहतास पुलिस के खिलाफ भारी बवाल करते हुए उग्र प्रदर्शन किया। इसके बाद भी लोगों का गुस्सा शांत न हुआ तो उन्होंने बड्डी थाने का घेराव भी किया। इस भीड़ में कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा थाने पर पथराव शुरू कर दिया।

जिस घटना में कई लोग जख्मी भी हो गए। हालांकि इस घटना की कोई आधिकारिक पुष्टि नही हुई है। वही बेकाबू लोगों पर काबू पाने के लिए पुलिस उन्हें खदेड़ते हुए उनके उपर लाठीचार्ज किया। जिस घटना में कई लोगों की जख्मी होने कि सूचना भी है।

**वारदात को अंजाम देने के ताक में थें अपराधी :** बताया जाता है कि बड्डी थाना क्षेत्र के सीकुही गांव निवासी स्वर्ण कारोबारी सूरज सोनी आलमपुर बाजार स्थित अपनी स्वर्ण दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। इसी क्रम में घात लगाएं अपराधियों ने रास्ते में ही उससे लूटपाट करनी शुरू कर दी। जिसका सोनी सूरज जब विरोध किया तो अपराधियों उनकी गोली मार हत्या कर दी। कारोबारी की हत्या करने के बाद अपराधियों ने उनके पास से 150 ग्राम सोना, साढ़े सात किलो चांदी और 20 हजार से अधिक कैश लूट लिया था।

**घटना के बाद लोग पुलिस से अपराधियों की गिरफ्तारी कर रहें थे मांग :** बीते घटना वारदात के अगले दिन मृतक के परिजनों और ग्रामीणों का आक्रोश भड़क गया और बड़ी संख्या में वह थाने के पास पहुंच गए और थाना का घेराव कर दिया। अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लोगों ने नारेबाजी शुरू कर दी। इसके साथ ही एसपी को बुलाने की मांग पर अड़े थे। लेकिन मौके पर सासाराम एसडीएम आशुतोष रंजन और डीएसपी दिलीप कुमार घटना स्थल पर पहुंच पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च करते हुए स्थिति को नियंत्रण में करने में लगे हैं। जबकि रोहतास विनीत कुमार ने बताया कि घटना में संलिप्त सभी अपराधियों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई कर मृतक व्यवसायी के पीड़ित परिवार को इंसाफ दिलाई जायेगी।

## अवैध विद्युत चोरी में विभाग ने लगाया 4.90 लाख का जुर्माना, नौ पर प्राथमिकी दर्ज

दिनारा (रोहतास) विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज के प्रत्येक प्रखंड में अवैध रूप से विद्युत चोरी के खिलाफ विभाग ने जुमार्ना सहित प्राथमिकी दर्ज करना शुरू कर दिया है। जिस अभियान तहत प्रखंड दिनारा के ग्राम गंज भड़सरा, कोइरियां एवं करौन्दी मे अवैध रूप से बिजली चोरी करने को लेकर सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार के नेतृत्व मे जुमार्ना लगाते हुए नौ लोगो पर प्राथमिकी दर्ज हुई है। बताते चलें की ग्राम करौन्दी में मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर अमृत साह 48279, उर्मिला देवी पर 13634, सीता देवी पर 13634, महेंद्र पाल पर 48617 एवं ग्राम–गंज भड़सरा के रिखदेव सिंह पर 40359, रुपए राजस्व की क्षति लगायी गयी है। उक्त उपभोक्ताओं के द्वारा मीटर से पहले तार मे कटिंग कर मीटर बाईपास करते हुए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी जिसके कारण वास्तविक मान पठन अवरुद्ध हो रहा था तथा विभाग के राजस्व की क्षति हो रही थी। आगे बताते चलें की बिना कोई बिजली कनेक्शन लिए अवैध रूप से विभाग के विस्तारित एलटी लाइन मे सर्विस तार संयोजित कर विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर ग्राम–गंज भड़सरा के जय प्रकाश सिंह पर 69905, रंजन कुमार सिंह पर 9065, रोहित पासवान पर 8230 तथा ग्राम–कोइरियां के भुनेश्वर ठाकुर पर 252584 रुपये राजस्व की क्षति आकलित करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। उक्त व्यक्तियों के परिसर मे मीटर भी अधिष्ठापित नहीं था तथा विद्युत सम्बंधित कागजात की मांग करने पर कोई कागजात प्रस्तुत नहीं की गयी। एसडीओ के द्वारा सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि जो भी विद्युत कनेक्शन नहीं लिए हैं वह सुविधा एप्प के माध्यम से आवेदन समर्पित कर विद्युत कनेक्शन ले लें तथा जो मीटर बाईपास कर विद्युत का उपभोग कर रहे हैं वह दुरुस्त कर ले अन्यथा जाँच के दौरान चोरी पाए जाने पर भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

## मांगों को लेकर वितरहित शिक्षक संघ ने की बैठक

प्रात: किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) शुक्रवार को शहर के डॉ. नागेंद्र झा महिला महाविद्यालय के सभागार भवन में वित्त रहित अनुदानित संघ के आह्वान पर आगामी 28 अगस्त से होने वाली अनिश्चितकालीन आमरण अनशन एवं भूख हड़ताल की जिला स्तरीय तैयारी समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अमरेंद्र कुमार मिश्रा ने की। जिसमें जिले के मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ. प्रदीप कुमार दुबे हिंदी विभागाध्यक्ष राधा शांता महाविद्यालय तिलौथू की गरिमामयी उपस्थिति में हुई। बैठक में तीन सूत्री मांगों को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई। जिसमें राज्य कर्मी के समक्ष सभी सुविधाएं, बकाए अनुदान राशि का एक मुश्त भुगतान एवं संबद्धता पूर्व की भांति बरकरार रखना इत्यादि अन्य विन्दुओं पर विशेष चर्चा की गई। उक्त दौरान सभी वक्ताओं ने सरकार की नीतियों पर चर्चा की। साथ ही साथ मौके वारदात सभी वक्ताओं ने अपनी- अपनी बातें रखी। शाहाबाद प्रक्षेत्र के रीजनल कोऑर्डिनेटर शिवकुमार पाठक ने आगामी योजनाओं को शिक्षकों के समक्ष रखा। मौके पर प्राचार्य डॉक्टर विनोद कुमार सिंह, प्राचार्य शशि रंजन कुमार, इम्तियाज अहमद खान, विजय कुमार चौबे, मृत्युंजय पाठक, प्रेम कुमार पांडेय सहित विभिन्न महाविद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थे।

## भाकपा माले ने 'हक दो-वादा निभाओ मांग तहत किया धरना प्रदर्शन

प्रात: किरण संवाददाता




काराकाट (रोहतास) काराकाट प्रखंड परिसर में शुक्रवार को भाकपा माले ने हक दो वादा निभाओ अभियान के तहत एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। जिसकी अध्यक्षता सचिव राजेंद्र सिंह व संचालन विधायक प्रतिनिधि अवधेश सिंह ने किया। प्रखंड मुख्यालय पर लोगों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बिहार में महागठबंधन की सरकार थी तो सामाजिक आर्थिक जनगणना कराया गया। इस रिपोर्ट में सामने आया कि आज भी बिहार में लगभग 34 प्रतिशत आबादी 6 हजार से कम आय पर अपना जीवन गुजर बसर कर रही है। वक्ताओं ने सरकार को याद दिलाया की मुखमंत्री नीतीश कुमार ने वादा किया था कि जिसकी आय 72 हजार से कम हो उसको 2 लाख रुपया देंगे। वहीं किसी भी गरीब का आय प्रमाण पत्र 90 हजार से कम का नहीं बनाया जा रहा है। ताकि गरीब 2 लाख रुपया नहीं ले सके। नीतीश कुमार बार बार कहते है कि जो भी भूमिहीन है उसको 5 डिसमिल जमीन देंगे, लेकिन किसी को जमीन नहीं मिला है। आज भी लाखों गरीब लोग ऐसे है जिसके पास अपना पक्का घर नहीं है। जिसको लेकर बीडीओ राहुल कुमार सिंह व सीओ डॉ. रितेश कुमार को मांग पत्र सौंपा है। भाकपा माले की मांग पत्र में वंचित भूमिहीन गरीबों को पक्का मकान दो, आहर – पोखर व छवर पर बसे गरीबों को उसी जमीन की कागज दो, लघु उद्यमी योजना अंतर्गत दो लाख रुपया एवम 60 हजार रुपया की आय प्रमाण पत्र निर्गत करो, भूमिहीन को 5 डिसमिल जमीन दो, राशन कार्ड से वंचित आवेदको को तत्काल राशन कार्ड दो, परिमार्जन के नाम पर लूट घसुट बंद करो, पंचायत स्तर पर परिमार्जन का निष्पादन करो, विस्कोमन भवन एवम सर्वे कार्यालय को प्रखंड मुख्यालय में स्थापित करो, गोडारी मुख्य मार्ग से प्रखंड मुख्यालय तक जर्जर रोड़ को मरम्मत कार्य करो जैसे मांगो को लिखित रूप में बीडीओ और सीओ को दिया। मौके पर जिला सचिव नंद किशोर, नागेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सुखदेव राम सहित सैकड़ों भाकपा माले कार्यकर्ता शामिल थे।

## लघु उद्योग को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

रोहतास (सासाराम) बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत जिले में जिन लाभार्थियों को प्रथम किश्त की राशि हुई प्रदान। जिसको लेकर जिला उद्योग केंद्र के सभागार में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक आशीष रंजन ने लाभार्थियों को प्रशिक्षण के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सभी से अगले तीन दिनों तक प्रशिक्षण में लगातार उपस्थित रहते हुए प्रशिक्षण का लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जो लाभार्थी तीनों दिन प्रशिक्षण में उपस्थित रहेंगे, उन्हें दो हजार रुपए भोजन, नाश्ता आदि के लिए मानदेय दिया जाएगा। वही बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत जिले भर से कुल 1217 लाभार्थियों का चयन किया गया है। इनमें से 30–30 लाभार्थियों का बैच बनाकर अगले तीन दिनों तक इन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा। जो बैच में सभी लाभार्थी आईटी बिजनेस परियोजना के थें। महाप्रबंधक ने बताया कि इस योजना के लगभग 55 से अधिक परियोजना है, जिनमें चयनित लाभार्थी को उनके परियोजना के अनुसार अलग–अलग बैच बनाकर तीन दिनों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग के अनुशंसा पर एमबीए, एमकॉम, बीटेक, मार्केटिंग विशेषज्ञों के द्वारा लाभार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विभाग द्वारा इन प्रशिक्षकों को प्रति क्लास हजार रुपए मानदेय दिया जा रहा है। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि लाभार्थियों की संख्या अधिक होने के कारण अगले सप्ताह में दो बैच बनाकर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जाएगा।

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का हुआ शुभारंभ




भभुआ (कैमूर) विकास आयुक्त कैमूर ज्ञान प्रकाश द्वारा जिले के रामपुर प्रखंड के पसाई पंचायत में अपशिष्ट प्रबंधन इकाई के तहत ई–रिक्शा को झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर उन्होंने स्वयं भी सफाई प्रबंधन वाला ई रिक्शा चलाकर इस कार्य में लगे कर्मियों का हौसला बढ़ाया। इस ई रिक्शा के माध्यम से गांव के गली–गली में अलग–अलग प्रकार के कचरा को जमा करके उसका बेहतर प्रबंधन किया जा सकेगा। उन्होने रामपुर प्रखंड के बिलाओ पंचायत में जीविका दीदी द्वारा कचरा से बनाए खाद का वितरण एवं बिक्री भी प्रारंभ भी कराया गया। इस मौके पर डीडीसी ने बताया कि यह ना केवल स्वरोजगार का माध्यम बनेगा बल्कि इससे कचरा निस्तारण में भी सफलता मिलेगी। रामपुर प्रखंड परिसर में सॉइल हेल्थ कार्ड के वितरण के लिए कैंप लगाया गया था। जहां उन्होंने कई व्यक्तियों को सॉइल हेल्थ कार्ड का वितरण भी किया।

यह कार्ड किसानों को उनके खेत के मिट्टी के स्वास्थ्य की जानकारी देगा। इस नवाचारी व वैज्ञानिक संकल्पना से किसानों को समय से उनके मिट्टी के स्वास्थ्य व गुणवत्ता के बारे में जानकारी देगा। यह संपूर्णता अभियान के तहत किया गया था। भभुआ प्रखंड के महुआरी पंचायत में एक पेड़ मां के नाम स्लोगन के तहत वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि वृक्ष को जननी का दर्जा प्राप्त है, इसलिए मां जैसे स्पर्शमयी और ममता से इसे जोड़कर अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर निदेशक डीआरडीए, डीपीएम मनरेगा, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित प्रखंड स्तरीय एवं जिला स्तरीय कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने सारण टीम मोतोहारी रवाना

छपरा कार्यालय। 6 वी बिहार राज्य मिनी बालक, बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सारण जिला से 22 सदस्यीय दल मोतिहारी रवाना। पूर्वी चंपारण के मोतिहारी जीवन इंटरनेशनल स्कूल चाटीमाई स्थान बंजरिया में 24 से 26 अगस्त तक आयोजित प्रतियोगिता के लिए सारण की टीम मशरक जंक्शन से शुक्रवार को रवाना हुई। सारण टीम में बनियापुर, मशरक, तरैया, पानापुर प्रखंड के बच्चे शामिल है। मौके पर प्लस 2 उच्च विद्यालय मशरक के प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार, सारण हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष कृष्णमोहन सिंह, सचिव संजय कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष प्रिंस कुमार, राष्ट्रीय खिलाड़ी रितेश कुमार सिंह, अभिषेक सिंह, वुशू संघ के जिला सचिव विनय पंडित, अमित गिरी सहित अन्य थे। सारण हैंडबॉल हैंडबॉल टीम के साथ तकनीकी पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह, मनीष कुमार, नैतिक कुमार, नीरज कुमार, युवराज कुमार एवम शाहबाज शामिल है।

## कैमूर जिले में 612249 लोगों का बना आयुष्मान कार्ड

भभुआ (कैमूर)। अब जीविका दीदी की रसोई' से मिलता है मरीजों को भोजन स्वास्थ्य विभाग और जिला स्वास्थ्य समिति कैमूर की मेहनत का रंग अब दिखने लगा है। आम जनता अब स्वास्थ्य के प्रति जागरूक दिखने लगी है, और लोग इलाज के लिए सरकारी अस्पतालों का रूख कर कर हैं। जिला स्वास्थ्य समिति के अनुसार कैमूर जिले में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनाने वालों की संख्या 06 लाख 12 हजार 249 हो गई है। जिला पदाधिकारी सावन कुमार ने इस उपलब्धि की चर्चा स्वतंत्रता दिवस समारोह में जिला को संबोधित करते हुए भी की थी। वहीं 18 हजार 982 लोगों ने आयुष्मान कार्ड का इस्तेमाल अपनी बीमारी के इलाज के लिए किया है। स्वास्थ्य विभाग लगातार उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। कैंसर देश में एक बड़ी और खतरनाक बीमारी बनकर उभरा है। ऐसे समय में जिला स्वास्थ्य समिति कैमूर जिले के विभिन्न प्रखंडों में कैम्प लगाकर कैंसर स्क्रीनिंग का काम कर रही है। अब तक कुल 36 हजार 614 लोगों का स्क्रीनिंग किया जा चुका है, जिसमें 15 हजार 885 पुरुष एवं 20 हजार 729 महिलाएं शामिल हैं।

## राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं ने प्रस्तुत की विज्ञान प्रदर्शनी

प्रात: किरण संवाददाता



काराकाट (रोहतास) कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय जयश्री में शुक्रवार को प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस बड़े ही हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यालय की बच्चियों को अंतरिक्ष दिवस के बारे में जानकारी दी गई। वार्डेन गुड़िया पाण्डेय ने बच्चियों को बताया कि भारत सरकार ने चंद्रयान –3 के चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव में सफलता पूर्वक लैंडिंग करने के दिवस को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस (नेशनल स्पेश डे) घोषित किया गया है। आज के दिन ही विश्व में भारत के अंतरिक्ष में कीर्तिमान स्थापित करने पर राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जा रहा है। इस दौरान विद्यार्थियों को नेशनल स्पेस डे और अंतरिक्ष विज्ञान की उपलब्धियों की विस्तार से जानकारी दी और बच्चियों को भविष्य में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और इसके अनुप्रयोग के प्रति प्रेरित किया। इस दौरान विद्यालय की बच्चियों ने अपने हाथो से चंद्रयान –3 का चित्र बना कर अपना हुनर व कला कृति दिखाई। मौके पर वार्डेन गुड़िया पाण्डेय, शिक्षिका नाहिदा खातून, श्यामला कुमारी, छात्रा पायल कुमारी, पलक कुमारी, अंशु कुमारी, प्रियंका कुमारी, अलीना कुमारी, पूनम कुमारी, रिमझिम कुमारी, नीलम कुमारी, काजल कुमारी, प्रिया कुमारी, आयशा कुमारी सहित अन्य छात्राएं व विद्यालय कर्मी मौजूद थे।



# मुफासा -द लायन किंग के तेलुगु संस्करण में मुफासा की आवाज बनेंगे महेश बाबू

महेश बाबू इन दिनों एसएस राजामौली के साथ अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म एसएसबी 29 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच अभी से उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं, इस फिल्म के अलावा अभिनेता का जलवा दूसरी फिल्म में भी देखने को मिला। अभिनेता को लेकर नई खबर सामने आई है, जो प्रशंसकों को खुश कर देगी। दरअसल, महेश बाबू मुफासा- द लॉयन किंग में अपनी आवाज का जादू चलाने के लिए तैयार है। अभिनेता महेश बाबू को आगामी डिज्नी फिल्म मुफासा- द लॉयन किंग में मुफासा की आवाज के रूप में पेश किया है। यह फिल्म एक शानदार पारिवारिक मनोरंजक फिल्म है। इस बार मुफासा की पिछली कहानी पर ध्यान केंद्रित करते हुए निर्माता नई कहानी पेश करेंगे। वहीं फिल्म में अब महेश बाबू की आवाज मुफासा के रूप में सुनाई देगी।

## इस दिन रिलीज होगा ट्रेलर

फिल्म का तेलुगु ट्रेलर 26 अगस्त को सुबह लॉन्च होने वाला है, जो अभिनेता और उनके प्रशंसकों दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण पल है। इस खबर की घोषणा एक्स की गई। कैप्शन में लिखा गया, सुपरस्टार महेश बाबू डिज्नी की शानदार पारिवारिक मनोरंजक फिल्म मुफासा द लॉयन किंग में मुफासा की तेलुगु आवाज हैं। 26 अगस्त को सुबह 11-07 बजे तेलुगु ट्रेलर लॉन्च होगा। 20 दिसंबर को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में सिनेमाघरों में फिल्म को धमाकेदार तरीके से देखें।

## इस दिन रिलीज होगी फिल्म


इस ट्रेलर रिलीज का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है, क्योंकि इसमें महेश बाबू की शक्तिशाली और गूंजती आवाज की झलक देखने मिलेगी, जिसे वे मुफासा के प्रिय किरदार में लेकर आएंगे। 20 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली मुफासा- द लायन किंग अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु सहित कई भाषाओं में उपलब्ध होगी। बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान फिल्म के हिंदी संस्करण में मुफासा की आवाज देंगे, आर्यन खान सिम्बा की और अबराम खान युवा मुफासा की आवाज देंगे।



# नरगिस फाखरी ने शूजीत सरकार के साथ फिर काम करने की इच्छा जताई

अभिनेत्री नरगिस फाखरी ने मद्रास कैफे में जॉन अब्राहम के साथ काम करने को याद करते हुए पुरानी यादें ताजा की और साझा किया कि उन्हें फिल्म के निर्देशक शूजीत सरकार के साथ फिर काम करने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, जॉन अब्राहम के साथ काम करना बेहद आनंददायक था। वह अविश्वसनीय रूप से सहज हैं और सेट पर बहुत आरामदायक माहौल बनाते हैं। इसके अलावा, वह एक दयालु और दिमाग से तेज व्यक्ति हैं। उनके साथ काम करना सुखद एहसास ही नहीं बल्कि प्रेरणादायक भी है। अभिनेत्री ने कहा, मद्रास कैफे का हिस्सा बनना वास्तव में एक शानदार अनुभव था। नरगिस ने शूजीत सरकार के बारे में बात की और बताया कि उनके साथ काम करना एक अद्भुत अनुभव था। उनकी असाधारण रचनात्मकता और फोकस ने सेट को इतना जीवंत कर दिया कि ऐसा लगा जैसे हम इसे फिल्माने के बजाय कहानी की वास्तविकता में रह रहे हैं। परियोजना के लिए उनका जुनून हर चीज में साफ दिखती थी। उन्होंने एक प्रामाणिक वातावरण बनाया, इसने मुझे अपने किरदार को पूरी तरह से जीने का मौका दिया। उन्होंने कहा, किसी ऐसे व्यक्ति के साथ काम करना एक अविश्वसनीय अनुभव था जो कल्पना और वास्तविकता के बीच की रेखाओं को इतनी सहजता से धुंधला कर सकता था। मैं वास्तव में उनके साथ एक बार फिर काम करने की इच्छा और उम्मीद करती हूं। मद्रास कैफे एक राजनीतिक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसमें राशि खन्ना भी हैं। यह फिल्म 1980 के दशक के अंत और 1990 के दशक की शुरुआत में, श्रीलंकाई गृहयुद्ध में भारतीय हस्तक्षेप और भारतीय प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या पर आधारित है। मद्रास कैफे ने 61वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ ऑडियोग्राफी के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता।






# जल्द शुरू होगी पवन कल्याण की फिल्म ओजी की बची हुई शूटिंग

साउथ सुपरस्टार पवन कल्याण वर्तमान में आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के रूप में अपनी जिम्मेदारियों में व्यस्त हैं। इसके साथ ही वे अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म ओजी को लेकर भी चर्चा में बने हुए हैं। हालांकि, अब सिनेमा में उनकी वापसी का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। सुजीत द्वारा निर्देशित उनकी आगामी फिल्म ओजी दर्शकों के बीच उत्साह पैदा कर रही है। वहीं अब इस फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आई है। पवन कल्याण और दर्शकों को इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं। यह फिल्म गैंगस्टर पृष्ठभूमि पर आधारित एक एक्शन ड्रामा फिल्म होगी। आज सारिपोधा सानिवारम के लिए आयोजित प्रेस मीट में अभिनेता नानी ने निर्माता डीवीवी दानय्या से ओजी के बारे में अपडेट पूछा। दानय्या ने खुलासा किया कि फिल्म की रिलीज बस आने ही वाली है। इसके साथ ही उन्होंने खुलासा किया कि फिल्म की बाकी बची हुई शूटिंग जल्द ही फिर से शुरू होने वाली है।


## जन्मदिन पर आएगा अपडेट

उन्होंने उत्साह के साथ एक विशेष अपडेट की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि ओजी से संबंधित एक तोहफे का अनावरण पवन कल्याण के जन्मदिन पर यानी 2 सितंबर, 2024 को अनावरण किया जाएगा। इस खबर ने प्रशंसकों के बीच जबरदस्त चर्चा और उत्साह पैदा किया है। अब फिर से पवन कल्याण जल्द ही फिल्म की शूटिंग दोबारा शुरू करेंगे।



# तापसी ने की स्टार किड्स की प्रशंसा

फिल्म इंडस्ट्री में भाई-भतीजावाद पर बहस जारी है और कई लोग यह कह रहे हैं कि कुछ बड़े परिवारों के कारण बॉलीवुड बाहरी लोगों के लिए सही जगह नहीं है, लेकिन अभिनेत्री तापसी पन्नू इस विषय पर अलग राय रखती हैं। अभिनेत्री ने एएनआई के साथ एक साक्षात्कार में बी-टाउन में इनसाइडर-आउटसाइडर बहस के बारे में अपनी राय साझा की है। तापसी ने कहा, मैं आपको बताऊंगी, शायद यह बहुत से लोगों से अलग राय है। एक चीज जो उन लोगों के बारे में अच्छी है, जिनके माता-पिता या भाई-बहन या इंडस्ट्री में कोई और परिवार का सदस्य है। आप जानते हैं, भाई-भतीजावाद वाले लोग जो इंडस्ट्री में आए हैं, वे नेपोटिज्म के एक चैन हैं। एक बहुत अच्छी चीज जो मैंने उनसे सीखी है, वह है एक साथ रहना और एक-दूसरे का समर्थन करना।



# गोलमाल में मेरा किरदार एक एक्सपेरिमेंट था

'गोलमाल' में अपने सबसे प्रतिष्ठित किरदार लकी के बारे में बात करते हुए अभिनेता तुषार कपूर ने कहा कि शुरुआत में यह किरदार एक प्रयोग था, और वह खुद तथा निर्माता यह जानने के लिए उत्सुक थे कि लोग इसे कैसे लेंगे। तुषार ने बताया, यह किरदार पिछले कई साल से लोगों के बीच खासकर के नई पीढ़ी के बीच लोकप्रिय है। यह एक ऐसा किरदार है जिसे बच्चे बहुत पसंद करते हैं। भगवान की कृपा से उस किरदार को स्वीकार कर लिया गया। यह शुरू में एक प्रयोग था और हम यह जानने के लिए उत्सुक थे कि लोग इसे कैसे स्वीकार करेंगे। उन्होंने कहा, लेकिन इसे स्वीकार कर लिया गया। मुझे लगता है कि कभी-कभी ये पात्र पुराने हो जाते हैं लेकिन जैसे-जैसे नई पीढ़ी आती है उन्हें भी यह चरित्र पसंद आ जाता है। आगे कहा, मुझे लगता है कि इससे किरदार जीवंत और बहुत ताजा रहता है और आज भी दर्शक इसे पसंद कर रहे हैं। यह गोलमाल ब्रांड और मेरे लिए काम करता है। मैं बेहद ही भाग्यशाली हूं कि बच्चे मेरी भूमिका को पसंद करते हैं। उन्होंने कहा, गोलमाल फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म 2006 में रिलीज हुई थी। इसमें अजय देवगन, अरशद वारसी और शरमन जोशी के साथ रिमी सेन और परेश रावल भी थे। इसे एक आधुनिक कल्ट फिल्म माना जाता है।



# मिलन लूथरिया के साथ एक्शन फिल्म करेंगे अक्षय कुमार

लगातार असफलताओं का सामना कर रहे अभिनेता अक्षय कुमार को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। कहा जा रहा है कि अक्षय कुमार एक्शन पैक्ड फिल्में बनाने वाले निर्देशक सिद्धार्थ आनन्द और कच्चे धागे सरीखी फिल्म देने वाले मिलन लूथरिया के साथ काम करने जा रहे हैं। प्राप्त समाचारों के अनुसार यह तीनों दिग्गज एक एक्शन फिल्म की तैयारी में हैं। हालांकि इस फिल्म का निर्देशन मिलन लूथरिया को सौंपा गया है, जबकि सिद्धार्थ आनन्द इसका निर्माण अपने बैनर मार्फिलक्स के अन्तर्गत करेंगे। टीम ने सावधानीपूर्वक एक स्क्रिप्ट तैयार की है जो एक सतर्कता कहानी की पृष्ठभूमि के खिलाफ एक्शन सेट करती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, इस मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि सभी ने सर्वसम्मति से अक्षय कुमार को मुख्य भूमिका में लेने का फैसला किया है। अक्षय कुमार हमेशा चुनौतियों के लिए तैयार रहते हैं और सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में एक्शन के नए पहलू को तलाशने के लिए उत्साहित हैं। इस फिल्म में उन्हें पहले कभी न देखे गए अवतार में दिखाया जाएगा। बैंग बैंग, वॉर, पठान और फाइटर जैसी ब्लॉकबस्टर हिट फिल्मों के लिए मशहूर सिद्धार्थ आनंद ने खुद को एड्रेनालाईन-पंपिंग एक्शन सीक्वेंस बनाने में माहिर साबित किया है। अपनी पत्नी ममता आनंद के साथ मिलकर उन्होंने मार्फिलक्स की स्थापना की है, जो एक्शन की सीमाओं को पार करने वाले सिनेमाई अनुभव देने के लिए समर्पित एक प्रोडक्शन हाउस है। उनकी आने वाली 10 फीचर फिल्मों में इस शैली के नए आयाम तलाशने और दर्शकों को पहले से कहीं ज़्यादा आकर्षित करने का वादा किया गया है। मार्फिलक्स पिक्चर्स के पास पाइपलाइन में फिल्मों की एक आशाजनक लाइनअप है। अक्षय कुमार के साथ आने वाली एक्शन फिल्म के अलावा, वे कई अन्य हाई-प्रोफाइल प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं,



# कामयाबी और जीवन दो अलग अलग बातें हैं और इनमें संतुलन बेहद जरूरी

**अगली गर्मियों में करीना कपूर को बड़े परदे पर उतरे 25 साल हो जाएंगे। साल 2024 उनके लिए शानदार जा रहा है। 'क्रू' कमाल दिखा चुकी है। 'सिंघम अगेन' दिसंबर में आने वाली है और उससे पहले आ रही है 'बकिंघम मर्डर्स।' इस बार चार बातें करीना कपूर की..**

## जीरो फीगर का ट्रेंड मुझसे शुरू हुआ

ये मैं मानती हूं। इस काया के लिए मैंने डेढ़ साल तक कुछ भी ढंग का खाया नहीं था। मेरे करियर की पहली एक्शन फिल्म थी 'टशन' और उसके बाद से मैंने कोई दूसरी एक्शन फिल्म की भी नहीं है। लेकिन, अब जो समय है वह कलाकारों के लिए बेहतरीन समय है।

## महत्वाकांक्षी होना जरूरी

मेरा मानना है कि इंसान को जीवन में महत्वाकांक्षी होना जरूरी है। मैं भी हूं। लेकिन, इसके लिए मैं खुद को परेशान भी नहीं कर सकती। ऐसी कोई भी उम्मीद जो मुझे मानसिक रूप से परेशान कर सकती है, मुझे पसंद नहीं है। कामयाबी और जीवन दो अलग अलग बातें हैं और इनमें संतुलन बेहद जरूरी है।

## रणबीर काबिल कलाकार

एक अभिनेता को अब सिर्फ अभिनय पर ध्यान देने की जरूरत है, सिक्स पैक या एट पैक एब्स पर नहीं। बॉबी देओल और रणबीर कपूर ने अपने अभिनय से लोगों के दिल जीते हैं। उनकी कद काठी हृष्ट पुष्ट व्यक्तियों की है लेकिन दोनों की बात जब भी होती है तो उनके अभिनय के लिए होती है। बॉबी जिस मोड़ पर हैं, अपनी मेहनत से हैं। रणबीर ने बतौर अभिनेता खुद को बार बार साबित किया है।

## एक दूसरे का सम्मान जरूरी

मैं मानती हूं कि पति-पत्नी के बीच रिश्ता ऐसा होना चाहिए कि दोनों एक दूसरे से निष्पक्ष सलाह की उम्मीद कर सकें। मानना, न मानना हमारे ऊपर है। सैफ मुझसे तमाम बातों पर मशविरा करते हैं। वह उसे मानते हैं कि नहीं, ये उनकी मर्जी है। जैसे मैंने उनकी सारी फिल्में देखी हैं, वे मेरी सारी फिल्में देखें, मैं इसकी जिद कभी नहीं करती।

# फरहान अख्तर 29 अगस्त को रिलीज करेंगे रीच फॉर द स्टार्स

फिल्म निर्माता-अभिनेता-गायक फरहान अख्तर इस महीने के अंत में अपना आगामी सिंगल रीच फॉर द स्टार्स रिलीज करने के लिए तैयार हैं। फरहान ने इंस्टाग्राम पर कवर की एक झलक साझा की, जिसमें वे बैकग्राउंड में रीच फॉर द स्टार्स लिखे माइक पर गाते हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने लिखा, अरे, यह साझा करते हुए बहुत उत्साहित हूं कि मेरे पास 29 अगस्त को रिलीज होने वाला एक नया सिंगल रीच फॉर द स्टार्स है। ड्रॉप को प्री-सेव करने के लिए लिंक बायो में मिल सकते हैं। सुनकर खुशी होगी और शेयर करके खुशी होगी। फरहान के इस पोस्ट पर लगातार कमेंट्स आ रहे हैं। फरहान के इस लुक को देखकर उनके फैंस दीवाने हो गए हैं और लगातार अपने कमेंट्स से प्रतिक्रिया जाहिर कर रहे हैं। अभिनेता-निर्देशक ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी आने वाली फिल्म की 23वीं वर्षगांठ का जश्न मनाते हुए एक वीडियो साझा किया था। उन्होंने कैप्शन में लिखा, जीवन भर की दोस्ती के लिए। कलाकारों, क्रू और दर्शकों के लिए, आपके प्यार ने दिल चाहता है को 23 सालों तक ज़िंदा रखा है। यह तीन दोस्तों की कहानी बताती है कि जीवन के साथ-साथ उनकी गतिशीलता कैसे बदलती है। इस फिल्म ने हिंदी सिनेमा में कहानियों को कहने के तरीके को बदल दिया और कथा, चरित्र, संगीत, वेशभूषा और स्टाइलिंग के मामले में बहुत ही शहरी दृष्टिकोण रखा। फिल्मों की बात करें तो फरहान डॉन 3 के लिए तैयार हैं, जिसमें रणवीर सिंह मुख्य भूमिका में हैं।






## संक्षिप्त समाचार

### सेजल ग्लास लि. ने वित्त वर्ष 25 की प्रथम तिमाही में 9,351 प्रतिशत वृद्धि की रिपोर्ट दी

**मुंबई, एजेंसी।** एक प्रमुख आर्किटेक्चरल ग्लास निर्माता, सेजल ग्लास लिमिटेड ने वित्त वर्ष 25 की प्रथम तिमाही के अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम की घोषणा की है. प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए सेजल ग्लास लिमिटेड के प्रमोटर, श्री अमृत गडा ने कहा, हम टेक्नोलॉजी और इंफ्रास्ट्रक्चर में व्यूहात्मक निवेश द्वारा चालित वित्त वर्ष 25 की प्रथम तिमाही के अपवादात्मक प्रदर्शन की घोषणा कर रोमांचित है. मजबूत क्लाइंटल के साथ ग्रोथ एवं इनोवेशन के प्रति हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता बाजार की विभिन्न जरूरत को पूरा करते हुए हमें ग्लास में सब कुछ के लिए गो टू प्रोवाइड के रूप में स्थापित करती है. एक व्यूहात्मक कदम के रूप में कंपनी ने 99.01त्र हिस्से का अधिग्रहण कर और 19 मई, 2023 से प्रभावी रूप से उसे एक सब्सिडियरी बनाते हुए मेसर्स सेजल ग्लास एंड ग्लास मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट्स एलएलसी में एईडी 15,000,000 का निवेश किया है।

### निसान ने पूरे भारत में बाढ़ प्रभावित वाहनों के लिए मदद का हाथ बढ़ाया

**गुरुग्राम, एजेंसी।** हाल ही में भारत के विभिन्न क्षेत्रों में आई बाढ़ को देखते हुए निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने बाढ़ से प्रभावित ग्राहकों की मदद के लिए विभिन्न प्रकार की सहायता का एलान किया है। कंपनी विभिन्न असिस्टेंस सर्विसेज के माध्यम से इस चुनौतीपूर्ण समय में अपने ग्राहकों की मदद के लिए प्रतिबद्ध है। निसान ने बाढ़ से प्रभावित वाहनों वाले ग्राहकों की सहायता के लिए विशेष रूप से समर्पित हेल्पडेस्क स्थापित की है। कंपनी प्रभावित वाहनों को टो करके नजदीकी निसान सर्विस वर्कशॉप तक पहुंचाने समेत निशुल्क रोडसाइड असिस्टेंस (आरएसए) की सुविधा प्रदान करेगी। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सौरभ वत्स ने कहा, 'हमारे ग्राहक निसान परिवार का हिस्सा हैं और इस चुनौतीपूर्ण समय में जरूरी है कि हम एक ब्रांड के रूप में साथ आएं और सभी का सहयोग करें। बाढ़ के कारण प्रभावित अपने ग्राहकों की मदद करने के प्रयास में हम एकजुट हैं।

### सैमसंग त्यौहारों से पहले भारत में लॉन्च करेगा 10 एआई वाशिंग मशीनें

**गुरुग्राम, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रैंड, सैमसंग ने इस साल त्यौहारों के सीजन के लिये 10 वाशिंग मशीनें पेश करने की अपनी योजना की घोषणा की है। कंपनी ने हाल ही में अपनी आगामी फ्रंट-लोड एआई-पावर्ड वाशिंग मशीनों का टीज़र दिखाया था। यह मशीनें इस महीने के आखिर में लॉन्च की जाएंगी। नई एआई-पावर्ड वाशिंग मशीनें भारतीय ग्राहकों के लिए कंपनी के घरेलू उपकरणों की प्रीमियम बीस्पोक एआई रेंज का हिस्सा हैं। इन मशीनों में बेहतर कनेक्टिविटी दी गई है और यह इंटेलिजेंट तथा सहज समाधानों के साथ शानदार अनुभव देती हैं।

# पांच साल में 14.19 लाख करोड़ का होगा गोल्ड लोन बाजार

## 2028-29 तक सालाना 14.85 फीसदी की दर से बढ़ेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सख्त नियमों के कारण वृद्धि में अपेक्षित नरमी के बावजूद देश का संगठित गोल्ड लोन बाजार अगले पांच साल में यानी 2028-29 तक दोगुना होकर 14.19 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। इस अवधि में इसमें सालाना 14.85 फीसदी की वृद्धि की उम्मीद है। पीडब्ल्यूसी इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2023-24 में संगठित गोल्ड लोन बाजार में पर्याप्त वृद्धि हुई थी और यह 7.1 लाख करोड़ रुपये के मूल्यांकन पर पहुंच गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले दो वर्षों में गोल्ड लोन बाजार में मध्यम वृद्धि देखने को मिलेगी, क्योंकि सोने के बदले कर्ज देने वाले ऋणदाताओं को कर्ज एवं मूल्य (एलटीवी) रखरखाव और नीलामी प्रक्रियाओं के संबंध में नियामक अधिकारियों से बढ़ती जांच का सामना करना पड़ रहा है।



**भारतीय परिवारों के पास 126 लाख करोड़ रुपये का सोना–** भारतीय परिवारों में सोने को लेकर भारी आकर्षण है और उनके पास 25,000 टन सोना होने का अनुमान है। कीमत के लिहाज से भारतीय परिवारों के पास करीब 126 लाख करोड़ रुपये का सोना है।

**दक्षिण भारत की सर्वाधिक हिस्सेदारी–** पीडब्ल्यूसी इंडिया के पार्टनर जयकृष्णन जी ने कहा, गोल्ड लोन कर्ज देने का सबसे पुराना तरीका है। गोल्ड लोन बाजार में दक्षिण भारत का सबसे बड़ा योगदान है। कुल कर्ज में इसकी हिस्सेदारी 79.1 फीसदी है।

### असंगठित क्षेत्र पर ग्राहकों का बढ़ सकता है भरोसा

पीडब्ल्यूसी इंडिया ने कहा, गोल्ड लोन बाजार की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी के निष्क्रिय होने से चालू वित्त वर्ष में बाजार की वृद्धि पर असर पड़ेगा। इसके अलावा, नकद वितरण पर गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को आरबीआई की नकद वितरण राशि को 20,000 रुपये तक सीमित करने की सलाह ग्राहकों को असंगठित क्षेत्र पर भरोसा करने के लिए प्रेरित कर सकती है।

# सरकार अगले महीने खुले बाजार में गेहूं की बिक्री शुरू कर सकती है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार अगले महीने भारतीय खाद्य निगम के भंडार से थोक खरीदारों जैसे आटा मिलर्स को खुले बाजार में गेहूं की बिक्री शुरू करने की योजना बना रही है। यह कदम आगामी त्योहारी सीजन में संभावित मूल्य वृद्धि को नियंत्रित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। पिछले साल भारतीय खाद्य निगम के भंडार ने जून में खुले बाजार में बिक्री शुरू की थी और 10 मिलियन टन गेहूं की रिकॉर्ड मात्रा थोक खरीदारों को बेची थी। व्यापारियों का कहना है कि मौजूदा आपूर्ति स्थिति पर्याप्त है लेकिन त्योहारी सीजन में मांग बढ़ने पर कीमतों में वृद्धि की संभावना हो सकती है। वर्तमान में एफसीआई के पास 25.89 एमटी गेहूं का भंडार है, जबकि अक्टूबर 1 के लिए बफर स्टॉक 20.52 एमटी है। एक आधिकारिक नोट के अनुसार, सार्वजनिक वितरण प्रणाली और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए 18.4 एमटी गेहूं की आवश्यकता होगी। सूत्रों ने बताया कि सरकार गेहूं की कीमतों पर निगरानी रखे हुए है, जो पिछले छह महीनों से स्थिर रही हैं। खुले बाजार में गेहूं की बिक्री उस समय शुरू की जाएगी जब कीमतों में वृद्धि की संभावना होगी। उपभोक्ता मामले मंत्रालय के अनुसार, गुरुवार को गेहूं के खुदरा मूल्य की औसत कीमत 28 रुपए प्रति किलोग्राम थी, जो पिछले छह महीनों से स्थिर है। खाद्य मंत्रालय ने वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए एफसीआई के स्टॉक्स से खुले बाजार में 2.5 मिलियन टन गेहूं की बिक्री के लिए आवंटित किया है। एफसीआई गेहूं की बिक्री 2,325 रुपए प्रति क्विंटल की कीमत पर शुरू करेगी, जो मौजूदा बाजार की कीमतों (लगभग 2,500 रुपए प्रति क्विंटल) से कम है।

### स्टॉक होल्डिंग लिमिट

जून में स्टॉक होल्डिंग सीमाएं लागू की गई थीं, जो 31 मार्च, 2025 तक लागू रहेंगी। गेहूं के निर्यात पर लगाया गया प्रतिबंध अभी भी लागू रहेगा और आयात पर ड्यूटी संरचना में बदलाव का कोई प्रस्ताव नहीं है।

# एचडीएफसी बैंक ने जापानी बैंक के ऑफर को ठुकराया

## एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज में स्टेक खरीदने का ऑफर

## 20 प्रतिशत स्टेक के लिए दिया था 2 अरब डॉलर का प्रस्ताव




**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्राइवेट सेक्टर के सबसे बड़े लैंडर एचडीएफसी बैंक ने अपनी एनबीएफसी कंपनी के लिए 2 अरब डॉलर (करीब 16,773 करोड़ रुपये) एफडीआई निवेश के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। जापान के सबसे बड़े बैंक मित्सुबिशी यूएफजे फाइनेंशियल ग्रुप ने एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए 2 अरब डॉलर की पेशकश की थी। यह भारत में फाइनेंशियल सर्विसेज सेक्टर में सबसे बड़ा एफडीआई प्रस्ताव था। लेकिन एचडीएफसी बैंक ने इसे खारिज कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक बैंक के बोर्ड ने आरबीआई के नियमों का पालन करने के लिए एचडीबी के लिस्टिंग प्लान को अपना समर्थन दिया है। माना जा रहा है कि इस फैसले से जापान को निराशा होगी। जापानी सरकार ने इस डील का समर्थन किया था। इस डील को क्वाड ब्लॉक के दो प्रमुख देशों भारत और जापान के बीच आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करने के कदम के रूप में देखा गया था। सूत्रों का कहना है कि इस डील का टूटना बैंक में सीनियर लेवल पर मतभेद को उजागर करता है। एमयूएफजी ने एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज की वैल्यूएशन 9 अरब लगाई थी।

### जापानी बैंकों की समस्या

जापान में ग्रोथ रेट पिछले कई दशक से सुस्त पड़ा है। यही वजह है कि वहां के बैंक दूसरे देशों में ग्रोथ की संभावनाएं तलाश रहे हैं। एचडीएफसी बैंक के पास शैडो बैंक का 94.7 प्रतिशत हिस्सा है। बाकी 5.3 प्रतिशत स्टॉक ऑप्शन के रूप में कर्मचारियों के पास है। एमयूएफजी और एचडीएफसी बैंक ने इस बारे में सवालों का जवाब नहीं दिया। एचडीबी को आरबीआई ने 16 अपर लेयर एनबीएफसी में रखा है। कंपनी आईपीओ की तैयारी कर रही है। कंपनी का आईपीओ इस कैलेंडर ईयर की अंतिम तिमाही या 2025 की पहली तिमाही में आ सकता है। यह एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी लिमिटेड के मर्जर के बाद लिस्ट होने वाली एचडीएफसी ग्रुप की पहली कंपनी होगी। आरबीआई के नियमों के मुताबिक इसे सितंबर 2025 से पहले लिस्ट होना जरूरी है। जुलाई में एचडीएफसी बैंक के बोर्ड ने एचडीबी की लिस्टिंग को सैद्धांतिक मंजूरी दी थी। एचडीबी फाइनेंशियल का बिजनस 27 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों में फैला है। कंपनी की 1,680 शाखाएं हैं और 1.46 करोड़ ग्राहक हैं। यह पर्सनल, कमर्शियल, होम, ऑटो लोन और प्रॉपर्टी के अगेंस्ट लोन देती है।

# उछाल मार रही इकोनामी

## घट रही महंगाई, जीएसटी कलेक्शन दमदार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनियमित मॉनसून के बावजूद भारत की आर्थिक गति बरकरार है और आर्थिक समीक्षा में 6.5 से 7.0 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान सही जान पड़ता है। वित्त मंत्रालय की गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। जुलाई की मासिक आर्थिक समीक्षा के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 2024-25 के पहले चार महीनों में अपनी गति बनाए रखी है। वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट में कहा गया कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पहले चार (अप्रैल-जुलाई) महीनों में जीएसटी कलेक्शन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह टैक्स बेस के विस्तार तथा आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि के दम पर मुमकिन हुआ।

रिपोर्ट में कहा गया कि मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर के क्रय प्रबंधकों के सूचकांक के मजबूत प्रदर्शन से भी घरेलू गतिविधियों में मजबूती का पता चलता है। विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि का कारण मांग का बढ़ना, नए निर्यात ऑर्डर में तेजी तथा उत्पादन कीमतों का बढ़ना है। राजकोषीय मोर्चे पर इसमें कहा गया कि बजट वित्त वर्ष 2024-25 ने राजकोषीय मजबूती का मार्ग प्रशस्त किया है। मजबूत राजस्व संग्रह, राजस्व व्यय में अनुशासन तथा मजबूत आर्थिक प्रदर्शन के समर्थन से राजकोषीय घाटे में कमी आने का अनुमान है। साथ ही, इसमें कहा गया कि पूंजीगत व्यय को उच्च स्तर पर बनाए रखा गया है, जिससे नए निजी निवेश चक्र को समर्थन मिल रहा है।

नतीजा है। दक्षिण-पश्चिम मानसून में स्थिर प्रगति ने खरीफ की बुवाई का समर्थन किया है। इसमें कहा गया है कि जलाशयों में जल स्तर का फिर से बढ़ना मौजूदा खरीफ तथा आगामी रबी फसल के उत्पादन के लिए अच्छा संकेत है। इससे आने वाले महीनों में खाद्य मुद्रास्फीति को कम करने में



**क्यों घटी महंगाई–** रिपोर्ट में कहा गया है कि खुदरा महंगाई जुलाई 2024 में घटकर 3.5 प्रतिशत रह गई जो सितंबर 2019 के बाद सबसे कम है। यह खाद्य महंगाई में नरमी का मदद मिलेगी। रिपोर्ट में कहा गया कि कुल मिलाकर भारत की आर्थिक गति बरकरार है। कुछ हद तक अनियमित मानसून के बावजूद जलाशयों में जलस्तर की भरपाई हो गई है।

# फास्ट्रैक स्मार्ट ने पेश किया नया कलेक्शन: बोल्ड और फैशनेबल मेटल सीरीज़




**बैंगलुरू, एजेंसी।** युवाओं के लिए भारत का प्रमुख फैशन-टेक ब्राण्ड फास्ट्रैक स्मार्ट लेकर आया है आधुनिक तकनीक वाली मैटेलिक और स्टाइलिश स्मार्टवॉचेज़ की नई रेंज मेटल सीरीज़। खासतौर पर भारत के युवाओं को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई इस रेंज में किफ़ायती दाम पर आधुनिक फीचर्स और बेहतरीन डिज़ाइन पेश किए गए हैं जो अपनी श्रेणी में नए बेंचमार्क स्थापित करते हैं।

टाइटन की ओर से फास्ट्रैक स्मार्ट हमेशा से भारत के युवाओं के लिए नए फैशन की घड़ियां लाता रहा है। इसी क्रम में मेटल सीरीज़, आधुनिक टेक्नोलॉजी और मैटेलिक लक का शानदार संयोजन है। इस रेंज की स्मार्ट की स्टेनलेस स्टील घड़ियों से प्रेरित इस स्मार्टवॉच कलेक्शन को प्रीमियम ग्रेड के धातु और स्टेनलेस स्टील के स्ट्रैप से बनाया गया है। सभी घड़ियां सख्त जांच से होकर गुज़रती हैं, इनमें टिकाउ और उच्च गुणवत्ता के स्टील का उपयोग किया जाता है। मेटल सीरीज़ के लॉन्च पर बात करते हुए आदित्य राज, हैड- सेल्स एण्ड मार्केटिंग- वियरेबल्स, टाइटन कंपनी लिमिटेड ने कहा, ''फास्ट्रैक स्मार्ट ने स्टाइल और टेक्नोलॉजी के संयोजन के साथ युवाओं के फैशन को नया आयाम दिया है। मेटल सीरीज़ के माध्यम से हम उपभोक्ताओं के लिए ऐसी घड़ियां लेकर आए हैं जो जैन ज़ी की उम्मीदों पर खरी उतरेंगी। यह कलेक्शन न सिर्फ स्मार्टवॉच कैटेगरी को नया आयाम देगा बल्कि आज के युवाओं के लिए पसंदीदा एक्सेसरी बन जाएगा। फास्ट्रैक स्मार्ट में हम किफ़ायती दामों पर आधुनिक वियरेबल टेक्नोलॉजी और स्मार्ट फीचर्स से युक्त शानदार डिज़ाइन लेकर आते हैं। हमें विश्वास है कि युवा इस मेटल सीरीज़ को खूब पसंद करेंगे

इन सभी फीचर्स से युक्त स्मार्टवॉच न सिर्फ देखने में बेहतरीन लगती है बल्कि शानदार परफोर्मेंन्स भी देती हैं। कुल मिलाकर फास्ट्रैक स्मार्ट की मेटल सीरीज़ अपने आप में बेहतरीन एक्सेसरी हैं। इस अवसर पर ब्राण्ड देश के युवाओं के साथ जुड़ने तथा घड़ियों के फैशन एवं उपयोगिता पर रोशनी डालने के लिए एक

# सुमन इंदौरी को पेश करते हुए बहुत खुश हूं : अश्नूर कौर

**मुंबई, एजेंसी।** मौजूदा बदलती दुनिया में, जेठानी ने नई सास की भूमिका ले ली है। कलर्स के नवीनतम शो, 'सुमन इंदौरी' ने इस कन्टेम्पररी ड्रामा में जान फूंक दी है। यह शो देवरानी-जेठानी के पारंपरिक टकराव में स्ट्रीट-स्मार्ट फ्लेवर को भी शामिल कर रहा है, जिसका उद्देश्य युवा दर्शकों को भी आकर्षित करना है। मध्य प्रदेश के प्रमुख नगर इंदौर में स्थापित, यह कहानी एक नेकदिल लड़की सुमन के इर्द-गिर्द घूमती है। सुमन को अनिच्छा से शहर के एक बाहुबली परिवार के चतुर राजनेता तीर्थ से शादी करनी पड़ती है, जिसके बाद उसे एक बहू के रूप में अपनी नई भूमिका निभानी होगी। लेकिन ससुराल में उसका सामना अपनी दबंग जेठानी देविका से होगा, जो परिवार की मुखिया बनना चाहती है और सुमन को अपने पारिवारिक विरासत के लिए खतरा मानती है। उत्साही सुमन के रूप में अश्नूर कौर, चालाक राजनेता तीर्थ के रूप में ज़ैन इमाम, और दबंग देविका के रूप में अनीता हसनंदानी अभिनीत, 'सुमन इंदौरी' भावनाओं, सत्ता संघर्ष और पारिवारिक

# होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने मध्य प्रदेश में 30 लाख से अधिक उपभोक्ताओं की उपलब्धि हासिल की



**भोपाल।** देश के प्रमुख दोपहिया निर्माताओं में से एक होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज जीवंत राज्य मध्य प्रदेश में उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा की है। गौरतलब है कि देश का सबसे स्वच्छ शहर इंदौर इसी प्रदेश में है। एचएमएसआई ने मध्य प्रदेश में 30 लाख से अधिक युनिट्स की बिक्री की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए राज्य में दोपहिया उपभोक्ताओं के पसंदीदा ब्राण्ड के रूप में अपने आप को मजबूती से स्थापित कर लिया

की ज़रूरतों को पूरा करते हुए मोटरसाइकिलों एवं स्कूटरों की व्यापक रेंज लाती रही है जो आधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ उत्कृष्ट विश्वसनीयता का संयोजन हैं। 30 लाख से अधिक युनिट्स की उपलब्धि हमारे उपभोक्ताओं के भरोसे तथा हमारी टीम के अथक प्रयासों की पुष्टि करती है। राज्य में एक्टिवा, होण्डा का सबसे ज़्यादा बिकने वाला मॉडल है, इसके बाद 125 सीसी कम्यूटर मोटरसाइकिलों (शाईन 125 और एसपी 125) की मांग भी बहुत अधिक है। इसके अलावा नई शाईन 100 ने बहुत से उपभोक्ताओं को पंख दिए हैं, जो अपने जीवन को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किफ़ायती दाम पर पैसावसूल दोपहिया वाहन की तलाश में थे। इस अवसर पर श्री योगश माथुर, डायरेक्टर, सेल्स एण्ड मार्केटिंग, होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने कहा, ''मध्य प्रदेश में 30 लाख युनिट्स की बिक्री

# बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ ने बेबीसाइंस आई.वी.एफ केअधिग्रहण के साथ अपने क्लीनिकों का संख्याबढ़ा कर की 50

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सी.के.बिरला ग्रुप(3 बिलियन डॉलर) की कंपनी और भारत के तीसरे सबसे बड़े आई.वी.एफ नेटवर्क बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ ने बेबीसाइंस आईवीएफ क्लीनिक्स का अधिग्रहण कर कर्नाटक, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में अपनी पकड़मज़बूत की है।यह अधिग्रहण बिरला फर्टिलिटी और आईवीएफ की रणनीतिक विस्तार, जिसमें 500 करोड़ रुपये से अधिक की निवेश योजना के अंतर्गतएक प्रमुख कदम है।

बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ नेकेरल में एआरएमसी आईवीएफ चेन का अधिग्रहण करने के तीन माह के अंदर यह कदम उठाया है। इस मौके पर, अवंति बिरला, संस्थापक, बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ ने कहा, बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ मेंहम कॉनसेप्शन के विज्ञान के साथ देखभाल (केयर) का मेल कराते हैं। मैं खुद अधिकाधिक दंपत्तियों (कपल्स) और महिलाओं के लिए इन सुविधाओं को सुलभ बनाने को लेकर प्रतिबद्ध हूं। साथ ही, हम प्रत्येक पेशेंट की व्यक्तिगत जरूरतों को ध्यान में रखकर उपचार उपलब्ध कराते हैं जिसमें एडवांस्ड डायग्नॉस्टिक टेस्टिंग

# टेस्ट क्रिकेट को बचाने के लिए खास कदम उठा सकता है आईसीसी, क्रिकेटरों की फीस में भी हो सकती है बढ़ोतरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) टेस्ट क्रिकेट के लिए कम से कम 150 लाख अमेरिकी डॉलर का अलग से कोष तैयार करने पर विचार कर रहा है। फटाफट क्रिकेट के दौर में टेस्ट क्रिकेट की लोकप्रियता लगातार घटती जा रही है। इसको लेकर अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) खास कदम उठाने की तैयारी में है। बताया जा रहा है कि टेस्ट क्रिकेट के लिए बोर्ड अलग से कोष तैयार करने पर विचार कर रहा है। इससे खिलाड़ियों की मैच फीस बढ़ाने में मदद मिलेगी और उन्हें टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकेगा।

International Cricket Council

### आईसीसी उठा सकता है बड़ा कदम

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) टेस्ट क्रिकेट के लिए कम से कम 150 लाख अमेरिकी डॉलर का अलग से कोष तैयार करने पर विचार कर रहा है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने इस तरह का प्रस्ताव रखा है जिसे भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह और इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) का समर्थन हासिल है। शाह अभी आईसीसी अध्यक्ष बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं।

### क्रिकेटरों को मिलने की उम्मीद

इस कोष से टेस्ट क्रिकेटरों की न्यूनतम मैच फीस में बढ़ोतरी होगी और यह विदेशी दौरों पर टीमों को भेजने की लागत को कवर करेगा। इससे वेस्टइंडीज जैसे क्रिकेट बोर्ड को मदद मिलेगी जिसके खिलाड़ी के टेस्ट क्रिकेट के बजाय वैश्विक टी20 प्रतियोगिताओं में खेलने को प्राथमिकता दे रहे हैं।

# वॉर्न की मौत मेरे परिवार से किसी को खोने जैसा, भारत के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव हुए भावुक

**मेलबर्न , एजेंसी।** कुलदीप ने हाल ही में टीम इंडिया के साथ टी20 विश्व कप जीता था। उनकी ऑस्ट्रेलिया की यह यात्रा बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी से कुछ महीने पहले हो रही है। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की शुरुआत 22 नवंबर को पर्थ में होने वाली है। भारत के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव ने खुलासा किया है कि दो साल पहले ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज शेन वॉर्न की मौत से उन्हें गहरा झटका लगा था। कुलदीप ने बताया कि वॉर्न के निधन पर उन्हें परिवार के किसी सदस्य को खोने जैसा महसूस हुआ था। उनका कहना है कि वॉर्न और उनके बीच एक मजबूत संबंध था। परिवार के साथ ऑस्ट्रेलिया घूमने गए कुलदीप ने अपने आदर्श के घरेलू मैदान प्रतिष्ठित मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) का दौरा किया। वहां उन्होंने स्टेडियम के बाहर वॉर्न की प्रतिमा के साथ फोटो भी खिंचवाई। कुलदीप ने कहा, शेन वॉर्न






मेरे आदर्श थे और मेरा उनके साथ बहुत गहरा रिश्ता था। जब भी मैं वॉर्न के बारे में सोचता हूं तो मैं भावुक हो जाता हूं। ऐसा लगता है जैसे मैंने अपने परिवार से किसी को खो दिया है। हालांकि, कुलदीप ने इस दिग्गज के साथ अपने समीकरण के बारे में विस्तार से नहीं बताया। वॉर्न की 2022 में थाईलैंड में छुट्टियों के दौरान दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई थी।

**बार्डर गावस्कर ट्रॉफी को लेकर कुलदीप का बयान** - कुलदीप ने हाल ही में टीम इंडिया के साथ टी20 विश्व कप जीता था। उनकी ऑस्ट्रेलिया की यह यात्रा बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी से कुछ महीने पहले हो रही है। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की शुरुआत 22 नवंबर को पर्थ में होने वाली है। उन्होंने कहा, मैं बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का इंतजार कर रहा हूं और हम इस साल ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच एक शानदार क्रिकेट प्रतियोगिता की उम्मीद कर रहे हैं। घुटने की चोट से वापसी करने के बाद कुछ साल बेहतरीन बिताने वाले कुलदीप ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) मुख्यालय का भी दौरा किया और सीईओ निक हॉकले से ऑनलाइन बातचीत की। उन्होंने भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों के अटूट समर्थन को भी स्वीकार किया। कुलदीप ने कहा, दुनिया भर में भारतीय क्रिकेट प्रशंसक हमेशा टीम का समर्थन करते हैं और मुझे विश्वास है कि वे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए बड़ी संख्या में आएंगे, खासकर बॉक्सिंग डे टेस्ट के दौरान। एमसीजी 26 दिसंबर से बॉक्सिंग डे टेस्ट की मेजबानी करेगा।



## मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच दो सितंबर को लखनऊ में मुकाबला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एआईएफएफ ने मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच मैच के आयोजन का प्रस्ताव रखा और राज्य सरकार ने इसे मंजूर कर लिया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हाल ही में लगाई फ्लड लाइट का परीक्षण किया गया है।नवाबों का शहर लखनऊ पहली बार देश के नामी फुटबाल क्लबों मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच मैच की मेजबानी को तैयार है। परंपरागत प्रतिद्वंद्वियों के बीच होने वाला यह मुकाबला दो सितंबर को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। प्रदेश के खेल निदेशक आरपी सिंह ने बताया कि कृत्रिम रोशनी में होने वाले हाईवोल्टेज मैच के लिए तैयारियां पूरे जोरों पर हैं। प्रदेश में फुटबाल के बढ़ावे के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी मैच देखने के लिए आने की संभावना है। दस हजार से ज्यादा दर्शकों के स्टेडियम में उपस्थित होने की उम्मीद है। खेल निदेशक ने बताया कि अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मुलाकात की थी और उत्तर प्रदेश में फुटबाल को बढ़ावे को लेकर बातचीत हुई थी। एआईएफएफ ने मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच मैच के आयोजन का प्रस्ताव रखा और राज्य सरकार ने इसे मंजूर कर लिया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हाल ही में लगाई फ्लड लाइट का परीक्षण किया गया है और ड्रेसिंग रूम और अन्य सुविधाओं की भी व्यवस्थाओं को देखा जा रहा है। दोनों टीमें एक सितंबर को लखनऊ पहुंच जाएंगी।

## मुंबई हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखायेंगे तेंदुलकर, भाग लेंगे 20,000 प्रतिभागी



**मुंबई**-महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर रविवार को यहां होने वाली मुंबई हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखाकर शुरू करेंगे जिसमें 6,000 से ज्यादा महिलाओं सहित करीब 20,000 प्रतिभागियों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। तेंदुलकर यहां बांद्रा कुर्ला परिसर में सुबह पांच बजे मैराथन की मुख्य रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसकी 10के रेस में सबसे ज्यादा 8,000 से अधिक पंजीकरण हुए हैं जबकि 21के (21 किमी) हाफ मैराथन में 4,000 धावक उतरेंगे जिसमें महाराष्ट्र के अलावा अन्य एलीट एथलीट शिरकत करेंगे। वहीं 5के रेस में 5,000 धावक और 3के रेस में 3,000 से ज्यादा प्रतिभागी होंगे। रेस में भारतीय नौसेना के भी 1,500 धावक हिस्सा लेंगे जबकि आयोजकों ने बताया कि इस साल महिला प्रतिभागियों की संख्या में 31 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। तेंदुलकर ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'हमारा लक्ष्य दौड़ने को फिटनेस के एक साधन के रूप में बढ़ावा देना है और इस दृष्टिकोण को जीवन में लाना है। इस साल मुंबई हाफ मैराथन के लिए पंजीकरण में उल्लेखनीय वृद्धि देखना

# नीरज सर्वश्रेष्ठ 89.49 मीटर थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर

### फाइनल के लिए क्वालीफाई किया




**लुसाने, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता नीरज चोपड़ा गुरुवार को लुसाने डायमंड लीग में अपने छठे और अंतिम थ्रो में 89.49 मीटर की दूरी तय करके दूसरे स्थान पर रहे। ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स ने अपने 90.61 मीटर के अंतिम थ्रो के साथ और जर्मनी के जूलियन वेबर ने 88.37 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ क्रमशः पहला और तीसरा स्थान हासिल किया। यह चोपड़ा का इस सीज़न का सर्वश्रेष्ठ और अब तक का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो था। पेरिस में उन्होंने 89.45 मीटर की दूरी तय की। चोपड़ा थ्रो के चौथे राउंड के अंत तक चौथे स्थान पर थे, और वह अपने पांचवें थ्रो में 85.58 मीटर की थ्रो के साथ शीर्ष तीन में पहुंच गए और अगले महीने ब्रुसेल्स में होने वाले डायमंड लीग 2024 के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया।

चौथा स्थान यूक्रेन के अर्तुर फेलनर ने हासिल किया, जिनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 83.38 मीटर था। इससे पहले पेरिस ओलंपिक में, हालांकि चोपड़ा स्वर्ण नहीं जीत सके, फिर भी उन्होंने भारत के लिए इतिहास रचा, पहलवान सुशील कुमार के बाद ओलंपिक में लगातार पदक जीतने वाले दूसरे पुरुष और कुल मिलाकर तीसरे खिलाड़ी बने, सुशील ने 2008 और 2012 के ओलंपिक खेल कांस्य और रजत पदक जीता। पी.वी. सिंधु लगातार ओलंपिक में पदक जीतने वाली अन्य भारतीय हैं, 2016 में रियो में रजत और टोक्यो 2020 में कांस्य पदक। पेरिस में, चोपड़ा ने 89.45 मीटर तक भाला फेंका, जो 87.58 मीटर में स्पष्ट सुधार था जिसने उन्हें टोक्यो में स्वर्ण पदक दिलाया, लेकिन यह मौजूदा विश्व चैंपियन और डायमंड लीग फाइनल विजेता पाकिस्तान के अरशद नदीम के लिए पर्याप्त साबित नहीं हुआ, जो उनके अच्छे दोस्त हैं । नदीम ने 92.97 मीटर के विशाल थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीतने का ओलंपिक रिकॉर्ड बनाकर उन्हें पीछे छोड़ दिया।



### अंडर-17 विश्व चैंपियनशिप

# अदिति, नेहा, पुलकित और मानसी विश्व चैंपियन बनीं, जीते स्वर्ण पदक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत को इस चैंपियनशिप में और पदक मिल सकते हैं। राज बाला (40 किग्रा) कांस्य पदक के प्लेऑफ में खेलेंगे जबकि मुस्कान (53 किग्रा) और रंजिता (61 किग्रा) के पास भी रेपचेज राउंड के जरिए कांस्य पदक जीतने का मौका है। भारतीय महिला पहलवान अदिति कुमारी (43 किग्रा), नेहा (57 किग्रा), पुलकित (65 किग्रा) और मानसी लाठेर (73 किग्रा) गुरुवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतिष्ठित कैडेट्स टूर्नामेंट के अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अंडर-17 की विश्व चैंपियन बन गईं। इसके अलावा काजल (69 किग्रा) और श्रुतिका शिवाजी पाटिल (46 किग्रा) ने भी फाइनल में जगह बनाकर अपने पदक किए। उनके फाइनल मैच शुक्रवार को होंगे।

### अदिति और नेहा ने जीते पदक

भारत को इस चैंपियनशिप में और पदक मिल सकते हैं। राज बाला (40 किग्रा) कांस्य पदक के प्लेऑफ में खेलेंगे जबकि मुस्कान (53 किग्रा) और रंजिता (61 किग्रा) के पास भी रेपचेज राउंड के जरिए कांस्य पदक जीतने का मौका है। 49 किग्रा वर्ग में पहलवान नहीं उतारने के बावजूद भारत की महिला टीम ट्रॉफी जीतना अब तय माना जा रहा है। अदिति ने यूनान की मारिया लौइजा गिकिका को खिताबी मुकाबले में 7-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं, नेहा ने फाइनल में जापान की सो सुतसुई को पछाड़ दिया। नेहा ने स्वर्ण पदक के मुकाबले में अपनी प्रतिद्वंद्वी को कोई मौका नहीं दिया।

### पुलकित और मानसी ने भी जीता स्वर्ण

पुलकित ने तटस्थ एथलीट के रूप में प्रतिस्पर्धा कर रही डारिया फ्रोलोवा पर 6-3 से जीत हासिल की। वह 5-0 से आगे चल रही थीं, लेकिन मुकाबले के अंत में उन्होंने 'पुशआउट प्वाइंट' और सावधानी बरती जिससे फ्रोलोवा को तीन अंक हासिल करने का मौका मिल गया। फ्रोलोवा ने जीत हासिल करने के लिए काफी प्रयास किया, लेकिन पुलकित ने अंतिम 20 सेकंड में अच्छा बचाव करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। मानसी ने फाइनल में हन्ना पिरस्काया को 5-0 से हराया। इससे पहले भारत ने ग्रीको रोमन शैली में दो कांस्य पदक भी जीते थे जिसमें रौनक दहिया और साईनाथ शामिल थे।

# शीर्ष पैदल चाल एथलीट भावना पर लगा 16 महीने का प्रतिबंध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिलाओं की 20 किमी पैदल चाल की पूर्व राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी भावना को पिछले साल अगस्त में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने अस्थायी रूप से निलंबित किया था और उन्हें बुडापेस्ट से वापस बुला लिया गया था जहां वह 2023 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए पहुंची थीं।भारत की शीर्ष पैदल चाल एथलीट भावना जाट मुश्किलों में घिरती नजर आ रही हैं और उन पर नाडा के डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक (एडीडीपी) पैनल ने 16 महीने का प्रतिबंध लगाया है। जानकारी के मुताबिक, भावना पर प्रतिबंध पिछले साल अगस्त में ठिकाने की जानकारी नहीं देने के लिए लगाया गया है। हालांकि उनका 16 महीने के प्रतिबंध का समय अस्थायी निलंबन की तारीख 10 अगस्त 2023 से शुरू हुआ। इस प्रकार उनका प्रतिबंध इस साल 10 दिसंबर को समाप्त हो जाएगा। महिलाओं की 20 किमी पैदल चाल की पूर्व राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी भावना को पिछले साल अगस्त में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने अस्थायी रूप से निलंबित किया था और उन्हें बुडापेस्ट से वापस बुला लिया गया था जहां वह 2023 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए पहुंची थीं।




# शाकिब अल हसन और शेख हसीना पर लगा मिल मजदूर की हत्या का आरोप

### भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलने पर बना सस्पेंस

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन पर एक कपड़ा फैक्ट्री कर्मचारी की हत्या में कथित रूप से शामिल होने का आरोप लगाया गया है। क्रिकेटर के खिलाफ दर्ज की गई शिकायत की जानकारी तब सामने आई है जब बांग्लादेश की टीम पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेल रही है और इसमें शाकिब भी हिस्सा ले रहे हैं। कथित तौर पर शाकिब अल हसन के अलावा बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना पर भी हत्या का आरोप लगाया गया है जो कुछ दिनों पहले बांग्लादेश छोड़कर चली गई थीं।




**शाकिब पर लगा हत्या का आरोप** - बांग्लादेशी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ये केस पीड़ित के पिता के द्वारा दर्ज कराई गई थी। आपको बता दें कि शाकिब अल हसन आवामी लीग पार्टी के सांसद हैं। बांग्लादेश में आई राजनीतिक संकट के बाद आवामी लीग पार्टी की सरकार को भंग कर दिया गया था और इसके बाद पूर्व प्रधामंत्री शेख हसीना को देश छोड़कर भारत में शरण लेना पड़ा था। इस हत्या के केस में शाकिब अल हसन, शेख हसीन के अलावा अन्य आरोपियों में ओबैदुल कादर और 154 अन्य शामिल हैं साथ ही 400-500 अज्ञात लोग भी इसमें आरोपी हैं। केस स्टेटमेंट के मुताबिक 5 अगस्त को रूबेल ने (जिसकी हत्या हुई) अडाबोर में रिंग रोड पर एक विरोध रैली में हिस्सा लिया था। रैली के दौरान किसी ने कथित तौर पर एक सुनियोजित साजिश के तहत भीड़ पर गोलियां चलाईं। इस दौरान रूबेल को सीने और पेट में गोली लगी और उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरी तरफ बांग्लादेश क्रिकेट टीम को सितंबर में भारत के दौरान पर आना है, लेकिन हत्या का केस दर्ज होने के बाद शाकिब इस दौरे के लिए उपलब्ध होंगे या नहीं ये बड़ा सवाल है। शाकिब अल हसन इस महीने की शुरुआत में कनाडा में जीटी20 में हिस्सा लेने के बाद सीधे पाकिस्तान में टेस्ट सीरीज खेलने चले गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक शाकिब अल हसन को अंतरिम सरकार के द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में हिस्सा लेने की अनुमति दी गई थी और वो इस वक्त 2 मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रहे हैं।

# 6 दिन का होगा न्यूजीलैंड और श्रीलंका का पहला टेस्ट मैच

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में टेस्ट क्रिकेट पांच दिन का होता है। सालों से यह फॉर्मेट इसी तरह खेला जाता है। हालांकि श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच होने गाले स्टेडियम होने वाला टेस्ट मैच पांच वहीं बल्कि छह दिन का होगा। इस मैच के बीच एक दिन रेस्ट डे दिया गया है। पहले भी कई बार अलग-अलग वजहों से मैच के बीच रेस्ट डे रखा गया है। श्रीलंका और न्यूजीलैंड बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जानी है। सीरीज का पहला मैच 18 सितंबर से शुरू होगा। यह मैच 18 से 22 सितंबर तक चला था। हालांकि यह मैच 23 सितंबर तक चलेगा। 21 सितंबर को रेस्ट डे



रखा गया है। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने प्रेस रिलीज जारी करते हुए इसकी वजह बताई। रिलीज में लिखा गया, 'पहले टेस्ट मैच के दौरान रेस्ट डे रखा गया है। सोशलिस्ट रिपब्लिक ऑफ श्रीलंका में राष्ट्पति के चुनावों के कारण यह फैसला किया गया है।'

### पैरालंपिक 2024

# बहुत मोटिवेशनल है लैंडमाइन धमाके में जिंदा बचे नारायण और ट्रेन दुर्घटना में पैर गंवाने वाली अनीता की कहानी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हर पैरा-एथलीट की कहानी में शारीरिक और मानसिक चुनौतियां, सामाजिक मान्यता मिलने की लड़ाई और अविश्वसनीय बाधाओं पर विजय पाना शामिल होता है। लैंडमाइन ब्लास्ट (बारूदी सुरंग धमाके) से बचे नारायण कोंगनापल्ले और रेल दुर्घटना में पैर गंवाने वाली अनीता की कहानी भी बहुत मोटिवेशनल (प्रेरणादायी) है, खासकर उन लोगों के लिए जो शारीरिक कमी को अपनी लाचारी मान लेते हैं। नारायण कोंगनापल्ले और अनीता 2024 पेरिस पैरालंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। नारायण और अनीता पेरिस में पैरा-रोइंग में क्क्र३ मिक्स्ड डबल स्कल्स में हिस्सा लेंगे। यह पहली बार होगा जब भारत पैरालंपिक में नए बोट क्लास (रोइंग) में हिस्सा लेगा।




**दो साल पहले एक-दूसरे से मिले नारायण और अनीता** - आंध्र प्रदेश के रहने वाले नारायण 2018 से प्रतिस्पर्धी रोइंग में हैं, लेकिन अनीता के साथ उनकी साझेदारी 2022 में ही शुरू हुई, जब उन्हें 2023 एशियाई खेलों और 2024 पैरालंपिक के कार्यक्रम के कारण महिला टीममेट की तलाश करनी पड़ी, क्योंकि वहां क्क्र३ पुरुष युगल स्पर्धा को शामिल नहीं किया गया था, लेकिन क्क्र३ मिक्स्ड डबल्स को जगह दी गई थी। क्क्र३ उन रोवर्स की श्रेणी है, जो रोइंग के लिए अपने पैर, धड़ और हाथ के साथ-साथ स्लाइडिंग सीट का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कबीर फारूकी की स्पेशलटास्क फोर्स के साथ वापसी

**मुंबई, एजेंसी।** इस शो में बहादुरी, धोखा, लालच, प्यार और बदले की कहानियाँऐक्शन से भरपूर होंगी। इस बार कबीर और स्पेशलटास्क ग्रुप (एसटीजी) के सामने एक नया खतरा है, क्योंकिएआई-दमिश्क नाम का एक नौजवान बदला लेने के लिये कश्मीर आया है। क्याएसटीजीकश्मीर के आम लोगों को बचा पाएगा अप्लॉज़ एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित 'तनाव' इजराइल के 'फौदा' का ऑफिशियलरिमेक है। अवि इसाचारोफ और लियोरऱैज़ द्वारा निर्मित और यसस्टूडियोज द्वारा वितरित इस शो का निर्देशन पुरस्कार-विजेता सुधीर मिश्रा और ई. निवास ने किया है। इस शो के बेहतरीन कलाकारों में मानव विज, गौरव अरोड़ा, अरबाज़ खान, सत्यदीपमिसरा, रजत कपूर, सुखमणिसदाना, साहिबा बाली, अर्सलानगोनी, अमित गौड़, एकता कौल और वालुस्चाडिसूजा शामिल हैं। 'तनाव 2' को देखना वाकई यादगार होगा।

### मुरली शर्मा ने अपने प्यार नंदिनी सिन्हा के लिये एक खूबसूरत कविता लिखी

**मुंबई, एजेंसी।** सोनी लिव की नई पेशकश 'पहला प्यार -1 प्रतिशत चांस' के सेट पर प्यार परवान चढ़ रहा है! यह शो पहले प्यार की रोलरकोस्टर राइड है। इसमें दिखाई गई मासूमियत और जज्बातों ने दर्शकों को आहें भरने पर मजबूर कर दिया है। नये एपिसोड में टैलेंटेड एक्टर कृष राव द्वारा अभिनीत मुरली शर्मा को नंदिनी के लिये अपनी भावनाओं से जूझते और नये स्कूल के मुताबिक ढलते हुए देखा जा सकता है। नंदिनीके साथ एक नाटक में भाग लेते हुए, मुरली उसके लिये एक खूबसूरत कविता लिखता है। लेकिन इसमें एक ट्विस्ट है! स्क्रिप्ट से कुछ हटकर काम करते हुए, कृष भी भावुक हो गये और उनके भीतर का कवि जाग गया। मुरली की सोच में डूबकर उन्होंने भी एक छंद लिख डाला। दिल से लिखी उनकी पंक्तियाँ सेट पर गूंजने लगीं और उनके साथी कलाकारों तथा क्रू ने जमकर तालियाँ बजाईं। खासकर यह अरिस्ता को बहुत पसंद आया। नये एपिसोड के बारे में, कृष राव ने कहा, ''एक सीन में मुझे नंदिनी के लिये कविता लिखनी थी। चूंकि मुरली के जज्बात नंदिनी के लिये गहरे हैं, इसलिये मुझे लगा कि अगर यह कविता दिल से निकले, तो बात ही अलग होगी। मैं खुद कविता लिखने बैठ गया और जब मैंने उसे सेट पर पढ़ा, तब हर किसी को वह पसंद आई, खासकर अरिस्ता को! दर्शक हमारे जरिये अपने स्कूल के दिनों को याद कर रहे हैं और जबर्दस्त रिस्पॉन्स दे रहे हैं!

### छत्तीसगढ़ में आदिवासी युवती से हुआ गैंग रेप, फरार आरोपी की ओडिशा में लाश बरामद

**रायगढ़, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले मे आदिवासी युवती का गैंग रेप करने वाले आरोपियों में से एक फरार शख्स की लाश बरामद हुई है। पुलिस को उसकी लाश पड़ोसी राज्य ओडिशा में बरामद हुई है। बताया जा रहा है कि वो अपने मामा के घर में छुपा हुआ था। करंट लगने से उसकी मौत हो गई है। रायगढ़ के पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला ने बताया कि फरार आरोपी की मौत हो गई है। वह अब तक ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले में रेंगाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत सराईपाली गांव स्थित अपने मामा के घर में छुपा था। उन्होंने बताया कि उसकी मौत जंगली जानवरों से फसल की सुरक्षा के लिए बिछाए गए करंट प्रवाहित बिजली के तार की चपेट में आने से हो गई है। फिलहाल रेंगाली पुलिस मौके पर पहुंच गई है और तार बिछाने वाले के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। साथ ही आरोपी की लाश को अस्पातल में पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला ने बताया कि सामूहिक बलात्कार के इस मामले में कुल आठ आरोपी थे। इसमें से 15 साल के एक नाबालिग समेत सात लोगों को पकड़ लिया गया है। आठवां फरार आरोपी संजय यादव (18) पुलिस से बचने के लिये ओडिशा चला गया था। शुक्ला ने बताया कि सामूहिक बलात्कार के इस मामले मे पीड़िता (27) के बयान के बाद आठ आरोपियों में से सात को पकड़ा जा चुका है तथा एक की मौत हो गई है। गिरफ्तार लोगों मे राहुल चौहान (19), मोनू साहू (23), राहुल खड़िया (19), उत्तम मिर्धा (20), नरेन्द्र सिदार (23)और बबलु डहरिया (19) को कल न्यायिक रिमांड मे जेल भेजा गया है।

# कांग्रेस का आरोप, भाजपा नेताओं की मिलीभगत से गुजरात में चल रहा नशीली दवाओं का कारोबार



**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात में कांग्रेस विधायक दल के नेता अमित चावड़ा ने गुरुवार को आरोप लगाया कि सत्ताधारी भाजपा नेताओं की मिलीभगत से राज्य में नशीली दवाओं का कारोबार चल रहा है, और प्रतिबंध के बावजूद यहां शराब पानी से ज्यादा उपलब्ध है।

विधानसभा के मॉनसून सत्र के दूसरे दिन गुरुवार को कांग्रेस विधायकों के निलंबन के बाद उन्होंने मीडिया से बात करते हुए यह बात कही। विधानसभा अध्यक्ष शंकर चौधरी ने सदन से वॉकआउट करने के बाद 11 कांग्रेस विधायकों को एक दिन के लिए निलंबित कर दिया। अमित चावड़ा ने आरोप लगाया कि सरकार नहीं चाहती थी कि सदन में गुजरात शराबबंदी कानून पर चर्चा हो, इसलिए स्पीकर ने कांग्रेस विधायकों निलंबित कर दिया।

उन्होंने कहा, गुरुवार को विधानसभा में शराबबंदी कानून पर चर्चा होनी थी। गुजरात में शराबबंदी के बावजूद पीने के पानी से ज्यादा शराब उपलब्ध है। हर जगह खुलेआम ड्रग्स बिक रही है। गुजरात के अंदर कई दवा कंपनियों की आड़ में ड्रग्स का निर्माण हो रहा है। ड्रग तस्कर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ देखे जा रहे हैं। भाजपा के लोगों की मिलीभगत से पूरे गुजरात में ड्रग्स का कारोबार चल रहा है। उन्होंने कहा कि ये लोग विधानसभा में इन मुद्दों पर कोई चर्चा नहीं होने देते, क्योंकि इससे भाजपा सरकार की पोल खुल जाएगी। इसलिए, आज कांग्रेस विधायकों को बहुमत के बल पर विधानसभा से निलंबित किया गया है ताकि उनका भ्रष्टाचार उजागर न हो। सरकार के प्रवक्ता और गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल ने विपक्ष के आरोपों को नकार दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने दाहोद की घटना को लेकर सदन में नियमों के खिलाफ आचरण किया और प्लेकार्ड लेकर आए। इसलिए उनके खिलाफ कार्रवाई की गई।

गुजरात विधानसभा के स्पीकर ने आज मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के 11 विधायकों को सदन से वॉकआउट करने के बाद एक दिन के लिए निलंबित कर दिया। तीन दिवसीय मानसून सत्र के दूसरे दिन विपक्षी पार्टी के ये विधायक अल्प सूचना पर कुछ सवाल पूछना चाहते थे, लेकिन स्पीकर शंकर चौधरी ने उनकी मांग खारिज कर दी।

## एबीवीपी को पसंद नहीं आया लेफ्ट समूह पर बैन, यूनिवर्सिटी के खिलाफ खोला मोर्चा




**नईदिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबद्ध अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान में अपने वैचारिक प्रतिद्वंद्वी प्रोग्रेसिव स्टूडेंट्स फोरम के पक्ष में आवाज उठाई और कहा कि वामपंथी संगठन पीएसएफ को प्रतिबंधित करने का संस्थान का फैसला तर्कहीन है। एबीवीपी ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक गतिविधियों का गढ़ होना चाहिए। एबीवीपी ने गुरुवार को कहा कि छात्र समूह पीएसएफ पर अचानक और तर्कहीन प्रतिबंध लगाने से ऐसे संगठनों में काफी अशांति पैदा होने का खतरा है। एबीवीपी ने कहा कि इस तरह के कदम से भविष्य में होने वाले छात्र परिषद चुनावों की शुचिता पर गंभीर असर पड़ सकता है, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया की आधारशिला हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अधीन आने वाले प्रमुख संस्थान टीआईएसएस ने पीएसएफ पर 19 अगस्त को प्रतिबंध लगाते हुए कहा था कि यह संगठन ऐसी गतिविधियों में शामिल रहा है जो संस्थान के कामकाज में बाधा डालती हैं और इसकी छवि खराब करती हैं। एबीवीपी ने कहा कि उसका दृढ़ता से यह मानना है कि शैक्षणिक संस्थानों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक गतिविधियों का गढ़ होना चाहिए।

उसने कहा कि छात्र समुदाय के विविध विचारों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न छात्र संगठनों की उपस्थिति आवश्यक है। एबीवीपी की सचिव निधि गाला ने कहा, टीआईएसएस में छात्र संगठनों पर अचानक और अनुचित प्रतिबंध इन सिद्धांतों पर सीधा हमला है। टीआईएसएस के दक्षिणपंथी छात्र संगठन डेमोक्रेटिक सेक्युलर स्टूडेंट्स फोरम (डीएसएसएफ) ने भी कहा कि परिसर में संगठनों पर प्रतिबंध लगाना उस मूल पर प्रहार करना है जो इस प्रमुख संस्थान को अग्रणी शिक्षण संस्थान बनाता है।

## हिमंत बिस्वा सरमा मुसलमानों के खिलाफ बेतुकी बयानबाजी करते हैं : ऑल इंडिया मुस्लिम जमात



**बरेली, एजेंसी।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने असम में मुस्लिम निकाह काजियों के पंजीकरण न होने पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा मुसलमानों के खिलाफ बेतुकी बयानबाजी करते हैं और कानून बनाने की बात करते हैं। इससे पूरे देश के मुसलमान तनाव से गुजर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि असम के मुख्यमंत्री हर नए दिन मुसलमानों के खिलाफ दुष्प्रचार करते हैं। वह असम विधानसभा में एक विधेयक लाने की बात कर रहे हैं और एक नया कानून बनाने का प्रावधान किया है। इस कानून के माध्यम से वह इस्लामी रीति-रिवाजों के अनुसार निकाह की मान्यता रद्द करने और इसे सरकार द्वारा पंजीकृत करने का प्रावधान ला रहे हैं।

उन्होंने कहा, सीएम की मंशा है कि जो भी इस्लामी रीति रिवाज है उसे खत्म कर दिया जाए और इस बहाने मुसलमानों को परेशान किया जाए। इस देश में हिंदुत्ववादी दृष्टिकोण रखने वाले मुख्यमंत्री और राजनीति का दुरुपयोग करने वालों की सत्ता ज्यादा दिन नहीं चलती।

उल्लेखनीय है कि असम में मुसलमानों की शादी और तलाक को लेकर जल्द ही बहुत कुछ बदलने वाला है। असम की भाजपा सरकार विधानसभा में एक विधेयक पेश करने की तैयारी में है। इस विधेयक के आने से मुस्लिम शादियों का पंजीकरण काजी नहीं बल्कि सरकार के समक्ष होगा।

मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की सरकार मुस्लिम लोगों के विवाह और तलाक के अनिवार्य सरकारी पंजीकरण के लिए विधानसभा के आगामी सत्र में यह विधेयक पेश करेगी। सरमा ने कैबिनेट बैठक के बाद मीडिया को बताया कि सरकार आगामी सत्र के दौरान असम अनिवार्य मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण विधेयक, 2024 पेश करेगी। यह सत्र आज से शुरू हो गया है।

## ओपीएस पर सरकारी कर्मचारियों से बात करेंगे पीएम मोदी

**नईदिल्ली , एजेंसी।** केंद्र और राज्य सरकारों के कर्मचारी लगातार कई वर्षों से पुराने पेंशन स्कीम को फिर से बहाल करने की मांग कर रहे हैं। इसको लेकर कई बार आंदोलन भी हो चुके हैं। विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने कई चुनावों में इसका वादा कर्मचारियों से किया है। इस बीच बीते 10 वर्षों में पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्र सरकार के कर्मचारियों और कार्मिक मंत्रालय के राष्ट्रीय स्तर के संयुक्त परामर्श तंत्र (जेसीएम) में कर्मचारी प्रतिनिधियों से मिलेंगे। इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा करेंगे। कार्मिक मंत्रालय ने जेसीएम सचिव शिव गोपाल मिश्रा और जेसीएम के कर्मचारी पक्ष के अन्य सदस्यों को शनिवार को प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास पर पीएम से मिलने के लिए निमंत्रण भेजा गया है। बैठक में पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने का मुद्दा उठने की संभावना है। शिव गोपाल मिश्रा ने अंग्रेजी अखबार द हिंदू को बताया कि कर्मचारी प्रतिनिधियों ने पीएम मोदी से मुलाकात की मांग की थी।

## 2 साल में 2 लाख युवाओं को नौकरी देगी सरकार, सीएम योगी का बड़ा ऐलान



**मुजफ्फरनगर , एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पुलिस भर्ती में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नौजवानों की योग्यता और परीक्षा से खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। यदि किसी ने ऐसा करने की कोशिश की तो उसकी संपत्ति कुर्क कर गरीबों में बांट दी जाएगी। ऐसे लोगों की संपत्ति पर बुलडोजर भी चलेगा। मुजफ्फरनगर में वृहद रोजगार मेले में मुख्यमंत्री ने कहा कि दो वर्षों में दो लाख युवाओं को नौकरी दी जाएगी। 60 हजार पुलिस भर्ती से इसकी शुरुआत हो रही है।

**महिला अपराधों पर लगाएं शत-प्रतिशत अंकुश :** गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने एक दिवसीय दौरे पर सहारनपुर और मुजफ्फरनगर में थे। सुबह सहारनपुर पहुंचे मुख्यमंत्री ने सबसे पहले पुलिस लाइन में जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों संग बैठक की फिर सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। अफसरों को महिला अपराधों पर शत-प्रतिशत अंकुश लगाने और कठोर सजा दिलाने के आदेश दिए।

**हम कर रहे विकास, वो दे रहे नवाब ब्रांडः** मुजफ्फरनगर के जानसठ क्षेत्र स्थित बीईटी परिसर में रोजगार मेले को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोग देश को तोड़ने और बांटने की साजिश रच रहे हैं, जिसे किसी कीमत पर पूरा नहीं होने दिया जाएगा। सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज कसा कि भारत दुनिया की ताकत बन रहा है, जबकि अखिलेश यादव प्रदेश को नवाब ब्रांड दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने 157.78 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास और 158.14 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण किया।

## बोत्सवाना की खदान में मिला दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा 3106 कैरेट का हीरा

### 119 साल पहले दुनिया का सबसे बड़ा डायमंड खोजा गया था

**बोत्सवाना, एजेंसी।** अफ्रीकी देश बोत्सवाना में कनाडाई खनन कंपनी को बड़ी सफलता मिली है। उसने दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा डायमंड खोज निकाला है। यह हीरा 2492 कैरेट का बताया जा रहा है। बता दें कि कंपनी के अधिकारी इस खोज के बाद काफी खुश है। 119 साल पहले दुनिया का सबसे बड़ा डायमंड खोजा गया था। वह 3041 कैरेट का था। एक सदी से ज्यादा वर्षों के बाद यह सफलता मिली है। बोत्सवाना की खदानों में लुकारा डायमंड कॉर्प ने 2,492 कैरेट का हीरा खोजा है। इसे विश्व का दूसरा सबसे बड़ा हीरा बताया जा रहा है। यह दावा खनन कंपनी ने खुद किया है। लुकारा डायमंड कॉर्प ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि हीरे की खोज एक्स-रे तकनीक का उपयोग करके उत्तरपूर्वी बोत्सवाना के कारोवे डायमंड खदान में की गई। लुकारा ने इस खोज के बाद अभी हालांकि डायमंड की कीमत का खुलासा नहीं किया है और न ही डायमंड की गुणवत्ता के बारे में कोई जानकारी साझा की है। अगर दुनिया के सबसे बड़े डायमंड की बात की जाए तो 1905 में दक्षिण अफ्रीका में ही 3016 कैरेट के कलिनन हीरे की खोज की गई थी। लुकारा के अध्यक्ष विलियम लैम्ब ने बयान में कहा, हम इस असाधारण 2492 कैरेट के हीरे की बरामदगी से बहुत खुश हैं। कंपनी द्वारा जारी की गई तस्वीरों से पता चलता है कि हीरा हाथ की हथेली जितना बड़ा है। उधर, बोत्सवाना के राष्ट्रपति मोकगवीत्सी मासीसी को गुरुवार को यह विशाल हीरा दिखाया गया। उनकी सरकार ने कहा कि यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा डायमंड है। वे खुश हैं कि उनके देश में यह खोज हुई है। बता दें कि बोत्सवाना दुनिया के सबसे बड़े हीरा उत्पादकों में से एक है और यही इस देश की आय का मुख्य स्रोत है।

## ब्रिटिश यूट्यूबर को भारतीयों का मजाक उड़ाना पड़ा महंगा, परमाणु हमले की धमकी देने पर घिरे; हटानी पड़ी पोस्ट



**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटिश यूट्यूबर माइल्स रूटलेज एक बार फिर चर्चाओं में है। उसने सोशल मीडिया मंच एक्स पर भारतीयों का मजाक बनाते हुए एक के बाद एक कई नस्लवादी टिप्पणियां की हैं। इतना ही नहीं भारत का मजाक बनाते हुए उसने देश पर परमाणु बम गिराने की बात तक कह दी। इससे सोशल मीडिया यूजर्स का गुस्सा भड़क गया है। लोगों ने नस्लवादी टिप्पणियों के लिए माइल्स की कड़ी आलोचना की। इस पर यूट्यूबर ने अपने पोस्ट हटा लिए।

**भारत पर गिरा दूंगा परमाणु बमः** रूटलेज ने अपने वीडियो में भारतीयों के बात करने के तरीके का भी मजाक उड़ाया। उसने एक अलग ट्वीट में भारत का मजाक बनाते हुए परमाणु हथियार लॉन्च करने की धमकी दी। उसने कहा, जब मैं इंग्लैंड का प्रधानमंत्री बनूंगा तो मैं ब्रिटिश हितों और मामलों में हस्तक्षेप करने वाली किसी भी विदेशी शक्ति को स्पष्ट चेतावनी के रूप में परमाणु साइलो खोलूंगा। मैं बड़ी घटनाओं के बारे में बात नहीं कर रहा हूं। मैं छोटे से छोटे उल्लंघन पर पूरे देश पर परमाणु हमला कर दूंगा। इसके थोड़ी देर बाद उसने इसी पोस्ट पर एक और कमेंट लिखा, अरे, मैं इसे सिर्फ भारत के लिए ही न्यूक्लियर लॉन्च कर सकता हूं।

**सोशल मीडिया पर भड़का लोगों का गुस्सा, तो यूट्यूबर ने की बदतमीजी:** इस बार ब्रिटिश यूट्यूबर ने ना सिर्फ भारतीयों पर नस्लवादी टिप्पणी की बल्कि इसके खिलाफ बोलने वाले लोगों का भी मजाक बनाया। माइल्स अपनी टिप्पणी पर खेद जताने की जगह उनसे सवाल पूछने वालों के लिए भी खराब भाषा का इस्तेमाल किया। एक यूजर ने यूट्यूबर पर नफरत फैलाने का आरोप लगाया तो इस पर उसने जवाब देते हुए कहा, मानो या न मानो लेकिन मुझे भारत बिल्कुल पसंद नहीं है। मैं बिना नाम की आईडी के पीछे छुपे भारतीय को भी पहचान रहा हूं। अगर कोई ऑनलाइन आकर आपसे बदतमीजी करता है तो वह भारतीय होता है। ऐसे में मैं भारतीयों को नापसंद करता हूं।

**तुम मुझे नहीं ढूंढ पाओगेः** माइल्स ने मंगलवार को सोशल मीडिया यूजर्स का ध्यान तब खींचा, जब उन्होंने एक स्क्रीनशॉट साझा करके भारतीयों के खिलाफ नस्लवादी पोस्ट करना शुरू कर दिया।

पाकिस्तान की एक और शर्मनाक हरकत

# शहबाज से मिलने पहुंचीं जर्मन मंत्री को रोका, कहा- बैग की कराएं जांच



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** आर्थिक तंगहाली से जूझ रहा पाकिस्तान अपनी नापाक हरकत दिखाने से कभी पीछे नहीं रहता है। लगातार अपनी नीतियों की वजह से वैश्विक स्तर पर तमाम आलोचनाएं झेल रहे देश को अतिथियों का सम्मान भी नहीं करना आता है। दरअसल, पाकिस्तान में गुरुवार को जर्मनी की एक मंत्री का अपमान किया गया। वह पीएम शहबाज शरीफ से मिलने के लिए उनके आवास के प्रवेश द्वार पर पहुंची थीं, तभी वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उनका हैंडबैग मांग लिया। इस पूरी घटना का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है। लोग पाकिस्तान की जमकर आलोचना कर रहे हैं।

**क्या है मामला?:** जर्मनी की संघीय विकास मंत्री स्वेंजा शुल्जे गुरुवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात के लिए पहुंचीं थीं। इसी दौरान उनके साथ एक अप्रत्याशित घटना घट गई। दरअसल, प्रधानमंत्री आवास के प्रवेश द्वार पर सुरक्षा कर्मचारियों ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए शुल्जे से उनका हैंडबैग जांच के लिए सौंपने को कहा। इतना ही नहीं उनसे कहा गया कि वह बैग छोड़कर पीएम से मिलने जाएं। इस पर शुल्जे ने बैग देने से इनकार कर दिया और पीछे मुड़कर अपनी कार की ओर जाने लगीं। हालांकि, एक बड़ी राजनयिक बैठक रद्द होते देख सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें अपना हैंडबैग साथ ले जाने की अनुमति दे दी।

**सोशल मीडिया पर सुना रहे लोग खरी-खोटी:** सोशल मीडिया पर इसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिस पर यूजर्स अलग-अलग अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं। लोग पाकिस्तान के विदेशी गणमान्य व्यक्तियों के प्रति मेहमाननवाजी पर सवाल उठाने लगे हैं। शुल्ज़े के साथ हुए इस व्यवहार पर लोगों ने अपनी नाराजगी जताई और आलोचना की। कई लोगों ने कहा कि अगर शुल्जे ने वापस जाने का फैसला किया होता तो इससे पाकिस्तान के चल रहे आर्थिक वार्तालापों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता था।

एक सोशल मीडिया यूजर ने इस स्थिति का मजाक उड़ाते हुए कहा कि अगर शुल्जे लौट जातीं तो पाकिस्तान का भीख का कटोरा खाली रह जाता। वहीं, एक अन्य ने कहा कि उन्होंने अपनी ताकत और अधिकार का प्रदर्शन करने की कोशिश की, लेकिन शुल्जे ने उन्हें दिखा दिया कि वे उनके लिए अप्रासंगिक हैं। एक और शख्स ने कहा कि यह घटना उस राजनयिक दौरे पर एक धब्बा लगा चुकी है, जिसका उद्देश्य जर्मनी और पाकिस्तान के बीच सहयोग को मजबूत करना था। इसने पाकिस्तानी अधिकारियों द्वारा विदेशी गणमान्य व्यक्तियों के साथ व्यवहार पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129